स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बुधवार
17 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 3
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 295 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net



बॉल दिख ही नहीं रही थी, खराब रोशनी में हुआ सुपर ओवर? तिलक वर्मा ने अंपायरिंग को लेकर किया बड़ा खुलासा

# मोदी 16 महीने बाद ट्रम्प से मिले

## फ्रांस में जी7 समिट में साथ बैठे, 5 मिनट बात की, कल ट्रेड डील पर बात संभव



**एवियन।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 समिट के दौरान मुलाकात हुई। दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक बात चली। मीटिंग में दोनों एक-साथ बैठे नजर आए। यह मुलाकात 16 महीनों के बाद हुई है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति जी7 आउटरीच सेशन में भी साथ-साथ बैठे नजर आए। इससे पहले दोनों की आखिरी मुलाकात फरवरी 2025 में व्हाइट हाउस में हुई थी। दोनों नेता 17 जून की शाम 6:30 बजे ट्रेड डील पर चर्चा कर सकते हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जी-7 समिट के लिए मंगलवार दोपहर एवियन पहुंचने पर मोदी का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्वागत किया। जी-7 के देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान मोदी ट्रम्प, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से बातचीत करते दिखाई दिए। पार्टनर देश के तौर पर शिखर सम्मेलन में भारत की 13वीं मौजूदगी है। साथ ही यह 7वीं बार है जब प्रधानमंत्री इस ग्लोबल फोरम में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक मंच पर भारत का पक्ष रखने के लिए मंगलवार को फ्रांस के एवियन पहुंचे, जहां त्न7 शिखर सम्मेलन 2026 के भव्य आयोजन स्थल पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने उनका बेहद गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया।

# देश के प्रमुख ठिकानों पर ड्रोन अटैक की आशंका

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चेतावनी दी है कि सीमाओं पर मौजूद महत्वपूर्ण ठिकानों पर दुश्मन ड्रोन हमला कर सकता है। एक

- सरकार का एजेंसियों को अलर्ट
- एंटी ड्रोन सिस्टम की तैनाती शुरू

अंग्रेजी अखबार के मुताबिक जहाज और जलमार्ग मंत्रालय के समुद्री सुरक्षा विंग ने जमीन और समुद्री सीमाओं के पास मौजूद महत्वपूर्ण संपत्तियों और ठिकानों पर ड्रोन अटैक को लेकर अलर्ट जारी किया है। मंत्रालय के पत्र में लिखा है-हमें जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने होंगे, खासकर सीमा के पास बने अपने ठिकानों को खतरनाक ड्रोनों से बचाने के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाने होंगे। दुनिया के मौजूदा हालात को देखकर यह साफ है कि दुश्मन के ड्रोन हमारे जरूरी ठिकानों के कामकाज को ठप कर सकते हैं।

इस चेतावनी के बाद सुरक्षा एजेंसियां



देशभर के खास ठिकानों को सुरक्षित रखने के लिए एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने में जुट गई हैं। गृह मंत्रालय ने भी सीमा सुरक्षा बल के तहत एक खास कमेटी बनाई है। इस कमेटी का काम भारत के लिए सबसे अच्छे एंटी-ड्रोन सिस्टम को जांचना और पास करना है। सूत्रों ने बताया कि क्सस्न पाकिस्तान सीमा से सटे पंजाब के इलाकों में इन सिस्टमों को लगाने की तैयारी कर रही है, और इसके लिए बाकायदा ट्रायल भी शुरू हो चुके हैं।

इसके साथ ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने भी एक टीम बनाई है। इस टीम में रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ), इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), एयरपोर्ट अथॉरिटी (एएआई) और बीएसएफ के अधिकारी शामिल हैं, जो देश के महत्वपूर्ण ठिकानों का दौरा कर रहे हैं। इस टीम की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद ही तय होगा कि किस ठिकाने पर कौन सा एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया जाएगा। तमिलनाडु के थूथुकुडी में वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट मौजूद है। पोर्ट की सिक्योरिटी के लिए फरवरी 2026 में यहां एडवांस एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया गया। ऐसा सिस्टम अपनाने वाला यह देश का पहला पोर्ट है। इसके लिए बंदरगाह ने सरकारी कंपनी सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है।

# नीट री-एग्जाम तक भारत में टेलीग्राम पर रोक

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने नीट की दोबारा परीक्षा को लेकर भारत में टेलीग्राम मैसेजिंग एप के इस्तेमाल

- 21 को परीक्षा, 22 जून तक एप काम नहीं करेगा
- मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद

पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। एनटीए ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69 के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है। नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने एग्जाम के बाद भी टेलीग्राम को अपना मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम पर पहले से भेजे गए मैसेज 30 जून तक एडिट नहीं हो पाएंगे। एनटीए के मुताबिक कुछ लोग टेलीग्राम का इस्तेमाल परीक्षाओं में पेपर लीक होने के फर्जी सबूत बनाने के लिए करते रहे हैं।

# अब डॉक्टर पर्चे के बिना नहीं मिलेगा कफ सिरप

**नई दिल्ली।** देश में धड़ल्ले से बिक रहे कफ सिरप को लेकर अब केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

- सरकार सख्त, नए नियम लागू

मंत्रालय ने नई अधिसूचना जारी करते हुए साफ कर दिया है कि अब किसी भी तरह का सिरप, खासकर खांसी के सिरप, बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं बेचा जा सकेगा।

नए नियमों के तहत अब मेडिकल स्टोर से कफ सिरप खरीदने के लिए डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन दिखाना अनिवार्य होगा। बिना पर्चे के सिरप



बेचने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनका लाइसेंस रद्द करना भी शामिल है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रग्स (पांचवां संशोधन) नियम, 2026 के तहत शेड्यूल के में बदलाव किया है। इस संशोधन में सिरप शब्द को सूची से हटा दिया गया है, जिससे अब ये दवाएं ओवर द काउंटर (ओटीसी) कैटेगरी में नहीं रहेंगी। सरकार का यह फैसला कफ सिरप के दुरुपयोग, मिलावट और खासकर बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। हाल के दिनों में कफ सिरप से जुड़ी कई गंभीर घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें बच्चों की मौत के मामले भी शामिल हैं। इसी को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की थी। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी राज्यों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दवा निर्माण और बिक्री में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। देशभर में दवा फैक्ट्रियों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित फैक्ट्री का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। इस बैठक में 200 से अधिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हुए थे।

# भाजपा एमएलसी की यूनिवर्सिटी पर ईडी का छापा

**मेरठ।** मेरठ में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए निर्धारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में कथित फर्जीवाड़े और धन के दुरुपयोग के मामले में प्रवर्तन

- 13.83 करोड़ की संपत्ति कुर्क
- छात्रवृत्ति से जुड़ा मामला

निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने 13.83 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। मामले में मेरठ की एक निजी विश्वविद्यालय समेत उत्तराखंड की दो विश्वविद्यालय जांच के दायरे में हैं। यह मामला वर्ष 2011-12 से 2016-17 के बीच अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए जारी की गई छात्रवृत्ति राशि में कथित अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। जांच एजेंसियों के अनुसार पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत जारी धनराशि के वितरण में कथित रूप से फर्जीवाड़ा किया गया। आरोप है कि पात्र छात्रों के नाम पर छात्रवृत्ति राशि का गलत तरीके से लाभ उठाया गया और सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ। इसी मामले में आर्थिक अनियमितताओं की जांच के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की है। जांच के दौरान मेरठ स्थित एक निजी विश्वविद्यालय तथा उत्तराखंड की दो विश्वविद्यालयों का नाम सामने आया है।

# जयपुर में आरएसएस के लोगों ने हमला किया : दीपके

**नागपुर।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जयपुर में उन पर हुए हमले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी

- जो उनके खिलाफ, उसका यही अंजाम

आरएसएस के लोगों का हाथ था। अभी दीपके नागपुर में है। यहां 4 बजे संविधान चौक पर पार्टी का प्रदर्शन है। उन्होंने कहा- 'जब भी कोई सरकार या उसकी विचारधारा



के खिलाफ बोलता है, तो ऐसा ही होता है। इसमें कुछ नया नहीं है।' कल यानी 15 जून को कॉकरोच जनता पार्टी ने जयपुर में प्रदर्शन किया था। इस दौरान भीड़ में शामिल युवकों ने दीपके को थप्पड़ मारे थे। वहीं, सीजेपी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2 लाख फॉलोअर्स कम हो गए हैं। 16 जून को पार्टी के इंस्टाग्राम पर 2.25 करोड़ फॉलोअर्स हैं। 6 जून को दिल्ली में सीजेपी के पहले प्रदर्शन से पहले इंस्टाग्राम पर 2.21 करोड़ फॉलोअर्स थे। अगले दिन 7 जून को 24 घंटे के भीतर 2.27 करोड़ फॉलोअर्स हो गए थे।

कॉकरोच जनता पार्टी नीट पेपर लीक, नीट परीक्षा में गड़बड़ी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रही है।

# दिल्ली-मुंबई समेत 17 ठिकानों पर एक साथ छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यस बैंक घोटाले और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, मुंबई और खंडाला सहित 17 स्थानों पर एक साथ छापा मारा।

- यस बैंक घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई

अधिकारियों के अनुसार, यह छापेमारी सुरक्षा एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एसएआरसीएल), सुरक्षा रियल्टी लिमिटेड, ख्याति रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसरों के अलावा इनके प्रमोटरों, निदेशकों, कर्मचारियों तथा यस बैंक के एक पूर्व कर्मचारी के ठिकानों पर की गई। ईडी की जांच वित्त वर्ष 2016-17 से 2017-18 के दौरान मैकस्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड और अन्य कंपनियों के यस बैंक के ऋणों के कथित फर्जी हस्तांतरण से जुड़ी है। अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी अभियान का उद्देश्य उन सबूतों को जुटाना है जो मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों से जुड़े हैं। जांच एजेंसी को शक है कि कुछ एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (एआरसी) और यस बैंक के बीच मिलीभगत कर सर्कुलर लेनदेन किए गए, जिनके जरिए संकटग्रस्त परिसंपत्तियों पर कथित रूप से अनुचित तरीके से नियंत्रण हासिल किया गया।

# रिपोर्ट- 2030 तक एआई से 22 फीसदी नौकरियों पर असर

**नई दिल्ली।** देश में आईटी, कानून, कॉमर्स,ट्रांसलेशन, डिजाइन और लाइब्रेरी साइंस जैसे क्षेत्रों में बड़ा उलटफेर शुरू हो चुका है।

- 40 प्रतिशत कंपनियों में डिग्री+एआई वालों को तवज्जो

एआई के टूल्स ने उन कामों को या तो खत्म कर दिया है या बेहद सिकोड़ दिया है, जिनके लिए लाखों छात्र हर साल डिग्रियां लेते हैं।

एचआर कंपनी टीमलीज का कहना है कि 40 प्रतिशत कंपनियां 'हाइब्रिड स्किल' यानी डिग्री के साथ एआई टूल्स की जानकारी को अनिवार्य मानती हैं। नैस्कॉम की 2024 की रिपोर्ट कहती है कि देश में 82 प्रतिशत बीसीए और एमसीए ग्रेजुएट्स के पास एआई टूल्स की औपचारिक ट्रेनिंग नहीं है।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट के अनुसार, नौकरियां उन लोगों के पास रहेंगी, जो एआई टूल का इस्तेमाल करके उत्पादकता यानी प्रोडक्टिविटी 40 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। आईबीएम इंस्टीट्यूट फॉर बिजनेस वैल्यू की रिपोर्ट कहती है कि एआई लोगों की जगह नहीं लेगा, लेकिन जो लोग एआई का उपयोग करते हैं, वे उनकी जगह ले लेंगे, जो इस्तेमाल नहीं करते। 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025' के अनुसार, 2030 तक 22त्न नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं।

इधर, चीन ने 2021 और 2025 के बीच अपने विश्वविद्यालयों ने 12,200 से अधिक अंडरग्रेजुएट कार्यक्रमों को रद्द या निलंबित कर दिया, जबकि लगभग 10,200 नए कार्यक्रम शुरू किए।

# भाजपा : संगठन और सरकार में बदलावों की चर्चा तेज

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुई लंबी बैठक के बाद अब पार्टी संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर बड़े बदलावों की चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई करीब चार घंटे लंबी बैठक में

- युवा और अनुभवी नेताओं के बीच संतुलन पर रहेगा ध्यान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन तथा संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण कुमार और शिव प्रकाश शामिल रहे। यह बैठक देर रात तक चली और इसके बाद से यह माना जा रहा है कि भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा कभी भी की जा सकती है। पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जी-7 शिखर सम्मेलन से लौटने के बाद ही अंतिम घोषणा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार भाजपा संगठन में बड़े स्तर पर फेरबदल की तैयारी पूरी हो चुकी है। केवल संगठन ही नहीं, बल्कि राज्यपालों की नियुक्तियों और सरकार से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बदलावों की भी संभावना जताई जा रही है। पार्टी के भीतर यह चर्चा है कि अधिक मास की अवधि समाप्त होने के बाद अब धार्मिक दृष्टि से भी ऐसे निर्णयों में कोई बाधा नहीं रह गई है। इसलिए संगठनात्मक और प्रशासनिक बदलावों की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ सकती है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम को लेकर पार्टी में काफी उत्सुकता है। बताया जा रहा है कि नई टीम में ग्यारह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छह राष्ट्रीय महासचिव बनाए जा सकते हैं। पार्टी नेतृत्व इस बार जातीय और सामाजिक संतुलन पर विशेष ध्यान देने की तैयारी में है। महिला प्रतिनिधित्व को भी पहले से अधिक महत्व दिए जाने की संभावना है। साथ ही युवा और अनुभवी नेताओं के बीच संतुलन बनाए रखने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार अगले वर्ष जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां के नेताओं को भी संगठन में प्रमुख जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं। गुजरात, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे चुनावी राज्यों के साथ राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से भी नेताओं को नई टीम में जगह मिलने की संभावना है।

# यूपी में 24 जून तक बढ़ीं स्कूलों की छुट्टियां

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां बढ़ा दी हैं। अब स्कूल 25 जून 2026 से खुलेंगे। अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा) पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देश पर अवकाश कैलेंडर में संशोधन किया गया है। पहले विद्यालय 16 जून से खुलने थे, लेकिन लगातार बढ़ते तापमान और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को देखते हुए सरकार ने छुट्टियां 24 जून तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। नया ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 मई से 24 जून तक प्रभावी रहेगा।

# ममता ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव नतीजों को कानूनी चुनौती दी है। इस सीट पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल के वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने उन्हें शिकस्त दी थी। ममता बनर्जी ने इस चुनावी हार के खिलाफ हाईकोर्ट में एक चुनाव याचिका दायर की है। 2026 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को अपने इस पुराने गढ़ में करारी हार का सामना करना पड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने 15,105 मतों के अंतर से पराजित किया। इस अप्रत्याशित हार ने राज्य के राजनीतिक समीकरणों को पूरी तरह बदल दिया है। इस चुनावी नतीजे के बाद से ही टीएमसी खेमे में भारी असंतोष और बेचैनी देखी जा रही है।

# यूपी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने संयुक्त रूप से परिणाम जारी किया। इस वर्ष अलीगढ़ की वंदना सिंह ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि दूसरे स्थान पर भी अलीगढ़ के ही नितिन पचौरी रहे। प्रदेशभर में 31 मई को आयोजित हुई इस प्रवेश परीक्षा में लगभग चार लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। परीक्षा के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में केंद्र बनाए गए थे और शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराई गई थी।

# बाराबंकी के गोरखपुर से जुड़ते ही लगेगा जोर का झटका धीरे से...

सुरेश बहादुर सिंह 'कौशिक'

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** कतिपय लोगों की मांग एवं भाजपा की सुनियोजित नीति के तहत देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को चार भागों में विभाजित करने की तैयारी शनैः शनैः मूर्त रूप लेती जा रही है। इसके गठन के अनेकों किन्तु- परन्तु हैं और भविष्य में निकाले जायेंगे। उसके नफा नुकसान का जोड़-घटाव किया जा चुका होगा तथा आगे में भी होगा मगर एक बात निश्चित होती दिखाई दें रही हैं यदि भविष्य में विभाजन की कार्यवाही हुई तो इस जनपद में भाजपा को खास झटका लग सकता है। इसके जो भी कारण होंगे उसमें सर्व प्रमुख कारण आज भी प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सटे इस जिले को काटकर पुनर्गठन होने जा रहे पूर्वान्चल राज्य की राजधानी के रुप में बनने वाली राजधानी गोरखपुर का चयनित किया जाना होगा।

यूंतो बाराबंकी जनपद पहले से ही समाजवादियों का गढ़ रहा है लेकिन विगत चुनाव से चाहे वह जन्म भूमि प्रकरण रहा हो या दूसरे अन्य कारणों से भारतीय जनता पार्टी को यहां मजबूती मिली है। आज उसकी यहां पचास प्रतिशत की भागीदारी है जो भविष्य में और भी बढ़ सकती थी किन्तु बाराबंकी जनपद को पूर्वांचल प्रदेश की प्रस्तावित राजधानी गोरखपुर से जोड़ा जाना बैठे बैठाये सपा व कांग्रेस को एक जबरदस्त मुद्दा हासिल करा देगा।

एक तो पूर्व मायावती सरकार द्वारा जिले की महत्वपूर्ण तहसील रुदौली को बाराबंकी से काटकर फैजाबाद जिले (अब के अयोध्या) से जोड़ा जाना आज भी लोगों को पसन्द नही है किन्तु अम्बेड़करनगर बनने से छोटा हुए फैजाबाद (अयोध्या) को भौगोलिक और आर्थिक रुप से सुदृढ़ करने की अनिवार्यता से किसी तरह यहां के लोग समझौता करके चल रहे हैं, वहीं गोरखपुर से बाराबंकी को जोड़ा जाना कतई बर्दाश्त करने की स्थिति में नागरिक नही होंगे। आज भी बाराबंकी जिला बार एसोसिऐसन प्रत्येक माह की सात तारीख को रुदौली तहसील लाने के लिए प्रदर्शन आदि कर रहे है। रुदौली क्षेत्र की जनता खासकर वहां के व्यापारियों व सरकारी तबके से जुड़े लोगों को बाराबंकी से जुड़े रहने में जहां ज्यादा सुख सुविधा हैं वहीं उसकी बोलीबानी सामाजिक रहन सहन आदि सबकुछ बाराबंकी से युगों से मेल खाता है। रुदौली तहसील वापसी के लिए रुदौली क्षेत्र के सपा विधायक रहे इश्तियाक अहमद ने जबरदस्त आन्दोलन किया था। उसकी एक जनसभा में तत्कालीन सपा सुप्रीमों व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने घोषणा की थी कि प्रदेश में उनकी सरकार बनते ही रुदौली बाराबंकी में वापस हो जायेगी लेकिन वैसा नहीं हो सका। रुदौली के फैजाबाद से जोड़ने में तत्कालीन भाजपा के रुदौली विधायक आचार्य रामदेव व तत्कालीन भाजपा के फ़ैज़ाबाद सांसद विनय कटियार का भी सहयोग रहा इसीलिए क्षेत्र की जनता ने उन्हें दोबारा चुने जाने का सौभाग्य नहीं दिया। लखनऊ को तीन ओर से घेरे बाराबंकी को यूपी एससीआर (स्टेट कैपिटल रीजन) में लिया जा रहा है वहीं प्रस्तावित विभाजन में उसे गोरखपुर से जोड़ने का निर्णय कहां तक न्यायसंगत माना जा सकता है। कहां 20 से 50 किमी0 की दूरी तो कहां 200 से अधिक किमी0 की दूरी कत्तई हजम होने वाली नही है। आज जब इस जनपद को कमिश्नरी फैजाबाद से काटकर लखनऊ से जोड़े जाने की मांग भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) आदि द्वारा बराबर की जाती आ रही है ताकि यहां के किसानों को 100 किलोमिटर दूर फैजाबाद में जाना न पड़ें। वहीं दो सौ किमी0 की दूरी पर बनने जा रही राज्य राज्यधानी गोरखपुर से जुड़ना जनता कैसे स्वीकार करेगी? यह हो सकता है कि यहां के लोगों के मनोभावों को समझ कर वर्तमान सरकार यूपी एससीआर में आने वाले क्षेत्र नवाबगंज, देवां, निन्दूरा और हरख ब्लाक को काटकर उसे लखनऊ जनपद से जोड़ दे ताकि आक्रोश कम किया जा सकें जो लेकिन शेष जिला बचेगा उसके लोगों को किस विधि से सन्तुष्ट किया जायेगा। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी के अनेक कामों पर यह एक कदम भारी पड़ सकता है।

# अनाथ बहनों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

## दबंगों पर उत्पीड़न और जमीन कब्जाने की साजिश का आरोप

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। माता-पिता की मृत्यु के बाद संघर्षपूर्ण जीवन बिता रहीं दो अनाथ बहनों ने पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर लगातार उत्पीड़न, छेड़छाड़, मारपीट, धमकी तथा पैतृक संपत्ति पर अवैध कब्जा करने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है। थाना तिलहर क्षेत्र के ग्राम कबीरचक निवासी रीमा ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पिता का वर्ष 2015 और माता का वर्ष 2019 में निधन हो चुका है। माता-पिता की मौत के बाद वह अपने भाई-बहनों के साथ खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण कर रही है। आरोप है कि गांव के कुछ दबंग लोग उनकी पैतृक भूमि और संपत्ति पर नजर गड़ाए हुए हैं तथा लंबे समय से मानसिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि उक्त लोग रास्ते में अभद्र टिप्पणियां करते हैं, गंदे इशारे करते हैं और विरोध करने पर जानमाल की धमकी देते हैं। शिकायत में कहा गया है कि जब परिवार ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची। इसी क्रम में उनके भाई रंजीत के खिलाफ थाना खुदागंज में एक मुकदमा दर्ज कराया गया, जिससे पूरा परिवार मानसिक तनाव में है। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि 14 जून को कुछ लोगों ने पीड़िता और उसके परिवार को रोककर गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की तथा जमीन छोड़ने का दबाव बनाया। आरोपियों ने कथित रूप से धमकी दी कि यदि जमीन-जायदाद नहीं छोड़ी गई तो उन्हें गांव में रहने नहीं दिया जाएगा और झूठे मुकदमों में फंसा दिया जाएगा। पीड़िता ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने, परिवार को सुरक्षा प्रदान करने तथा झूठे मुकदमों और उत्पीड़न से बचाने की मांग की है। उसने आशंका जताई है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई गंभीर घटना हो सकती है।

# डंपर की बैकिंग के दौरान बाइक से टक्कर, युवक बाल-बाल बचा



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। तिलहर-बरखेड़ा जयपाल मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। गिट्टी से भरे डंपर को बैक करते समय उसकी टक्कर एक बाइक से हो गई, जिससे बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बाइक सवार युवक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, मदनापुर क्षेत्र के गांव मकरंदापुर के निवासी उदयवीर मंगलवार दोपहर करीब एक बजे बाइक से तिलहर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पिथनापुर गांव के पास सड़क निर्माण कार्य में लगा गिट्टी से भरा डंपर पीछे की ओर किया जा रहा था। बताया जाता है कि बैक करते समय चालक ने पीछे आ रही बाइक पर ध्यान नहीं दिया और डंपर की टक्कर बाइक से हो गई।टक्कर लगते ही उदयवीर ने सूझबूझ दिखाते हुए बाइक से छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर हादसे का शिकार होने से बच गए। हालांकि उनकी बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद डंपर चालक मौके लोगों ने पकड़ लिया। सूचना मिलने पर दरोगा गौरव शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। दरोगा गौरव शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौते की बातचीत चल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किए जाने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने निर्माण कार्य स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

# जानलेवा हमला मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। तिलहर पुलिस ने जानलेवा मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांस की लाठी और लोहे की रॉड भी बरामद की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तिलहर पुलिस को यह सफलता मिली। पुलिस के मुताबिक 12 जून को अंबेडकर गौटिया, मौजमपुर निवासी अर्जुन सिंह ने थाना तिलहर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रामगोपाल समेत छह लोगों ने उनके पिता नेकपाल सिंह के साथ लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट की थी। तहरीर में रामगोपाल पर फायरिंग कर जान से मारने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया गया था। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान फायरिंग की पुष्टि नहीं हो सकी, लेकिन मारपीट और गंभीर हमला किए जाने के पर्याप्त साक्ष्य मिले। इसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। मुखबिर की सूचना पर 15 जून को पुलिस ने बंधा रोड स्थित श्मशान घाट के पास बनी दुकानों के निकट दबिश देकर रामगोपाल (27) और कृष्ण गोपाल (22) निवासी मोहल्ला निजामगंज, तिलहर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान रामगोपाल के पास से बांस की लाठी तथा कृष्ण गोपाल के पास से लोहे की रॉड बरामद हुई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा, उपनिरीक्षक देवेश कुमार, उपनिरीक्षक गौरव शर्मा, हेड कांस्टेबल भारतमणि तथा कांस्टेबल शरद यादव शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश और विवेचना की कार्रवाई जारी है।

# पीएम मोदी ने सभी के कल्याण के लिए चलाई योजनाएं

## मोदी सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित किया गया कार्यक्रम



स्वतंत्र भारत खुटार। केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने सरकार की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी।

मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि कृष्ण चंद्र मिश्रा ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 12 साल के अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में जनकल्याणकारी तमाम योजनाएं चलाई है। जिसे सभी जाति धर्म के लोग लाभान्वित हो रहे हैं और देश तरक्की की ओर जा रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी एक ऐसे प्रधानमंत्री साबित हुए हैं। जिन्होंने सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहकर देश की तरक्की और खुशहाली के लिए काम किया और सभी जाति धर्म के लोगों के लिए योजनाएं चलाई हैं। विशिष्ट अतिथि नमित दीक्षित ने भी सरकार की उपलब्धियां के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस मौके पर ब्लॉक मुख्यालय पर विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालिन का अतिथियों ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष देव पटेल, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, खंड विकास अधिकारी आशीष सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष विवेक सिंह, अखिलेश मिश्रा, गुरमेज सिंह, एडीओ पंचायत अनुराग शर्मा, पंकज मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर में हुआ भंडारा



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। लखनऊ-दिल्ली स्थित कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर में मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों से श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में पहुंचना शुरू हो गया। मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हनुमान जी का विशेष पूजन कर भंडारे का शुभारंभ किया गया।आयोजन में गांव जोधपुर नवदिया निवासी अनिरुद्ध यादव, झब्बू सिंह यादव सहित श्रद्धालुओं ने हनुमान जी को भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।मंदिर परिसर पूरे दिन भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के जयकारे लगाते हुए सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। आयोजकों ने बताया कि धार्मिक आयोजनों से लोगों में आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया जाता है।भंडारे के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देर शाम तक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। आयोजन को लेकर क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है : कल्पना शर्मा

## अमृत योग सप्ताह के दूसरे दिन कराया गया आसनों का अभ्यास



**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर के पुवायां इंटर कॉलेज में चल रहे अमृत योग सप्ताह के दूसरे दिन योग साधकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। दी जेंटलमैन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में राजा अजय वर्मा मेमोरियल हॉल में 15 से 21 जून तक आयोजित अमृत योग सप्ताह के तहत मंगलवार को आयोजित सत्र में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आभा गुप्ता, खुशबू गुप्ता और मीना गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है। यह भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। कार्यक्रम संयोजक राजेश गुप्ता ने बताया कि योग प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में डॉ. मेधा शर्मा, आभा गुप्ता, मीना गुप्ता, रीता रानी एडवोकेट, गरिमा, आरती, खुशबू गुप्ता, नीलम, किरन, अंकिता, ऋचा, गुंजन, सीमा, शोभा, मधु, सुबोध वर्मा, राजीव शर्मा, संजय मिश्रा, कृष्ण, शंकर, रामसेवक राठौर, श्याम कुमार त्रिवेदी, विश्वमोहन, डॉ. बी.के. गुप्ता, सुनील सिंघानिया, ओमप्रकाश त्रिवेदी, जगदीश प्रसाद, डॉ. सरनाम, सोमदेव, महेंद्र, जगदीश शर्मा सहित नगर पालिका परिषद के प्रदीप शर्मा, अनुज पांडेय और मदनलाल समेत अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अवैध तमंचे के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी तिलहर के मार्गदर्शन में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर ग्राम चमरुआ गौटिया निवासी दिलशाद उर्फ रोजा पुत्र शाकिर अली उर्फ करबारी (40 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।

# लाइन का तार कसते समय करंट से युवक गंभीर घायल

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** बिना विद्युत विभाग को सूचना दिए 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का तार कसना एक युवक को भारी पड़ गया।बहीं करंट लगने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया थाना सिधौली क्षेत्र के गांव रकशा निवासी हरिओम तिलहर थाना क्षेत्र के गांव बिलहरी में अपने रिश्तेदारों के यहां आए हुए थे। मंगलवार दोपहर वह गांव से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का ढीला तार ठीक करने के लिए छत पर चढ़ गए। बताया जा रहा है कि उन्होंने विद्युत विभाग को शटडाउन की सूचना दिए बिना ही तार कसने का प्रयास शुरू कर दिया।इसी दौरान अचानक लाइन में विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई और हरिओम तेज करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलस गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा कि हाईटेंशन लाइनों पर किसी भी प्रकार का कार्य केवल विद्युत विभाग की निगरानी और शटडाउन लेने के बाद ही किया जाना चाहिए। लापरवाही बरतने पर जानलेवा हादसे हो सकते हैं।

# 23 घंटे बिजली गुल रहने से हाल बेहाल

स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर। सोमवार देर शाम आई तेज आंधी और बारिश के बाद मौसम में कुछ राहत तो मिली, लेकिन इसके साथ ही खुदागंज क्षेत्र के लोगों को लंबे बिजली संकट का सामना करना पड़ा। सोमवार रात करीब 9 बजे से बाधित हुई विद्युत आपूर्ति लगभग 23 घंटे बाद बहाल हो सकी, जिससे क्षेत्र में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा।

बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण घरों में लगे इनवर्टर कुछ ही घंटों में जवाब दे गए और पानी की टंकियां खाली हो गईं। भीषण उमस और गर्मी के बीच लोगों को रातभर जागकर समय बिताना पड़ा। बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग गर्मी से राहत पाने के लिए घरों की छतों, बरामदों और खुले स्थानों पर बैठे नजर आए। बिजली कटौती के दौरान उपभोक्ताओं में नाराजगी भी देखने को मिली। लोगों का आरोप है कि समस्या की जानकारी लेने के लिए जब उन्होंने विभागीय कर्मचारियों से संपर्क करने का प्रयास किया तो कई फोन बंद मिले, जिससे उन्हें सही स्थिति की जानकारी नहीं मिल सकी। इस संबंध में अवर अभियंता सतीश चंद्र ने बताया कि सोमवार शाम आई तेज आंधी और बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे विद्युत लाइनों में गंभीर फॉल्ट उत्पन्न हो गए। खराब मौसम और अंधेरे के कारण रात में मरम्मत कार्य प्रभावित हुआ। इसके अलावा जंगली क्षेत्रों में कीड़े-मकोड़ों व सर्पों का खतरा तथा खेतों में लगे कंटीले तार भी कार्य में बाधा बने। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह से ही विद्युत विभाग की टीमें और लाइनमैन युद्धस्तर पर फॉल्ट तलाशने और क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत में जुट गए। गिरे हुए पेड़ों को हटाकर तथा टूटे हुए तारों और पोलों को दुरुस्त कर चरणबद्ध तरीके से विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। लोगों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए विभाग आपदा प्रबंधन और त्वरित मरम्मत व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए, ताकि उपभोक्ताओं को लंबे समय तक परेशानी न झेलनी पड़े।

# विद्यालय खुलने पर बच्चों का किया स्वागत



**निगोही शाहजहांपुर।** ग्रीष्म काल अवकाश के बाद आज पुनः परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन प्रारम्भ हो गया है।इस अवसर पर विद्यालय आने पर बच्चों का स्वागत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज ने उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरगवां में उपस्थित होकर विद्यालय स्टाफ के साथ बच्चों का रोली , टीका लगाकर स्वागत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए कहा कि अभिभावक बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें! जिससे बच्चों का शिक्षण कार्य बेहतर तरीके से हो सके।जिन बच्चों की आयु 6 बर्ष की हो चुकी है! उनका नामांकन निकटतम परिषदीय विद्यालय में कराने की अपील भी की गयी।विद्यालय की इं.प्र.अ. रेनू शुक्ला के द्वारा सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।कम्पोजिट विद्यालय पतराजपुर में इं.प्र.अ. आजम खान एवं स्टाफ के द्वारा बच्चों के विद्यालय आने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति को ब?ने हेतु शिक्षकों के द्वारा सकारात्मक वातावरण तैयार किया गया है! जिसके परिणामस्वरुप आज विद्यालयों के परिवेश एवं गुणवत्ता में अभूतपूर्ण बदलाव आया है। सभी शिक्षक पूर्ण मनोयोग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर रहे हैं !और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।प्रा.वि. डेलखे?ा,प्रा.वि. निगोही,कम्पोजिट विद्यालय उदरिया,कम्पोजिट विद्यालय सहदेवपुर,कम्पोजिट विद्यालय उदारा,उ.प्रा.वि. पिपरिया खुशाली समेत विकास क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का स्वागत किया गया।

# पहरुआ कलां का ऐतिहासिक कछुआ तालाब बनेगा जैव विविधता संरक्षण का मॉडल केंद्र

## जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण,संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए दिए महत्वपूर्ण निर्देश



स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर। क्षेत्र के ग्राम पहरूआ कलां में जनसहभागिता, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कछुआ तालाब का जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तालाब के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं कछुओं के सुरक्षित आवास के विकास हेतु विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब को अतिक्रमण मुक्त,जल निकासी की समुचित व्यवस्था,गांव की नालियों को बड़े नाले से जोड़ने,तालाब के चारों ओर पाथ-वे का निर्माण करवाए जाने के निर्देश दिए। नेचुरल बेस्ड सॉल्यूशन (प्रकृति आधारित समाधान) अपनाकर इस तालाब को एक आदर्श जैव विविधता संरक्षण स्थल के रूप में विकसित किए जाने के लिए वृक्षारोपण, स्वच्छता एवं प्राकृतिक आवास संरक्षण पर विशेष बल दिया। ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने कछुआ तालाब को क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए इसके संरक्षण में जनसहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह स्थल केवल एक जलाशय नहीं, बल्कि स्थानीय आस्था और प्राकृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने तालाब के पुनर्जीवन हेतु किए जा रहे प्रयासों के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने भगवान विष्णु के कूर्म अवतार का उल्लेख करते हुए कछुओं के धार्मिक एवं पारिस्थितिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से चल रहे व्यापक स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान के परिणामस्वरूप तालाब का मूल स्वरूप पुनः उभरकर सामने आ रहा है। आगामी दो माह में इसे और अधिक विकसित एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। उन्होंने ग्रामवासियों, युवाओं एवं स्वयंसेवी संगठनों से इस संरक्षण अभियान को जनआंदोलन का रूप देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले युवाओं प्रेमसरन शर्मा, ऋषि सिंह, देवसरन शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, रंजीत, अजय शर्मा, बदन सिंह एवं सुरजन सिंह को ÷कछुआ मित्र सम्मान÷ प्रदान कर सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी एवं लोक भारती महानगर संयोजक आलोक मिश्रा को भगवान विष्णु के कूर्म अवतार की प्रतिमा भेंट कर उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार सिंह, दिलीप गुप्ता, वीरभान सिंह, करणी सेना के जिला अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह,गंगा समग्र से मैथिलीशरण गुप्त, समाजसेवी एडवोकेट रिजवान अहमद आदि ग्रामवासी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी कलान अभिषेक प्रताप सिंह, तहसीलदार सृजत कुमार, क्षेत्रीय वनाधिकारी विशाल रावत,राजस्व निरीक्षक सुखवीर सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना द्वारा किया गया।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर गोष्ठी आयोजित



सिधौली, शाहजहांपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को विकासखंड सिधौली के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश ने ग्रामीण विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। गोष्ठी में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को उन्नत खेती, गुणवत्तायुक्त बीज, कृषि उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही अनुदान पर बोरिंग, सोलर पंप और अन्य कृषि लाभकारी योजनाओं के बारे में भी किसानों को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रूपेंद्र जीत सिंह एवं अतुल शुक्ला ने शिक्षा और बेसिक विभाग से संबंधित जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए, जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सुधीर गुप्ता भी पहुंचे। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ब्लॉक परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मनीष गुप्ता, मुकेश दीक्षित, सौरभ गुप्ता, प्रदीप अवस्थी, अवनीश कुमार, जगपाल सिंह, जगदीश सिंह, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, प्रदीप चौहान, अनुज दीक्षित, यूनुस खां सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा।

# ओवर ब्रिज के नीचे मिला संदिग्ध ट्रॉली बैग

## बम निरोधक दस्ते मौके पर पहुंचकर की जांच, बैग में मिले कपड़े, पुलिस ने ली राहत की सांस



**स्वतंत्र भारत खुटार।** मंगलवार सुबह पूरनपुर रोड ओवर ब्रिज के नीचे एक नीले रंग का ट्रॉली बैग मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की और मामला संदिग्ध लगने पर मामले की सूचना बम निरोधक दस्ते को दी। जिसके बाद बम स्क्वायड दस्त मौके पर पहुंचा और जांच पड़ताल की। जांच में बैग में कपड़े और कुछ दस्तावेज मिले। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। मंगलवार सुबह 8 बजे के करीब खुटार पुलिस को सूचना मिली कि खुटार पूरनपुर रोड पर स्थित ओवर ब्रिज के नीचे कोने पर एक नीले रंग का ट्रॉली बैग रखा हुआ है और उसमें कुछ संदिग्ध वास्तु लग रही है। सूचना मिलते ही खुटार थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने आसपास दुकान लगाए लोगों से बाइक के बारे में जानकारी की। लेकिन कोई भी सही जानकारी नहीं दे पाया। इसके बाद उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी सूचना अधिकारियों को दे दी। अधिकारियों के आदेश पर दोपहर 12 के करीब शाहजहांपुर पुलिस लाइन से बम निरोधक दस्त मौके पर पहुंचा और मेडल डिटेक्टर एवं उन इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से बैग की बारीकी से जांच पड़ताल की। इसके बाद बैग के लॉक को तोड़कर उसे देखा गया, तो उसमें कुछ कागजात कपड़े आदि रखे मिले। पुलिस को बाइक के अंदर से कुछ शैक्षिक प्रमाण पत्र भी मिले हैं, जो पड़ोसी देश नेपाल के जिला कैलाली के कस्बा गौरीगंज निवासी रोशन के नाम के हैं। बैग से रोशन का एक पहचान पत्र भी मिला है। जिस पर नेपाल सरकार गृह मंत्रालय जिला प्रशासन कैलाली लिखा हुआ है। बैग से कपड़े और शैक्षिक प्रमाण पत्र मिलने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है वहीं पुलिस ऑफ नेपाल निवासी रोशन की तलाश में जुट गई है। आशंका जताई जा रही है कि रोशन कहीं से यात्रा का नेपाल जाने के लिए निकला होगा और यहां किसी सवारी के इंतजार करने के दौरान अपना बैग यहां भूल गया। पुलिस बैग को अपने साथ थाने ले आई है।

# शिक्षक संघ ने दिया बीएसए को ज्ञापन

## स्कूलों के फर्नीचर की मरम्मत कराने की मांग



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, को एक ज्ञापन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आपूर्तित क्षतिग्रस्त एवं निष्प्रयोज्य फर्नीचर बदलवाये जाने और मरम्मत करवाये जाने के संबंध में दिया। दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में जनपद के लगभग सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लगभग 11 करोड़ मूल्य का थ्री सीटर डेस्क बेंच फर्नीचर इंडमेट मेटल प्रेस प्रा0 लि0, नागपुर, महाराष्ट नामक फर्म द्वारा आपूर्ति किया गया था। यह फर्नीचर जनपद के लगभग प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र संख्या के आधार पर अलग अलग मात्रा में उपलब्ध करवाया गया था। विद्यालयों में प्राप्त फर्नीचर में से अधिकतर फर्नीचर क्षतिग्रस्त होकर टूट गया है, अनेक विद्यालयों में इस फर्नीचर में प्रयुक्त बोर्ड व लोहे के फ्रेम भी क्षतिग्रस्त हो गये हैं। इस कारण अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बैठने में अत्यन्त असुविधा हो रही है तथा पठन-पाठन बाधित हो रहा है। छात्र-छात्राओं की इस असुविधा तथा सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये इस फर्नीचर को बदलवाये जाने/मरम्मत कराये जाने की आवश्यकता है। फर्नीचर आपूर्ति के सम्बन्ध में जारी शासनादेश की व्यवस्था के अनुसार आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा फर्नीचर पर पाँच वर्ष की गारण्टी भी प्रदान की गई थी। विद्यालय हित एवं छात्र हित मे क्षतिग्रस्त फर्नीचर को बदलवाये जाने/मरम्मत करवाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की गई।

# पहले दिन शिक्षिकाओं ने वितरित किया हलवा

## बच्चों का स्वागत पुष्प वर्षा व रोली टीका कर हुआ



**शाहजहांपुर।** ग्रीष्म अवकाश के बाद सभी परिषदीय विद्यालय आज से खुल गए हैं गर्मी की छुट्टी के बाद ?ब बच्चे विद्यालय पहुंचे तब उनका स्वागत पुष्प वर्षा व रोली टीका लगा कर किया गया सभी विद्यालयों मे बच्चौं मे उत्साह और उमंग देखने को मिली इसी क्रम मे कंपोजिट स्कूल रोटी गोदाम के प्रधान अध्यापक इमरान सईद ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के बाद बच्चों में पढ़ाई को लेकर उत्साह दिखाई दिया। परन्तु गर्मी की वजह से कम बच्चे ही आये आज पहले दिन कक्षाओं में साफ-सफाई, पाठ्य पुस्तकों के वितरण और नई शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। शिक्षकों ने बच्चों को अनुशासन, स्वच्छता और नियमित उपस्थिति का महत्व समझाया। विद्यालयों में बच्चों के स्वागत के लिए विशेष सजावट भी की गई और सभी बच्चों के रोली टीका व पुष्प वर्षा कर मिष्ठान वितरण की व्यवस्था की गयी थी, जिससे छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।विद्यालय मे श्रीमती रचना जौहरी, नीलम, राजकुमारी वर्मा ने प्रार्थना कराई खुशबु सबूर, कहकशा शाही, नर्गिस आदि के द्वारा बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। वही आज कंपोजिट विद्यालय अटसलिया विकासखंड भावल खेड़ा जनपद शाहजहांपुर में बच्चे विद्यालय पहुंचने पर खुशी से खिलखिला उठे विद्या की देवी मां सरस्वती जी की वंदना के साथ बच्चों का शिक्षिकाओं द्वारा टीका लगाकर स्वागत किया गया बच्चों को छुट्टियों के उपरांत प्रथम दिवस पर शिक्षिकाओं द्वारा हलुवा भी वितरित किया गया इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका निकहत परवीन शिक्षिका दपिन्दर कौर साईमा तरन्नुम श्रीमती शालिनी मिश्रा वर्षा मिश्रा नम्रता मिश्रा सभी के द्वारा बच्चों को टीका रोली लगाकर उनका स्वागत किया गया

# वक्फ निरीक्षक ने स्विमिंग प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



शाहजहांपुर। बिजलीपुरा स्थित मदरसा नूरुल हुदा में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए आयोजित स्विमिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि वक्फ निरीक्षक श्रीकांत आजाद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं रचनात्मक गतिविधियां भी अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन तथा सीखने की क्षमता को विकसित करती हैं। उन्होंने मदरसा प्रबंधन द्वारा बच्चों के हित में किए जा रहे नवाचारों की सराहना की। प्रतियोगिता में बच्चों ने स्विमिंग टब में रखे गए हिंदी एवं अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों को खोजने की गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने खेल-खेल में अक्षरों की पहचान करते हुए खूब आनंद लिया। मदरसा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मदरसा नूरुल हुदा में आधुनिक एवं रचनात्मक शिक्षण पद्धतियों को अपनाकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों की प्रशंसा की गई तथा सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मदरसा के शिक्षकगण, अभिभावक उपस्थित रहे।

# हरनाई प्रकरण : सत्ता पक्ष, विपक्ष का कार्यवाही का आश्वासन, 6 दिन बाद भी नतीजा शून्य

## 11 जून को हाफ एनकाउंटर को फर्जी बताकर चांदपुर पुलिस चौकी पर धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने पुलिस पर किया था लाठीचार्ज

**स्वतंत्र भारत खुटार।** एक गांव में 11 माह की बच्ची के साथ 9 जून को कथित रूप से हुई रेप की घटना और उसके आरोपी गुड्डू शर्मा को उसी रात कथित रूप से हाफ एनकाउंटर में गिरफ्तार करने का पुलिस का दावा गले की हड्डी बन गया है। जिसको लेकर 11 जून को हरनाई गांव के ग्रामीणों ने जेल भेजे गए गुड्डू के परिजनों के साथ मिलकर हाफ एनकाउंटर को फर्जी एनकाउंटर बताते हुए पुलिस चौकी पर धरना प्रदर्शन किया था। धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों पर लाठी चार्ज कर दिया था। जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया और सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्ष के सपा, बसपा और कांग्रेस के तमाम नेता गांव पहुंचे। पीड़ितों से मिले और न्याय की मांग करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की मांग की। लेकिन एक सप्ताह होने के बाद अभी तक इस मामले में कार्यवाही की तो दूर ही बात, पुलिस प्रशासन ने इस पूरे मामले की जांच कराने की भी जरूरत नहीं समझी है। जिससे सत्ता और विपक्ष के नेताओं की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हो रहे है, तो वही सरकार की भी खूब किरकिरी हो रही है। जबकि भाजयुमो नेता प्रवीण मिश्रा पीड़ित प्रधान शोभित कुमार को लेकर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से लखनऊ में मिले थे और पूरे मामले से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की थी। जिस पर मंत्री सुरेश खन्ना ने एसपी शाहजहांपुर से तुरत बात कर कार्यवाही करने के आदेश दिए थे। लेकिन मंत्री के आदेशों का भी कोई असर होता नहीं दिख रहा। भाजपा विधायक चेतराम ने तो गांव पहुंचकर लाठीचार्ज की घटना पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए सीओ पुवायां से फोन पर वार्ता कर निर्दोषों को परेशान न करने की बात कही थी और पकड़े गए लोगों को तुरंत छोड़ने के आदेश दिए थे। जिसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। लेकिन पुलिस ने पकड़े गए लोगों को जेल भेज दिया था। इसके बाद सपा, बसपा और कांग्रेस के भी तमाम नेता पहुंचे और उन्होंने पीड़ितों के कंधे से कंधा मिलाकर उनकी लड़ाई लड़ने और उन्हें न्याय दिलाने के साथ ही दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। लेकिन एक सप्ताह होने के बाद भी अभी तक इस मामले में कोई भी कार्रवाई होती नहीं दिख रही है। ऐसे में अब गांव के लोग खुद को ठगा सा महसूस करने लगे हैं और उनमें भय का माहौल भी बना हुआ है। अब सवाल है कि क्या वाकई पीड़ितों के साथ फोटो शूट कराकर और लंबे चौड़े भाषण देकर, रील बनवाकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। खास बात ये है कि सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष के नेता इस कथित हाफ एनकाउंटर और ग्रामीणों पर हुए लाठीचार्ज के लिए पुलिस कर्मियों को जिम्मेदार बता रहे हैं। बावजूद इसके पुलिस अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसे में कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

# हरनाई गांव आज आयेंगे सपा के राष्ट्रीय सचिव रामासरे विश्वकर्मा

**स्वतंत्र भारत खुटार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा कल (आज) 17 जून 2026 को खुटार ब्लॉक के हरनाई गांव आएंगे। जिसकी जानकारी अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के जिला अध्यक्ष अमित शर्मा दी। उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री पीड़ित परिवारो से मिलकर घटना की जानकारी लेंगे। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए इसे पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचाया है। जिसके बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा 17 जून 2026 को शाहजहांपुर के हरनाई गांव पहुंच कर पूरी स्थित की जांच कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। यह जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बताया कि पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा पुवायां विधानसभा क्षेत्र के खुटार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम हरनाई पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेंगे। पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा के दौरे को इस मामले में महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम माना जा रहा है, जिस पर जिले भर की निगाहें टिकी हुई हैं।

# ब्लॉक सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक

## सांसद व विधायक ने मोदी कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर गिनाये विकास कार्य



**जैतीपुर।** ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की सहमति से अनेक विकास कार्य प्रस्तावित किए गए। ब्लॉक प्रमुख सपना कश्यप की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से लगभग 3 करोड रुपए के विकास कार्य की योजनाओं पर मोहर लगी । इस दौरान का कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सांसद अरुण कुमार सागर व विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस रहे उन्होंने मोदी सरकार के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी तथा अनेक योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया। इस दौरान विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस द्वारा सरकार की योजनाओं में लाभान्वित हुए लाभार्थियों को चेक भी वितरण किए गए उन्होंने बताया मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व में 12 वर्ष पूर्ण हुए हैं जिसमें विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं सरकार द्वारा लागू की गई हैं मोदी और योगी सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ हर व्यक्ति के घर-घर सरकार द्वारा पहुंचा जा रहा है । सांसद अरुण कुमार सागर ने भी अपने कार्य की कार्यकाल की तमाम उपलब्धियां ग्रामीणों को बताई। उन्होंने बताया डबल इंजन की सरकार में अनेकों कल्याणकारी योजनाएं हर व्यक्ति महिला के घर-घर पहुंच रही है साथ ही आने वाले 2027 के चुनाव में भी भाजपा सरकार बनाने जा रही है। इसके पश्चात विधायक द्वारा ग्रामीणों की अनेक समस्याएं सुनी गई तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देशित किया गया। भाजपा नेता राजीव कश्यप द्वारा भी मोदी और योगी सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी बाबूलाल वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार सिंह प्रमोद चौहान सामोद सिंह चौहान सुनील शर्मा जगदीश राठौर राजीव राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

# पंखे में चिपककर बुजुर्ग महिला की मौत



**स्वतंत्र भारत खुटार।** पंखा में उतरे करंट की चपेट में आने से रामकली 65 वर्ष की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरा। मृतका के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। नगर के मोहल्ला बगियनाथ के लखपेड़ा निवासी रामकली पत्नी राजेंद्र प्रसाद ने मंगलवार दोपहर अपने घर में पंखा का रेगुलेटर सही किया। पंखा में करंट था। रामकली पंखा छूते ही छटपटाने लगी। घर में मौजूद अन्य परिजन जब तक पहुंचे तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। रामकली की मौत से घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। और शव का पंचनामा भरा। लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। बताते चले कि राजेंद्र प्रसाद जिला लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी के गांव भरिगवां के रहने वाले हैं। छह - सात वर्ष पूर्व अपनी पत्नी रामकली पुत्र सत्यदेव, कपिल, सूरज के साथ खुटार के मोहल्ला बगियनाथ में घर बनाकर रहने लगे। जबकि इनका बड़ा पुत्र सतीश अपने परिवार के साथ भरिगवां में ही रहता है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा भरा हैं। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। यदि तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# मोहर्रम से पहले पुलिस अलर्ट, ताजिया स्थलों का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मंगलवार शाम सीओ इशिका सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने पुलिस टीम के साथ विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर ताजिया निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान सीओ इशिका सिंह ने ताजियादारों से बातचीत कर मोहर्रम के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने ताजियों की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक ऊंचाई होने पर विद्युत लाइनों एवं अन्य व्यवस्थाओं में बाधा उत्पन्न हो सकती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

पुलिस अधिकारियों ने ताजियादारों से जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने को कहा। साथ ही स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# बाल अपचारी को संरक्षण में लिया



**पुवायां, शाहजहांपुर।** नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुवायां पुलिस ने एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया है। पुलिस ने उसे मोहम्मदी पुल से पहले पुवायां बाईपास से पुलिस निगरानी में लिया। पुलिस के अनुसार 15 जून को एक महिला ने कोतवाली पुवायां में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को एक युवक शादी का झांसा देकर घर से भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) एवं 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना और साक्ष्य संकलन के दौरान आरोपी की उम्र 17 वर्ष पाई गई, जिसके चलते उसे बाल अपचारी की श्रेणी में रखा गया। इसके बाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सोमवार रात करीब 10.30 बजे मोहम्मदी पुल से पहले पुवायां बाईपास से उसे संरक्षण में ले लिया। पुलिस ने बताया कि बाल अपचारी के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अभियान प्रभारी निरीक्षक पुवायां के नेतृत्व में चलाया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गौरव कुमार, महिला उपनिरीक्षक रश्मि सागर तथा आरक्षी प्रशांत गौतम शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में विवाद, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार।** औरंगाबाद निवासी सलामुद्दीन ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति से काफी दिनों से चुनाव को लेकर रंजिश चल रही है। सोमवार को वह अपने दरवाजे पर अकेला बैठा था। कि गांव के ही तीन लोग उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। जिस पर उसने गाली गलौज करने से मना किया। मना करने पर सभी एकजुट होकर उसके साथ मारपीट करने लगे। वह किसी तरह बच कर भागा। तो उक्त आरोपियों ने उस पर जान से मारने की नियत से अवैध तमंचे से तीन राउंड फायरिंग की। वह किसी तरह से जान बचाकर मौके से भाग गया। जिस पर उसने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि दो पक्षों में विवाद हुआ है। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# सीएचसी पर हुआ विशाल भंडारा



**पुवायां, शाहजहांपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। डॉ बृजेश मिश्रा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी और चिकित्सकों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में तमाम श्रद्धालुओं और रोगियों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। हलवा पूरी सब्जी का प्रसाद सभी ने ग्रहण कर प्रभु से सभी के मंगल की कामना की। डॉ बृजेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्येष्ठ माह का विशेष पौराणिक महत्व है। इसीलिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारी और अधिकारियों के सहयोग से इस भव्य और दिव्य कार्यक्रम किया गया। जिसमें हनुमान जी को मानने वाले तमाम श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से अपना अंशदान भी दिया। प्रमुख रूप से डॉ बृजेश मिश्रा शशि वर्मा हर्षित शुक्ला शंभू डॉ रामकुमार वर्मा डॉक्टर शिवांगी गुप्ता,डॉ प्रदीप वैरागी, भाजपा जिला मंत्री मंजू आनंद, एमके आनंद उमेश शर्मा, कुंवर सिंह आदित्य सिंह सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जरियनपुर बना मौत का तिराहा



स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर क्षेत्र के ग्राम जरियनपुर का अतिव्यस्तम तारापुर तिराहा गहरे गड्ढों में तब्दील होकर मौत का तिराहा बन गया है। इस तिराहे पर गड्ढों से बचने के चक्कर में आए दिन दुपहिया वाहन चालक मौत का शिकार हो रहे हैं। फिर भी हाइवे की मरम्मत नहीं करवाई जा रही है।दिल्ली रोडवेज बस अड्डा और दर्जनों ढाबों के नाम से प्रसिद्ध जरियनपुर के इस तारापुर तिराहे से प्रतिदिन दर्जनों रोडवेज बसें,ट्रक और डग्गामार वाहन जलालाबाद,शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, ढाईघाट, शमशाबाद, बदायूं, मुरादाबाद,दिल्ली,कानपुर, इलाहाबाद, हरदोई,लखनऊ आदि शहरों के लिए आते जाते हैं। जिससे इस तिराहे पर 24 घंटे वाहनों और यात्रियों का जमघट लगा रहता है। सुरक्षा की दृष्टि से यहां पुलिस पिकेट और सरकारी एम्बुलेंस भी खड़ी रहती हैं। इस तिराहे पर कई बड़े बड़े गड्ढे बने हुए हैं। इन गड्ढों से बचने के लिए अक्सर दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इसी तिराहे पर पिछले दिनों एक बाइक सवार दम्पत्ति को ट्रक ने टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में बाइक सवार महिला की मौके पर मृत्यु हो गई थी। जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया था। जो आज भी बरेली के एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। बारिश के समय यह तिराहा तालाब बन जाता है। जिससे मेन तिराहे के मोड़ पर दुपहिया वाहन चालकों को जलभराव में गड्ढे दिखाई नहीं देते और गड्ढों में गिरकर घायल हो जाते हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि गड्ढों में तब्दील हो जाने से यह तिराहा मौत का तिराहा बन गया है। इस तिराहे पर ढाबा चलाने वाले अजीत भारद्वाज,देवेश कुशवाहा,वैभव गुप्ता आदि ने जिलाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से गड्ढों में तब्दील इस तिराहे पर हाइवे की पुख्ता मरम्मत करवाए जाने की मांग की है। जिससे गड्ढों की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं से आने जाने वालों की जानमाल की सुरक्षा हो सके।

# बकाया और नवीनीकरण न देने पर शराब की दुकानें सील



**स्वतंत्र भारत पुवायां।** जिला पंचायत की तरफ से शराब की देशी और अंग्रेजी शराब की दुकान पर बकाया तथा नवीनीकरण न होने पर जिला पंचायत के अधिकारियों ने दुकानों को सील कर दिया। इसके बाद आबकारी निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर दुकानों की सील को तुड़वाकर संचालित कराया। मंगलवार को बंडा रोड स्थित देसी शराब की दुकान धर्मेंद्र कुमार के नाम जिला पंचायत की तरफ से आवंटन है । जिसकी ठेकेदार सविता देवी दुकान का संचालन कर रही है।तथा अंग्रेजी शराब की दुकान का जिला पंचायत की तरफ से आवंटन निर्मल यादव के नाम है जिसमें त्रिलोक सिंह तरागी अंग्रेजी शराब की दुकान संचालित कर रहे हैं। मंगलवार को जिला पंचायत की तरफ से आए कर्मचारियों ने दुकान का नवीनीकरण और बकाया जमा न होने पर दोनों दुकानों को सील कर दिया। इसके बाद शराब की दुकानों के सेल्समैनों ने घटना की जानकारी अपने विभागीय अधिकारियों को दी। तभी आबकारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर जिला पंचायत के कर्मचारियों से बात कर दुकानों में लगी सील को तुड़वा दिया।

**जिला पंचायत ने नोटिस में दिया 3 दिन का समय**–जिला पंचायत की तरफ से दुकान स्वामियों पर वकाया और नवीनीकरण जमा करने के लिए तीन दिन का समय दिया है और 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है यदि 3 दिन के अंदर अंदर जमा नहीं होता है।तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

अंग्रेजी शराब की दुकान किराए पर लेकर चलाई जा रही है जिला पंचायत के बकाए के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है वह किराया उन्हें ही जमा करना है--अर्पित जायसवाल मैनेजर अंग्रेजी शराब की दुकान

# राजीव चौक पर सघन चेकिंग अभियान

**पुवायां।** राजीव चौक पर मंगलवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात व्यवस्था में सुधार और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत ने किया। चेकिंग के दौरान, पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को रोका। उनके ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन की आरसी और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। जिन वाहन चालकों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण (आरसी) या अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं पाए गए, उनके चालान किए गए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई अन्य वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने के लिए जागरूक भी किया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। उन्होंने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।



# लाखन आर्मी की बैठक में संगठन

## विस्तार और समाज हित के मुद्दों पर चर्चा

**स्वतंत्र भारत सिंधौली, शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत कोटाबारी में लाखन आर्मी संगठन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पासी ने की, जबकि कार्यक्रम का आयोजन मेवाराम पासी द्वारा कराया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा सामाजिक अधिकारों के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार रावत एडवोकेट उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला उपाध्यक्ष कमलेश चंद्र पासी, पूर्व प्रधान एवं जिला संयोजक परविन्द्र, समाजसेवी रविंद्र राज, जिला सचिव रमाकांत राजवंशी, जिला महासचिव पिंकू राज, ब्लॉक महासचिव दिलीप पासी, महानगर उपाध्यक्ष रामरहीस पासी एवं संतराम राजवंशी, जिला प्रभारी अरविंद राजवंशी एडवोकेट, विधानसभा सचिव सतेंद्र राज पासी, विधानसभा उपाध्यक्ष अरविंद पासी, नरेंद्र पासी, मोरपाल पासी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में संगठन की मजबूती और सामाजिक एकता का संकल्प लिया गया।

# 20 रुपये के लिए बस से कूदा यात्री हाथ पहिए के नीचे आने से घायल

**पुवायां (शाहजहांपुर)।** रोडवेज बस में टिकट के बचे 20 रुपये लेने के दौरान एक यात्री के साथ बड़ा हादसा हो गया। हवा में उड़कर बाहर गए 20 रुपये के नोट को लेने के लिए यात्री चलती बस से कूद गया। इससे उसका संतुलन बिगड़ गया और दाहिना हाथ बस के पहिए के नीचे आकर बुरी तरह कुचल गया। गंभीर हालत में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। थाना बंडा क्षेत्र के गांव कमलापुर लुहिची निवासी सतीश कुमार पुत्र रामशरण रोडवेज बस से शाहजहांपुर जा रहे थे। बताया जाता है कि उन्होंने टिकट लेने के लिए परिचालक को 100 रुपये का नोट दिया था। परिचालक के पास खुले रुपये नहीं थे, इसलिए उन्होंने 20 रुपये बाद में लौटाने की बात कही। कुछ देर बाद जब परिचालक सतीश को 20 रुपये वापस देने लगे तो नोट हवा में उड़कर बस से बाहर चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नोट को जाता देख सतीश बस से उतरने के लिए आगे बढ़े। इसी दौरान बस पूरी तरह रुकने से पहले ही उन्होंने छलांग लगा दी। चलती बस से उतरते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह बस के अगले पहिए की चपेट में आ गए। हादसे में उनका दाहिना हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां ले गई। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और रोडवेज बस को कब्जे में लेकर बड़ागांव चौकी पर खड़ा करा दिया। पुलिस चालक हरजीत सिंह और परिचालक सायरा बानो से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम के अचानक अस्पताल पहुंचने पर मचा हड़कम्प

## एसडीएम को निरीक्षण रिपोर्ट भेजने के निर्देश देकर स्वयं रवाना हुए डीएम

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** कलान से शाहजहांपुर जाते समय जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अचानक अपनी गाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया जलालाबाद में मोड़ने का निर्देश दिया औचक निरीक्षण से अस्पताल में हड़कंप मच गई। हालांकि डीएम साहब चंद मिनट रुके और एसडीएम प्रभात राय को निरीक्षण को बारीकी और बिंदुवार करके रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए और शाहजहांपुर रवाना हो गए। लगभग डेढ़ घंटा एसडीएम द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण में कई खामियां पाई गई जिनको लेकर दिशा निर्देश दिए गए हैं रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। दोपहर लगभग 2:30 बजे अचानक जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह नगरिया अस्पताल जा धामके मौजूद स्टाफमें हड़कंप मच गया। 2:00 बजे ओपीडी बंद हो चुकी थी अस्पताल परिसर में सन्नाटा था अचानक डीएम की मौजूदगी से कर्मचारी हक्के-बक्के रह गए। सर्वप्रथम अस्पताल में उप जिलाधिकारी प्रभात राय ने कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। उसके बाद सीधे स्टोर रूम में पहुंचे जहां उन्होंने बिंदुवार स्टॉक और वितरण रजिस्टर का बड़ी बारीकी से निरीक्षण किया स्टॉक रजिस्टर के अनुसार दवाओं में काफी अंतर देख उन्होंने सवाल जवाब किये। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार अनुराग दुबे और स्टाफ मौजूद था वहीं चिकित्साधीक्षक सोमेश अग्निहोत्री, डॉ. अनुराग शर्मा सहित अस्पताल के अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे। निरीक्षण के बारे में जानकारी लेने के लिए एसडीएम प्रभात राय से फोन पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। अनुराग दुबे नायब तहसीलदार से पूछने पर उन्होंने बताया कि निरीक्षण एसडीएम साहब द्वारा किया गया है इसके बारे में वह स्वयं ही बेहतर बता सकते हैं।



# जवाहर नवोदय विद्यालय में एनसीसी के शिविर 600 कैडेट्स लेंगे प्रशिक्षण

**शाहजहांपुर।** 25 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से जवाहर नवोदय विद्यालय में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) का शुभारंभ सोमवार को हुआ। 15 से 24 जून तक चलने वाले इस शिविर में शाहजहांपुर और पीलीभीत जनपदों के 25 स्कूलों व कॉलेजों के करीब 600 एनसीसी कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। शिविर का उद्घाटन 25 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी एवं कैंप कमांडेंट कर्नल संग्राम सिंह चीमा ने कैडेट्स को संबोधित कर किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी शिविर युवाओं के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम है। अनुशासन ही सफलता की कुंजी है और एक अनुशासित व्यक्ति ही जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, फायरिंग, हथियार संचालन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही वाद-विवाद, ड्राइंग, रस्साकशी, ड्रिल और फायरिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। शिविर के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारी कर्नल आनंद शर्मा ने बताया कि शिविर में कैडेट्स के रहने, खाने और स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिले। सूबेदार मेजर सुनील सिंह रावत ने कैडेट्स को अनुशासन संबंधी दिशा-निर्देश देते हुए एनसीसी के मूल मंत्र ÷एकता और अनुशासन÷ को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। शिविर के दौरान मेडिकल, यातायात, फायर ब्रिगेड और पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा विशेष व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कैडेट्स को विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की जानकारी दी जाएगी। वहीं प्रतिदिन सायंकालीन रोल कॉल के दौरान कैडेट्स को एनसीसी गीत हम सब भारतीय हैं का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान का आह्वान




**शाहजहाँपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा ÷विकसित भारत संकल्प सम्मेलन÷ विषय पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. पी. बी. सिंह की प्रेरणा से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में माननीय कुलपति प्रो. पी. बी. सिंह के संदेश का वाचन भी किया गया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि ÷विकसित भारत का संकल्प प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण से ही साकार होगा। भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता, तकनीकी दक्षता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति का महत्वपूर्ण आधार बनेगा। विश्वविद्यालय ज्ञान, जागरूकता और बौद्धिक विमर्श के माध्यम से विकसित भारत संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।÷ कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को जन-आंदोलन का रूप दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने ज्ञान और क्षमता का उपयोग समाज के विकास के लिए करने का आह्वान किया। डॉ.गौरव सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत के निर्माण में सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिकता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। डॉ. रूपक श्रीवास्तव ने कहा कि नवाचार, तकनीकी प्रगति और उद्यमिता विकसित भारत की आधारशिला हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध, नवाचार तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़कर देश को वैश्विक नेतृत्व प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। वाणिज्य विभाग के डीन प्रो. अनुराग अग्रवाल मार्गदर्शन में संपन्न हुए कार्यक्रम में संचालन अखंड प्रताप सिंह ने किया। सभी के प्रति आभार डॉ. सचिन खन्ना ने ज्ञापित किया। अंत में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विकसित भारत के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ सचिन खन्ना, बृजलाली चौबे, अपर्णा त्रिपाठी , डॉ. मोहनी शंकर पोथीराम समेत अनेक शिक्षक एवं देव सिंह कुशवाहा, निश्चय शुक्ला आदि शिक्षेणत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लड्डू गोपाल व श्री जी को मनाने को गाते बजाते दिखे भक्त

## श्रीकृष्ण मंदिर की प्रतिदिन की प्रभातफेरी का आयोजन



**शाहजहांपुर।** कृष्णानगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की प्रतिदिन की प्रभातफेरी का आयोजन आज पवन गुप्ता गोविन्दगंज ने अपने निज आवास पर किया ।

प्रातःकालीन की बेला में पवन गुप्ता के परिजन कृष्णानगर मंदिर पहुंचे जहां से लड्डू गोपाल व श्री जी को सुन्दर से सिंहासन पर धूमधाम से गाते बजाते हुए अपने गोविन्दगंज स्थित आवास पर लाए और सुन्दर से दरबार में विराजमान कराकर पूजन अर्चन किया । श्रीराधाकृष्ण संकीर्तन मण्डल के सदस्यों द्वारा सुन्दर सुन्दर भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसके क्रम में सबसे पहले उप प्रधान हरीश बजाज ने गणेश वंदना सुनाई तथा ÷श्यामा जू मेरी नैया उस पार लगा देना÷ भजन गाया और उसके बाद देवेन्द्र खुराना ने ÷मेरे दिल के जुड़ गए तार तेरे बरसाने से÷ भजन सुनाया फिर शिवांश गुप्ता ने ÷लूट कर ले गया मेरा दिल सांवरे जादूगर÷भजन सुनाया तथा गौरव अरोरा ने नंद यशोदा की आंखो का तारा बिहारी मेरा रंग रसिया÷ भजन सुनाया फिर अंकित सचदेव ने भजन सुनाया और अंत में नवीन सचदेव ने पर्दे में बैठे बैठे यूं न मुस्कुराइए आ गए तेरे दीवाने जरा पर्दा हटाइए भजन सुनाया भजनों के दौरान उपस्थित महिलाओं व पुरुषों ने जमकर नृत्य किया ।चोरी चोरी माखन खाय गयो रे पर मटकी से निकाल निकाल कर टॉफी, बिस्कुट व खिलौने बांटे गए । फूलों की होली खेली गई तथा पवन गुप्ता की पुत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य के कारण बधाइयां गायीं गई व खूब नृत्य हुआ । बाद में पंडित अखिलेश शास्त्री ने आरती कराई व मंदिर कमेटी की तरफ से ` दी जाने वाली भेंट प्रधान सुशील नारंग व मीडिया प्रभारी दीप गुप्ता एड के द्वारा पवन गुप्ता के परिवार को प्रदान की गई । उप प्रधान हरीश बजाज ने बताया कि 4 जुलाई शनिवार को हरिद्वार से महामंडलेश्वर डॉ विवेकानन्द महाराज कृष्णानगर के मंदिर में पधारेंगे और उसी दिन शाम को भजन संध्या का भी आयोजन किया जा रहा है जिसके संबंध में विस्तार से घोषणा शीघ्र की जाएगी । उक्त अवसर पर राजीव गुप्ता, हरवंश सचदेव, रविंद्र मिश्रा एड, राजीव मिश्रा एड, जगदीश गोगिया, जितेश सचदेव,नवनीत गुप्ता, पार्थ सचदेव आदि उपस्थित रहे । अंत में समस्त लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया ।

# विश्वविद्यालय में विषय पाठ्य समिति के समन्वयकों की नियुक्ति

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कुलपति महोदय के आदेशानुसार विभिन्न विषय पाठ्य समितियों के समन्वयकों की नियुक्ति की गई है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार कुल 42 विषय पाठ्य समितियों के लिए अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों को समन्वयक का दायित्व सौंपा गया है। इन समितियों में कृषि, विज्ञान, कला, वाणिज्य, शिक्षा, प्रबंधन, कंप्यूटर विज्ञान सहित विभिन्न संकायों के विषय शामिल हैं। नियुक्त समन्वयक पाठ्यक्रम निर्माण, पाठ्यक्रम संशोधन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप अध्ययन सामग्री को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय लगातार शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुधारों की दिशा में अग्रसर है।

# ई-पंजीकरण मॉड्यूल को बर्दाश्त नहीं करेगा अधिवक्ता समाज : पाठक

## प्रेसवार्ता में बार अध्यक्ष ने किया विरोध का ऐलान, पायलेट प्रोजेक्ट का भी किया गया विरोध



**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** मंगलवार को बार एसोसिएशन जलालाबाद की ओर से जितेंद्र प्रसाद सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते हुए बार अध्यक्ष अनिल पाठक ने कहा प्रदेश में ई-पंजीकरण मॉड्यूल लागू किए जाने का तात्पर्य लाखों लोगों के मूंह रोटी छीनना है। उन्होंने कहा कि सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने में असफल रही है, जबकि अब प्रदेश के करीब पांच लाख अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों, स्टांप विक्रेताओं तथा विलेख पंजीकरण कार्य से जुड़े लगभग 20 लाख लोगों की आजीविका छीनने पर उतारु है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के अधिवक्ता इस व्यवस्था को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे यह आदेश उन्हें सरकार ने 1977 दिया था जिसके तहत अधिवक्ता डीड लिखते आ रहे हैं। बुधवार तक अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी रहेगी आगे सर्व समिति से जो निर्णय लिया जाएगा उसके अनुरूप हक और अधिकारों की लड़ाई पूरे दमखम के साथ लड़ी जाएगी। बुधवार को लखनऊ में अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित होगी, जिसमें आगे की रणनीति विचारोपरान्त तय की जाएगी। बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार बार एसोसिएशन जलालाबाद आंदोलन को आगे बढ़ाएगी। बार महासचिव अमित सिंह परमार ने कहा ई-पंजीकरण मॉड्यूल के क्रियान्वयन से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। उपाध्यक्ष प्रशान्त कुमार सक्सेना उर्फ बन्टी ने कहा पायलेट प्रोजेक्ट के माध्यम से इसे लागू किया गया तो निबन्धन को क्यों शामिल किया इसलिए हम पायलेट प्रोजेक्ट का विरोध करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद चंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष बार, राकेश कुमार श्रीवास्तव, ऋषिपाल सिंह यादव, अरुण कुमार शर्मा, जितेन्द्र मिश्रा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

# विद्यालयों की छुट्टी दोपहर 12.30 बजे ही करने की मांग

## स्कूल में रोके रखने से बच्चों के बीमार होने की चिंता



**शाहजहाँपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शाहजहाँपुर से मिलकर भयंकर उमस भरी गर्मी में नौनिहाल बच्चों के स्वास्थ्य हित को दृष्टिगत रखकर विद्यालयों का संचालन समय प्रातः 7=30 बजे से दोपहर 12=30 बजे तक ही करने को पत्र दिया 26 दिन के ग्रीष्म अवकाश के बाद आज 16 जून को पुनः खुले परिषदीय विद्यालयों का संचालन समय शिक्षा निदेशक ( बेसिक ) के आदेशानुसार प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है परन्तु वर्तमान में अभी हो रही उमस भरी गर्मी में गांव के स्कूलों में दोपहर 2 बजे तक बच्चों को बैठाये रखना स्वास्थ्य हित में ठीक नही है क्योंकि गर्मी से बचाव के आवश्यक संसाधन विद्यालयों में न होने से बच्चों के बीमार प?ने की चिंता है इसीलिए अभी 2 महीने पहले ही बेसिक शिक्षा निदेशक द्वारा स्वयं बच्चों के स्वास्थ्य हित में स्कूलों में शिक्षण कार्य का समय दोपहर 12=30 बजे तक ही कर दिया था परन्तु ग्रीष्म अवकाश के बाद पुनः स्कूलों का संचालन समय दोपहर 2 बजे तक करना अव्यवहारिक और अनुचित है इस ग्रीष्म अवकाश में शिक्षकों से कराये गये जनगणना कार्य के एवज में प्रतिकर अवकाश की मांग की गयी थी शासन में उसे भी नजरन्दाज किया गया जिसके बाद ग्रीष्म अवकाश जून लास्ट तक ब?ाने की भी मांग हुयी थी परन्तु शासन द्वारा न तो शिक्षकों को छुट्टियों में कार्य कराने के एवज में प्रतिकर दिया और न ग्रीष्म अवकाश की अवधि को ब?ाया और अब यह भयंकर गर्मी में स्कूलों का समय दोपहर 2 बजे तक समझ से परे है जबकि इंटर कॉलेजो में अभी ग्रीष्म अवकाश 30 जून तक है बीएसए शाहजहाँपुर को जिलाधिकारी के नाम पत्र देते हुए गर्मी के मौसम को देखते हुए और हर एक गांव में गर्मी से बचाव के पर्याप्त संसाधन न होने के कारण विद्यालयों का निर्धारित किया गया संचालन समय दोपहर 2 बजे से बदलकर अभी 12=30 बजे तक ही रखने की मांग की गयी है बीएसए से मिलने बाले प्रतिनिधिमंडल में रत्नाकर दीक्षित, भुवनेश गुप्ता, सचिन मिश्रा, अरविन्द वर्मा, संजीव दीक्षित उपस्थित रहे

# बड़े मंगल पर भक्ति और सेवा का संगम, जगह-जगह हुए भंडारे







**● हनुमान मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, प्रसाद वितरण का चला सिलसिला**

स्वतंत्र भारत

**मितौली-खीरी।** ज्येष्ठ माह के सातवें बड़े मंगल पर मितौली कस्बा सहित पूरे क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सोनम चिकित्सालय के प्रबंधक डॉ. संदीप यादव एवं डॉ. पूनम यादव ने हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत बालाजी की पूजा-अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया। वहीं गांव के पश्चिम बड़ी नहर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चंपापुर निवासी कमलेश पाल ने रामचरितमानस पाठ के बाद विशाल भंडारा कराया। इसके अलावा बिछिया निवासी भाजपा जिला मंत्री अमित सिंह ने अपने प्रतिष्ठान चंद्रिका सिंह सुंदर सिंह महाविद्यालय परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कराया। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर दिनभर भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहे। बड़े मंगल के अवसर पर पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा बजरंगबली से परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

**ओयल-खीरी।** कस्बे में राजन गुप्ता और संगम गुप्ता द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में सुबह 11 बजे से श्रद्धालुओं को छोला-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही मैंगोशेक की विशेष व्यवस्था भी की गई, जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। ओयल बाजार में लगाए गए स्टालों पर राहगीरों, दुकानदारों और ग्राहकों की भीड़ जुटी रही। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। 'बजरंग बली की जय' के जयकारों से पूरा कस्बा भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और धार्मिक गीतों की धुनें गूंजती रहीं। भंडारों में सेवा कार्य के लिए महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी उत्साहपूर्वक जुटे रहे। आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल पर भंडारा करना सौभाग्य की बात है। श्रद्धालुओं की सुविधा और भीषण गर्मी को देखते हुए इस बार मैंगोशेक की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की गश्त भी जारी रही।

**बम्हनपुर-खीरी।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के पावन अवसर पर बम्हनपुर में पूर्व प्रधान स्वर्गीय श्रीराम जायसवाल के पुत्र अमित जायसवाल एवं हिमांशु जायसवाल द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। पलिया-निघासन स्टेट हाईवे स्थित ईंट भट्टे के पास आयोजित भंडारे में राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए तहरी तथा शीतल जल की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच हाईवे से गुजरने वाले सैकड़ों लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने तहरी का प्रसाद और ठंडा पानी ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर पूरे दिन श्रद्धालुओं और राहगीरों की आवाजाही बनी रही। आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल के अवसर पर हर वर्ष सेवा भाव से भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस दौरान अमित जायसवाल, हिमांशु जायसवाल, सुधीर मौर्य, बब्बू पंडित, अंकित, आयुष जायसवाल, अनूप जायसवाल, रमाकांत दीक्षित, गब्बर महाजन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। भंडारे में सभी ने सेवा कार्य में सहयोग कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**जंगबहादुरगंज-खीरी।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के अवसर पर कस्बे में श्रद्धा और भक्ति के साथ कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। आईसीआईसीआई बैंक के पास आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की शुरुआत बालाजी महाराज के विधिवत पूजन-अर्चन एवं भोग लगाकर की गई। इसके बाद कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया तथा दक्षिणा देकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ भंडारा शाम 6 बजे तक चला, जिसमें पूड़ी, सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन स्थल पर दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। राहगीरों, स्थानीय लोगों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कई लोगों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए इसे सेवा और श्रद्धा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। भंडारे को सफल बनाने में राजीव मिश्रा, विष्णु शुक्ला, रईस खान, सुधीर गुप्ता, अमन पांडे, रूप किशोर शुक्ला, हिमांशु मिश्रा, अभिषेक गुप्ता, ओम तिवारी, निर्मल त्रिवेदी, अनुज गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालुओं ने तन, मन और धन से सहयोग किया।

**खमरिया-खीरी।** ज्येष्ठ माह के सातवें बड़े मंगल पर ईसानगर क्षेत्र पूरी तरह हनुमान भक्ति में सराबोर रहा। सेमरिया स्थित पौराणिक बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु सुबह से ही पदयात्रा कर पहुंचे। भक्तों ने बालाजी को लड्डू का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरित किया और सुख-समृद्धि की कामना की। कस्बा ईसानगर स्थित भगवान सिद्धेश्वर मंदिर से ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार 'दीपू' और भाजपा नेता राजीव अवस्थी 'लालू भैया' के नेतृत्व में विशाल पदयात्रा निकाली गई। वहीं क्षेत्रीय विधायक विनोद शंकर अवस्थी भी श्रद्धालुओं के एक जत्थे के साथ यात्रा में शामिल हुए। करीब 15 किलोमीटर की यात्रा के दौरान जगह-जगह जलपान और श्रद्धालुओं के स्वागत की व्यवस्था की गई। नारीबेहड़, शेखपुर, खमरिया समेत क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों में भंडारों का आयोजन किया गया। कहीं बूंदी और हलवा वितरित किया गया तो कहीं शर्बत पिलाकर सेवा की गई। इस अवसर पर नीरज वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, आशीष पटेल, चंद्रकिशोर मौर्य, सरोज कटियार, कपिल मिश्रा, निर्भय मिश्रा, ऋषि अवस्थी सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अटेवा की जनजागरण यात्रा का गोला में भव्य स्वागत

स्वतंत्र भारत

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** ऑल इंडिया टीचर्स एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन एवं पेंशन बचाओ मंच द्वारा पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण पर रोक तथा सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर निकाली जा रही राज्यव्यापी जनजागरण यात्रा का गोला पहुंचने पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भव्य स्वागत किया। स्थानीय कृषक समाज इंटर कॉलेज के गोवर्धन हाल में आयोजित कार्यक्रम में अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। विजय कुमार बंधु ने कहा कि 11 जून को काकोरी से शुरू हुई यात्रा को प्रदेशभर में शिक्षकों, कर्मचारियों और युवाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य पुरानी पेंशन बहाली और निजीकरण का विरोध है, क्योंकि इससे सरकारी नौकरियां प्रभावित हो रही हैं और युवाओं में असुरक्षा बढ़ रही है। प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी ने आंदोलन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। वहीं डॉ. आशीष वर्मा, राकेश कुमार वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने नई पेंशन योजना का विरोध करते हुए पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग उठाई।

## संयुक्त टीम की कार्रवाई में गांजा तस्कर गिरफ्तार

**सिंगाही-खीरी।** मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिंगाही पुलिस, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध गांजा और नकदी बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी निघासन के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत 15 जून को संयुक्त टीम ने कस्बा सिंगाही के वार्ड नंबर-3 में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान शिवम गुप्ता (32) पुत्र राजीव गुप्ता निवासी वार्ड नंबर-3, थाना सिंगाही को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 3 किलो 862 ग्राम अवैध गांजा तथा 20 हजार रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मुल्लापुर-बरबर मार्ग निर्माण को जल्द मिलेगी गति

**पसगवां-खीरी।** मुल्लापुर-बरबर संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए स्वीकृत 918.12 लाख रुपये की धनराशि जारी कराने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इस संबंध में भारत सरकार की एनआरआईडीए से उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण (यूपीआरआरडीए) को धनराशि हस्तांतरित कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बताया गया कि इस विषय में अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास उत्तर प्रदेश शासन से भी संपर्क किया गया, जिन्होंने मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीआरआरडीए लखनऊ को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। धनराशि आवंटित होते ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। कई वर्षों से लंबित पड़े इस महत्वपूर्ण मार्ग निर्माण कार्य को पुनः शुरू कराने में डीएससीएल शुगर मिल अजबापुर के दीपक मिल्टन ने विशेष प्रयास किए हैं। क्षेत्रीय लोगों ने उनके प्रयासों की सराहना की है। वहीं क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, दर्जा प्राप्त मंत्री वैभव मिश्रा तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने भी सड़क निर्माण शुरू कराने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। सड़क बनने से क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।



## ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी वैगनआर, तीन की मौत, तीन गंभीर घायल

स्वतंत्र भारत

**मैगलगंज-खीरी।** नेशनल हाईवे पर मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में हरिद्वार से सुल्तानपुर लौट रही वैगनआर कार पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रॉली में फंस गई और ट्रैक्टर चालक उसे करीब तीन किलोमीटर तक घसीटते हुए लखीमपुर खीरी के मैगलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चपरतला तक ले आया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा हरदोई जनपद के जहानीखेड़ा क्षेत्र में रात करीब 3 बजे हुआ। चपरतला के पास एक डीसीएम चालक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को रुकवाया, तब घटना की जानकारी हो सकी। सूचना मिलते ही मैगलगंज पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। हादसे में विमल सिंह पटेल (45 वर्ष) पुत्र सियाराम पटेल निवासी शास्त्रीनगर, कोतवाली नगर सुल्तानपुर, उनकी पत्नी विमला सिंह (45 वर्ष) तथा आलिख्या वर्मा (25 वर्ष) पुत्री संतोष वर्मा निवासी रायपुर, दोस्तपुर, सुल्तानपुर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं कार में सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद पसगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शाहजहांपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि वैगनआर कार में कुल छह लोग सवार थे, जो हरिद्वार से सुल्तानपुर लौट रहे थे। मैगलगंज पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जनकल्याण मेले का समापन, योजनाओं की दी गई जानकारी

स्वतंत्र भारत

**मितौली-खीरी।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकासखंड मितौली परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण मेले का मंगलवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर कस्ता मंडल अध्यक्ष कौशल किशोर बाजपेई और मितौली मंडल अध्यक्ष मन्ना लाल राठौर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार तथा एडीओ कृषि नैमिष कुमार यादव ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। अपने संबोधन में कौशल किशोर बाजपेई ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं तथा वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है, जिससे करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है। मेले के दौरान महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर शमशाद अली, एडीओ समाज कल्याण प्रिया दीक्षित, मंडल मंत्री सीलू वर्मा, प्रमोद कुमार, नैमिष यादव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित



## निबंधन कार्य के निजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओं की हड़ताल

**मोहम्मदी-खीरी।** उपनिबंधक कार्यालय में निबंधन कार्य के निजीकरण के विरोध में मंगलवार को अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों ने कार्य का बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान किसी भी प्रकार का निबंधन कार्य नहीं किया गया। अधिवक्ताओं ने शासन के निर्णय की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए इसे उनके हितों के विरुद्ध बताया। उनका कहना है कि निबंधन कार्य के निजीकरण से अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। विरोध प्रदर्शन में शामिल अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक सरकार अपने निर्णय को वापस नहीं लेती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी और निबंधन कार्य नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री विष्णु महायज्ञ आज से


**बिजुआ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** विकास खंड बिजुआ के ग्राम पड़रिया तुला स्थित श्री ठाकुर जी मंदिर परिसर में बुधवार से सप्त दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ होगा। आयोजन समिति ने बताया कि महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं शामिल होंगी। गुरुवार को वेदी रचना का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शुक्रवार को नैमिषारण्य के यज्ञाचार्य विकास ललित मिश्र के सान्निध्य में मंडप प्रवेश एवं अग्नि प्राकट्य कार्यक्रम संपन्न होगा। महायज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन, धार्मिक अनुष्ठान तथा प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार यह धार्मिक आयोजन क्षेत्रवासियों के सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है।

### हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल

**बिजुआ-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र में सोमवार रात बस्तौला चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात करीब 9:15 बजे हुआ। घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल भीरा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी की हालत में पड़े घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बिजुआ चौकी प्रभारी सुशील तिवारी ने बताया कि घायल युवक की पहचान उसके पास मिले ई-श्रम कार्ड से संजय कुमार (32) पुत्र भगवानदीन, निवासी नया गांव, गोला के रूप में हुई। युवक बेसुध अवस्था में होने के कारण अपनी पहचान नहीं बता सका था। ई-श्रम कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर के आधार पर परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### अज्ञात लोगों ने काटकर नष्ट की केले की फसल

**निघासन-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिर्जागंज में अज्ञात लोगों द्वारा दो किसानों की तैयार खड़ी केले की फसल काटकर नष्ट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मिर्जागंज निवासी घुरयी की एक बीघा तथा गुड्डू उर्फ आफसर अली की लगभग एक एकड़ केले की फसल तैयार होने की स्थिति में थी। किसानों का आरोप है कि सोमवार रात अज्ञात लोगों ने उनकी खड़ी फसल को काटकर तहस-नहस कर दिया। मंगलवार सुबह खेत पहुंचने पर दोनों किसानों ने फसल को नष्ट पड़ा देखा तो उनके होश उड़ गए। फसल बर्बाद होने से आहत किसान खेत पर ही फूट-फूटकर रोने लगे। उनकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित किसानों का कहना है कि उनकी मेहनत और लाखों रुपये की लागत पर पानी फिर गया है। दोनों किसानों ने निघासन पुलिस को शिकायत देकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



### भानपुर वारियर्स और जहरुद्दीन इलेवन फाइनल में

**बिजुआ-खीरी।** दीक्षित ग्रुप ऑफ बिजनेस एवं भारत टेंट हाउस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बस्तौली नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-3 के सेमीफाइनल मुकाबले सोमवार रात खेले गए। रोमांचक मुकाबलों में भानपुर वारियर्स और जहरुद्दीन इलेवन ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले सेमीफाइनल में वी-11 संडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 93 रन बनाए। जवाब में भानपुर वारियर्स ने पवन बुमराह की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। पवन ने 50 रनों की शानदार पारी खेलने के साथ गेंदबाजी में भी दो विकेट झटके। उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में गैलेक्सी इलेवन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 9.4 ओवर में मात्र 45 रन पर सिमट गई। जहरुद्दीन इलेवन ने यह लक्ष्य सिर्फ 4.2 ओवर में हासिल कर फाइनल में जगह बना ली। टीम की ओर से बिस्सू ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए और बल्ले से 13 रन का योगदान दिया। उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। अब टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला भानपुर वारियर्स और जहरुद्दीन इलेवन के बीच खेला जाएगा।

### बिना डॉक्टर के अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट तैयार करने का आरोप, जांच की मांग

**निघासन-खीरी।** कस्बा निघासन सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों और लैबों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई केंद्रों पर बिना योग्य चिकित्सकों की निगरानी के जांचें की जा रही हैं और टेक्नीशियन स्वयं अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट तैयार कर मरीजों को सौंप रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में अल्ट्रासाउंड सेंटर और पैथोलॉजी लैब संचालित हैं, जहां प्रशिक्षित एवं अधिकृत विशेषज्ञों की उपलब्धता संदिग्ध है। आरोप है कि गलत रिपोर्टों के कारण मरीजों को परेशानी और गलत उपचार का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। उनका आरोप है कि अवैध रूप से संचालित केंद्रों पर पर्याप्त निगरानी का अभाव है। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से मामले की जांच कर नियमों के अनुरूप कार्रवाई करने तथा मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## नीट परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क 21 जून को सात केंद्रों पर होगी परीक्षा



**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा में 3366 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

परीक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एनटीए की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर सहित किसी भी प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने अधिकारियों से निर्धारित मानकों के अनुसार जिम्मेदारियों का निर्वहन करने को कहा। वहीं डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि फिजिक्स, केमिस्ट्री, जूलॉजी एवं बॉटनी विषयों के शिक्षकों की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में नहीं लगाई जाएगी, ताकि परीक्षा की निष्पक्षता बनी रहे।

## तस्करी करती तीन नेपाली महिलाएं गिरफ्तार

**पलिया-खीरी।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 49वीं वाहिनी एसएसबी पीलीभीत की बी कंपनी बसही के अंतर्गत सीमा चौकी आजाद नगर के जवानों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करी के एक प्रयास को विफल कर दिया। इस दौरान तीन नेपाली महिलाओं को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से भारी मात्रा में कीटनाशक दवाइयां, लोहे का जाल तथा तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। एसएसबी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सीमा पार अवैध सामान ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना के आधार पर जवानों ने पिलर संख्या 768/38 के निकट भारतीय क्षेत्र में लगभग 300 मीटर अंदर गश्त और तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रही तीन महिलाओं को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उनकी पहचान नेपाल के कंचनपुर जिले की निवासी रितु तमांग, सोनिया तमांग और शांति तमांग के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से करीब 1.33 लाख रुपये मूल्य की विभिन्न प्रकार की कीटनाशक दवाइयां, 15 किलोग्राम आयरन नेट तथा तस्करी में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। जब्त सामान की कुल अनुमानित कीमत 4.10 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। एसएसबी ने जब्त सामान और आरोपितों को कस्टम के सुपुर्द कर दिया।



## सरकार की योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: वासुदेव मौर्य

**लखीमपुर-खीरी।** भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित जिला पदाधिकारियों की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य वासुदेव मौर्य ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर है। कार्यकर्ताओं को ईमानदारी और सक्रियता के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे 'विश्वास, विकास और जनकल्याण' कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना आवश्यक है। शासन और संगठन के समन्वय से संचालित योजनाओं का लाभ आम जनजीवन को मिलना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी प्रकार की हीलाहवाली स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने 17 जून को आयोजित होने वाले विकसित भारत सम्मेलन में प्रबुद्ध वर्ग की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही 18 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशाला, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तथा 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी ली। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मनोज वर्मा ने किया। जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र ने बताया कि बैठक में राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीत कुमारी, अनुराग मिश्रा, राजेश सिंह, आशू मिश्रा, रामजी मौर्य, किरण अग्रवाल, संतोष कुमारी, संगीता पुरी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।




स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## समझौते की राह

पश्चिम एशिया में तीन महीने से ज्यादा समय से चल रही जंग रुकने की स्थिति का दावा किया जा रहा है। अमेरिका और ईरान ने इसे लेकर समझौता होने की पुष्टि भी कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समझौते को लेकर काफी आशान्वित हैं। उन्होंने यह खबर आने के साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने की घोषणा कर दी। हालांकि समझौते पर आधिकारिक रूप से मुहर शुक्रवार को लगेगी लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के उत्साह से लगता है कि उन्हें अपनी कूटनीति तथा इस हाथ ले-उस हाथ दे की समझ पर ज्यादा भरोसा है। उनकी क्षमता पर सोचने की वजह भी है। समझौते पर ईरान के उप विदेश मंत्री द्वारा दिलवाए गए बयान में कहा गया है कि उनका देश अंतिम समझौते के लिए प्रस्तावित साठ दिनों की वार्ता अवधि में तभी प्रवेश करेगा जब वह युद्ध करने, नाकेबंदी हटाने और ईरानी 'संपत्तियों' को जारी करने संबंधी वॉशिंगटन की प्रतिबद्धताओं का सत्यापन कर लेगा। केवल यह बयान ही समझौते के भविष्य को सवालों के घेरे में ले आता है। इन तीन महीनों के दौरान जब भी किसी शांति वार्ता या युद्धविराम की बात उठी तो दोनों में से किसी एक देश द्वारा कोई ऐसा कदम उठा लिया गया कि समूची प्रक्रिया जहां की तहां रह गई और जंग एक कदम और आगे बढ़ गई। हालांकि खुद राष्ट्रपति ट्रंप किसी बात पर अपना रुख तो जाहिर करते हैं लेकिन ज्यादा समय तक उस पर टिक नहीं पाते। उदाहरण के लिए जब वह कहते हैं कि युद्ध खत्म करने या युद्धविराम को लेकर सहमति बन सकती है लेकिन अगले ही दिन इसके उलट या भ्रम पैदा करने वाला कोई और बयान दे देते हैं। समस्या केवल अमेरिकी राष्ट्रपति को लेकर ही नहीं है। बल्कि ईरान के पास भी इतनी आशंकाएं और आपत्तियां हैं कि वह किसी नतीजे तक पहुंचने के लिए अनिच्छुक दिखाई देता है। ताजा समझौते को लेकर दोनों पक्ष दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में संयम और समझदारी से काम लें तो पश्चिम एशिया का जबर्दस्त तनाव खत्म करने में मदद मिल सकती है पर इसके लिए दोनों को अपना दृष्टिकोण उदार बनाने की जरूरत होगी। इस तनाव में एक तीसरा देश इजरायल भी शामिल है जो ट्रंप की खिन्नता के कारण पिछले कुछ समय से चुप है लेकिन ईरान से उसकी दुश्मनी छिपी नहीं है। उसने ताजा समझौते से खुद के अलग रहने की घोषणा कर दी है। यानी वह टकराव जारी रखेगा। वैसे भी लंबे समय से वह ईरान को किसी न किसी तरह गहरी चोट पहुंचाता रहा है। ऐसे में देखने की बात होगी कि पश्चिम एशिया में इन तीनों देशों के बीच कौन सा समीकरण आकार लेता है। खाड़ी देशों के लिए भी जरूरी है कि अमेरिका और ईरान तनाव खत्म करें।

## एक और धमाका

जोखिम के किसी भी काम में लापरवाही बरतना कभी न कभी जानलेवा साबित होता है। यह केवल वक्त की बात होती है कि हादसा कब घटता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि संबंधित लोग कितने समर्थ हैं। लखनऊ के नगराम में एक पटाखा फैक्टरी में हुआ हादसा इसी बात को एक बार फिर साबित कर गया है। समस्या यह है कि पटाखा फैक्टरियों में अक्सर जानलेवा हादसे होने के बाद भी लोग सबक नहीं लेते। जिस फैक्टरी में धमाका हुआ उसे अवैध तो नहीं कहा जा सकता क्योंकि उसका लाइसेंस था लेकिन सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही ने वहां काम कर रही एक महिला की जान ले ली। वहां अग्निसुरक्षा उपकरण नहीं थे और बिना मानक पूरे किए हुए फैक्टरी चलाई जा रही थी। ऐसी बेफिक्री के बीच वहां कुंतलों बारूद और पटाखे डंप किए गए थे। पटाखे अपने आप में बेहद नाजुक-संवेदनशील पदार्थ होते हैं। पिछले सात सालों के दौरान लखनऊ में इनके विस्फोट और उनमें लोगों की मौतें होने के बारह हादसे हो चुके हैं। यह इस व्यवसाय से जुड़े लोगों के सतर्क और सावधानी के साथ काम करने के लिए काफी होना चाहिए था लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि ऐसा नहीं हो रहा है। इसी का नतीजा नगराम हादसे के रूप में सामने आया जहां हुआ विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि मलबे के टुकड़े दो सौ मीटर दूर तक गिरे। अभी तक जितनी भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, उनमें भी यही बात सामने आई है कि पटाखे बनाने और तैयार माल का भंडारण करने में जरूरी नियमों का पालन न करते हुए एहतियात नहीं बरता गया। इसी वजह से हल्की सी चिंगारी ने भी पटाखों के तैयार माल को धधका दिया जिससे बच्चों और महिलाओं समेत काम में लगे लोगों की जानें तो गईं ही, घर की इमारतें भी खंडहर में तब्दील हो गईं। ऐसे में इन फैक्टरियों से जुड़े लोगों को तो पूरे समय सावधानी बरतने का ध्यान रखने के साथ बचाव के जरूरी इंतजाम भी करने चाहिए, संबंधित विभागों को भी बराबर निरीक्षण करते रहना चाहिए।

# भीतरी बगावत है पीओके से उठी आवाज

**– आनंद कुमार**

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में चल रहा आंदोलन 1947 के बाद से इस क्षेत्र में पाकिस्तान के सामने खड़ी सबसे गंभीर राजनीतिक चुनौतियों में से एक है. पहली नजर में यह विवाद विधानसभा की 45 में से 12 सीटों के आरक्षण का मुद्दा प्रतीत होता है, जो उन शरणार्थियों के लिए सुरक्षित हैं, जो विभाजन के बाद भारतीय जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान चले गये थे, किंतु यह पूरा सच नहीं है. दरअसल, पीओके में जो कुछ हो रहा है, वह राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक उपेक्षा, क्षेत्रीय पहचान और पाकिस्तान की सैन्य-राजनीतिक व्यवस्था के अत्यधिक हस्तक्षेप के विरुद्ध वर्षों से जमा होते आ रहे असंतोष का विस्फोट है. यह केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि पाकिस्तान की उस व्यवस्था के विरुद्ध भीतर से उठी चुनौती है, जिसने लंबे समय से इस क्षेत्र को अपने सामरिक हितों के अनुरूप संचालित किया है।

वर्तमान आंदोलन की तात्कालिक वजह विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को खत्म करने की मांग है. ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं, जो भारतीय जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में बस गये थे. पाकिस्तान का तर्क है कि यह व्यवस्था कश्मीर के पूरे भूभाग पर उसके दावे को मजबूत करती है और विस्थापित कश्मीरियों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करती है. पर पीओके के स्थानीय निवासियों की दृष्टि में यह व्यवस्था लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का प्रतीक बन चुकी है. उनका कहना है कि विधानसभा की लगभग एक-चौथाई सीटों पर ऐसे लोग क्यों चुने जायें, जो न इस क्षेत्र में रहते हैं, न ही यहां के लोगों की समस्याओं से उनका सीधा संबंध है।

पीओके के सर्वोच्च न्यायालय ने इन सीटों को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त बताते हुए कहा है कि इन्हें समाप्त करने के लिए संवैधानिक संशोधन जरूरी होगा. पर स्पष्ट है कि यह केवल कानूनी प्रश्न नहीं, बल्कि एक गहरा राजनीतिक संकट है. मुजफ्फराबाद और रावलाकोट में हजारों लोगों का सड़कों पर उतरना, प्रतिबंधों और गिरफ्तारियों के बावजूद आंदोलन का जारी रहना इसका प्रमाण है कि यह मुद्दा आम जनता के मन में गहरी जगह बना चुका है।


इस आंदोलन के केंद्र में जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) है, जिसका गठन 2023 में हुआ था. आरंभ में यह संगठन बढ़ती बिजली दरों, गेहूं पर सब्सिडी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनांदोलन के रूप में उभरा था. पर धीरे-धीरे इस आंदोलन में राजनीतिक प्रश्न उठाये जाने लगे. अब यह संगठन राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संस्थागत सुधार और क्षेत्रीय स्वायत्तता की मांग कर रहा है. यह परिवर्तन दर्शाता है कि आर्थिक संकट ने लोगों को व्यवस्था की मूल संरचना पर प्रश्न उठाने के लिए प्रेरित किया है।

विडंबना यह है कि पाकिस्तान लंबे समय से स्वयं को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीरियों के अधिकारों का सबसे बड़ा समर्थक बताता रहा है. आत्मनिर्णय और लोकतांत्रिक अधिकारों की भाषा उसकी कश्मीर नीति का केंद्रीय तत्व रही है. किंतु आज पीओके से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वे बिल्कुल अलग कहानी कहती हैं. हजारों लोग सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे हैं, सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की गयी है, इंटरनेट सेवाएं बंद की जा रही हैं, गिरफ्तारियां हो रही हैं और मानवाधिकार संगठनों द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के आरोप लगाये जा रहे हैं. यह विरोधाभास नया नहीं है. पीओके की संवैधानिक स्थिति शुरू से ही अस्पष्ट रही है।

औपचारिक रूप से वहां अपना राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विधानसभा है, लेकिन रक्षा, विदेश नीति और अनेक महत्वपूर्ण मामलों पर नियंत्रण इस्लामाबाद का ही रहा है. समय के साथ लोगों में यह धारणा मजबूत हुई है कि उनकी संस्थाओं के पास वास्तविक अधिकार नहीं हैं और उनके भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय कहीं और लिये जाते हैं. यही असंतोष समय-समय पर आंदोलनों के रूप में सामने आता रहा है, पर इस बार उसका स्वरूप कहीं अधिक व्यापक है. इस आंदोलन का एक महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय पहचान का प्रश्न भी है. लंबे समय से यह देखा गया है कि पीओके के एक वर्ग में पाकिस्तान की राजनीतिक और सैन्य अभिजात्य व्यवस्था के प्रति असंतोष रहा है। सांस्कृतिक व भाषायी निकटता के बावजूद लोग खुद को अलग राजनीतिक पहचान के रूप में देखते हैं. मौजूदा आंदोलन इसका संकेत है कि बड़ी संख्या में लोग अपने राजनीतिक भविष्य के स्वतंत्र निर्धारक बनना चाहते हैं. आर्थिक मुद्दों ने इस चेतना को और मजबूत किया है. वर्ष 2023 और 2024 के आंदोलनों में बिजली की ऊंची दरें और सब्सिडी वाले गेहूं की कमी प्रमुख मुद्दे थे. तब लोगों ने सवाल उठाया था कि जिन क्षेत्रों में विशाल जलविद्युत परियोजनाएं हैं, जहां से पाकिस्तान को बिजली मिलती है, वहां के लोगों को ही महंगी बिजली क्यों खरीदनी पड़ती है? मंगला बांध जैसे परियोजनाओं के कारण हजारों लोग विस्थापित हुए, पर उन्हें अपेक्षित लाभ नहीं मिला. इससे लोगों में यह भावना गहरी हुई कि विकास की कीमत उन्होंने चुकाई है, जबकि उसके लाभ कहीं और पहुंचे हैं। इस आंदोलन पर पाकिस्तान सरकार की प्रतिक्रिया भी अपेक्षित ही रही है. जेएएसी पर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत प्रतिबंध लगाया गया, उसके नेताओं को गिरफ्तार किया गया और आंदोलन को राष्ट्रविरोधी बताया गया. पर अनुभव बताता है कि केवल दमन से राजनीतिक असंतोष समाप्त नहीं होता. बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और सिंध में भी सुरक्षा-केंद्रित नीतियां मूल समस्याओं का समाधान नहीं कर सकी हैं. पीओके में भी बल प्रयोग शायद अस्थायी रूप से विरोध को दबा दे, पर उसके कारणों को समाप्त नहीं कर सकता। पीओके का संकट पाकिस्तान के व्यापक आंतरिक संकट का हिस्सा है. देश के अनेक हिस्सों में राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संघीय ढांचे और शासन की वैधता पर प्रश्न उठ रहे हैं. आर्थिक कठिनाइयों, राजनीतिक ध्रुवीकरण और सेना तथा नागरिक संस्थाओं के बीच तनाव ने एक अस्थिर वातावरण पैदा कर दिया है. ऐसे में पीओके का आंदोलन केवल एक क्षेत्रीय घटना नहीं रह जाता, बल्कि पाकिस्तान के राज्य-तंत्र और उसकी राजनीतिक संरचना पर एक व्यापक बहस का हिस्सा बन जाता है। यह स्पष्ट है कि पीओके का संकट शासन, पहचान और राजनीतिक वैधता की प्रतिस्पर्धी अवधारणाओं का संघर्ष है. यह उन लोगों की आवाज है, जो अपने भविष्य पर अधिक अधिकार चाहते हैं और लंबे समय से चली आ रही व्यवस्थाओं को चुनौती दे रहे हैं. पीओके में उठी आवाज भीतर की बगावत है, जो पाकिस्तान की राजनीति पर दूरगामी असर डाल सकती है।



## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

अर्जुन उवाच
एवं सततयुक्ता ये भक्तास्त्वां पर्युपासते। ये चाप्यक्षरमव्यक्तं तेषां के योगवित्तमाः ।।1।।

'एवं' अर्थात् इस प्रकार जो अभी-अभी आपने विधि बतायी है, ठीक इसी विधि के अनुसार अनन्य भक्ति से जो आपकी शरण लेकर, आपसे निरन्तर संयुक्त होकर आपको भली प्रकार उपासते हैं और दूसरे जो आपकी शरण न लेकर स्वतन्त्र रूप से अपने भरोसे उसी अक्षय और अव्यक्त स्वरूप की उपासना करते हैं, जिसमें आप भी स्थित हैं- इन दोनों प्रकार के भक्तों में अधिक उत्तम योगवेत्ता कौन है? इस पर योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा-

श्रीभगवानुवाच
निमय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते। श्रद्धया परयोपेतास्ते मे युक्तमा मताः ।।2।।

अर्जुन ! मुझमें मन को एकाग्र करके निरन्तर मुझसे संयुक्त हुए जो भक्तजन परम से सम्बन्ध रखनेवाली श्रेष्ठ श्रद्धा से युक्त होकर मुझे भजते हैं, वे मुझे योगियों में भी अति उत्तम योगी मान्य हैं।

ये त्वक्षरमनिर्देश्यमव्यक्तं पर्युपासते । सर्वत्रगमचिन्त्यं च कूटस्थमचलं ध्रुवम् ।।3।। सन्नियम्येन्द्रियग्रामं सर्वत्र समबुद्धयः। ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्वभूतहिते रताः ।।4।।

जो पुरुष इन्द्रियों के समुदाय को भली प्रकार संयत करके मन-बुद्धि के चिन्तन से अत्यन्त परे, सर्वव्यापी, अकथनीय स्वरूप, सदा एकरस रहनेवाले, नित्य, अचल, अव्यक्त, आकाररहित और अविनाशी ब्रह्म की उपासना करते हैं, सम्पूर्ण भूतों के हित में लगे हुए और सबमें समान भाववाले वे योगी भी मुझे ही प्राप्त होते हैं। ब्रह्म के उपर्युक्त विशेषण मुझसे भिन्न नहीं हैं। किन्तु-

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम् ।
अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं देहवद्भिरवाप्यते ।।5।।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।


♦♦♦

**गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।**
**द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।**

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

# सबकी नज़र शुक्रवार को स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा समझौते पर



**– अशोक भाटिया**

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने और तनाव कम करने के लिए हुए प्रारंभिक समझौते पर शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होने वाले हैं। इस समझौते का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और दोनों देशों के बीच शत्रुता को समाप्त करना है। इसके साथ ही 100 दिनों से अधिक समय तक चले युद्ध का अंत हो जाएगा । ईरान की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, परमाणु शांति समझौते के उद्देश्य से तेहरान और वाशिंगटन के बीच हुए इस समझौते का दोनों पक्षों ने स्वागत किया है। सकारात्मक घटनाक्रम के बावजूद, बेरूत में ईरान समर्थित हिज़्बुल्लाह के साथ इज़राइल की चल रही सैन्य शत्रुता के कारण अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे समझौते के खतरे में पड़ने की आशंका है। रविवार (14 जून, 2026) को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इज़राइल से आग्रह किया कि वह समझौते को न बिगाड़े, जब इज़राइल की सेना ने हिज़्बुल्लाह पर हमले किए। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाब देते हुए कहा, 'इज़राइल अपनी धरती पर गोलीबारी बर्दाश्त नहीं करेगा ।' इस घोषणा के बाद, युद्ध और तेल आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता कम होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट आई और यह 83 डालर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई विश्व नेताओं ने समझौते का स्वागत किया। मोदी ने कहा कि इस समझ के क्रियान्वयन से क्षेत्र में शांति, स्थिरता और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

ब्रेंट वायदा बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 83.33 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हो गईं, जो पिछले सप्ताह तक 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास थीं, और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी, जिसके कारण वृद्धि हुई, तुरंत हटा ली जाएगी। फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ने वाला संकरा जलमार्ग वैश्विक तेल का एक प्रमुख स्रोत है क्योंकि यह दुनिया के कच्चे तेल के प्रवाह का लगभग 20 प्रतिशत है। अमेरिका ने गारंटी दी है कि कोई नौसैनिक नाकाबंदी नहीं होगी। इसलिए ट्रंप की घोषणा के कुछ घंटे बाद ही यह घोषणा की गई कि ईरान ने भी समझौते के मसौदे पर सहमति जताई है। इसलिए पिछले कई दिनों से दोनों देश 'वे एक बात कहते हैं और वे उसे अस्वीकार करते हैं' के चक्र से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। अनिश्चितता से कुछ निश्चित का स्वागत है। ये भी स्वाभाविक है कि ईंधन की कमी से चल रहे देशों ने राहत की सांस ली है। इजरायल की जिद ने दुनिया को एक नई स्थिति में डाल दिया जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने फरवरी में ईरान पर बड़े पैमाने पर हमला किया, ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई को खत्म कर दिया और सैन्य नेतृत्व के शीर्ष अधिकारियों को काट दिया।वह विनाशकारी भी साबित हुआ। मध्य पूर्व में अमेरिका के सहयोगी अरब देश संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में इस प्रतिरोध से अधिक प्रभावित थे। यह आज भी बैठा है। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और कुवैत के तेल समृद्ध देश संयुक्त राज्य अमेरिका की अन्य पहचान थे, और ईरान ने उन्हें इस बात से अवगत कराया कि यहां से उनसे निपटना कितना मुश्किल होगा, जिनमें से प्रत्येक ईरान की विनाशकारी मिसाइलों की सीमा के भीतर आता है, और वर्तमान अमेरिकी नेतृत्व में ईरान के निर्णय लेने पर उन्हें रोकने की क्षमता या इच्छाशक्ति का अभाव है। इस मामले में भी यही सच है। इनमें से किसी भी देश के पास होर्मुज जैसे जलमार्गों की नाकाबंदी हटाने की शक्ति नहीं है। इसलिए, इन अरबों के लिए ईरान के साथ तनावपूर्ण संबंधों को शांत करना सबसे महत्वपूर्ण था। अरबों को पता है कि अगर संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान की बागडोर संभालने का फैसला करता है, तो उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान होगा। इसलिए कभी 'ईरान को न्याय के कटघरे में लाने' पर अड़े रहने वाले सऊदी शासक मोहम्मद बिन सलमान ने भी इजरायल के नरसंहार करने वाले प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू की तरह अब अपनी भाषा बदल ली है। ऐसे में सभी अरब शेख ट्रंप की अब्राहम समझौते की नई 'तुरही' से सावधान हैं। उन्हें लगता है कि अगर बिना किसी बातचीत के शांति कायम हो जाती है तो यह बहुत अच्छा है। न तो शांति समझौते और न ही इसके मसौदा समझौते में दो प्रमुख समस्याएं शामिल हैं। ईरान का परमाणु विकास कार्यक्रम और जमी हुई ईरानी संपत्ति की रिहाई। नए 60-दिवसीय युद्धविराम में इन दो मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। पिछले युद्धविराम की घोषणा अप्रैल और मई की शुरुआत में की गई थी। जैसा कि ट्रम्प अपने 80 वें जन्मदिन के भव्य अवसर पर सौदे की घोषणा करने की तैयारी कर रहे थे, उनकी सजी हुई प्लेट लेबनान पर इजरायल के हमलों से बिखर गई थी। इसलिए नाराज ट्रम्प ने अपने सहयोगी, नरसंहार नेतन्याहू को एक लाख गालियां दीं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि वह चुप रहेंगे। इज़राइल अभी भी ईरान-अमेरिका समझौते के लिए प्रतिबद्ध नहीं है। ऐसी भूमिका ली गई है। कम से कम दो पिछले मौकों पर जब शांति वार्ता अंतिम चरण में थी, नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई के बहाने लेबनान पर आग लगा दी है। इसलिए, ईरान ने तुरंत बातचीत रोक दी। इज़राइल ईरान के केंद्र में होने के साथ पश्चिम एशिया में स्थायी शांति को स्वीकार नहीं करता है और न ही करेगा। इस बात की संभावना नहीं है कि नेतन्याहू अगले 60 दिनों में चुप रहेंगे। ट्रम्प हाल ही में नेतन्याहू के साथ अक्सर सार्वजनिक रूप से निराश रहे हैं; लेकिन नेतन्याहू को घेरने की उनकी क्षमता की कमी इस प्रक्रिया में अगला संभावित खतरा है। नेतन्याहू का राजनीतिक अस्तित्व दांव पर है, भले ही अगली राजनीतिक लड़ाई ट्रम्प के लिए महत्वपूर्ण हो, लेकिन उनके सिंहासन को तुरंत खतरा नहीं है। यह झूलता रहा। यदि यह लड़ाई अब कम हो रही है, तो यह नरसंहार नेतन्याहू के लिए एक अस्तित्वगत मुद्दा बन जाता है। इसलिए, स्थायी शांति या संभावित विनाश की दिशा इस बात पर आधारित होगी कि जानलेवा और भयावह नरसंहार करने वाले आगे क्या करते हैं, न कि पागल ईरानी नेतृत्व और इससे भी अधिक भोले अमेरिकी नेतृत्व पर। भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसने युद्ध या शांति प्रक्रिया में भाग लिए बिना इस अवधि में महत्वपूर्ण हताहतों का सामना किया है। ईरान के साथ हमारी कोई घनिष्ठ मित्रता नहीं है, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, और खाड़ी देशों के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, जिन्होंने वर्षों से आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध विकसित किए हैं, जिनमें से किसी ने भी भारतीय जीवन की गारंटी नहीं दी है या जीवन के नुकसान के लिए माफी नहीं मांगी है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**ईरान -अमेरिका ने किया ऐतिहासिक समझौता**
अब बाकी बचे देश लड़ना शुरू कर सकते हैं!

**राममंदिर ट्रस्ट घोटाले में एसआईटी जांच शुरू**
छोटी मछलियां फंसेंगी तभी मगरमच्छ बचेंगे!

**भारत में वेलनेस अब शौक नहीं,नयी जीवनशैली**
बकाया लोग मुफ्त राशन की लाइनों में लगे हैं!

**नीट री-एक्जाम पेपर लीक के नाम साइबर ठगी**
डिजिटल इंडियंस हर क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं!

**इजरायल हमास युद्ध में मरे हज़ारों फिलिस्तीनी**
न्यूटन का तीसरा नियम समय पर काम करेगा!

**जनता दर्शन में उमड़ी फरियादियों की भारी भीड़**
व्यवस्था विकलांग हो तो यही एक उपलब्धि है!

♦♦♦

## प्रेरक प्रसंग

## पिता की सीख

एक सेठ थे। उन्होंने अपने जीवन में खूब कमाई की। बाद में मोह-माया से उनका मन हट गया। वह ईश्वर की उपासना करने लगे। एक दिन एक आदमी उनके पास आया। बोलो, 'देखिये, मेरे पिता और आपके पिता बड़े मित्र थे। आपके पिता ने मेरे पिता की बड़ी मदद की उससे हमारा कारोबार जमा और हमें बहुत से धन की प्राप्ति हुई। आज भी भगवान की कृपा और आपके आशीर्वाद से हमारा व्यापार बहुत अच्छी तरह से चल रहा है'।

सेठ का उस दिन मौन था। वह चुपचाप उनकी बात सुनते रहे।

अंत में वह भाई बोले, आपके पिता का ऋण तो क्या चुका सकते हैं! लेकिन लीजिये, ये कुछ मोहरे आपकी भेंट हैं।

इतना कहकर उन्होंने मोहरों की एक थौली निकाली और उनके सामने रखकर चले गये।

जब सेठ का मौन समाप्त हुआ तो उन्होंने अपने लड़के को बुलाया और कहा, जाओ, यह थैली उस आदमी को लौटा आओ।

पिता से उस आदमी ने जो कहा था, वह बेटे ने सुना था। वह बोला, आप यह थैली क्यों वापस करवाते हैं ? वह बिना मांगे दे गये हैं। ये मोहरें हमारे काम आ जायेंगी। आखिर हमारे भी तो बाल-बच्चे हैं।

पिता यह सुनकर गंभीर हो गये, उन्होंने कहा, जिस चीज से मैंने मुंह मोड़ लिया है, तुम चाहते हो कि मैं उसी चक्कर में पडूं और तुम लोगों को डालूं ? यह मुझसे नहीं होगा। मैं तो बस इतना चाहता हूं कि मेरे जीवन के बचे दिन भगवद्-भक्ति में बीतें और तुम लोग अपनी मेहनत की कमाई पर आगे बढ़ो।

इतना कहते-कहते पिता की आंखों से आंसू टपकने लगे।

बेटे ने फिर कुछ नहीं कहा। वह दौड़ा हुआ गया और थैली लौटा आया।

## आपका पत्र मिला

### गरीब मरीजों पर दवाओं की महंगाई की दोहरी मार

एक तरफ आम आदमी पहले से ही महंगाई और बढ़ते स्वास्थ्य खर्चों से जूझ रहा है ऐसे में जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में वृद्धि उसकी सेहत ही खराब करेगी।कैंसर की दवाओं, एंटी-टेटनस सीरम और बच्चों के कुछ टीकों की कीमतों में पचास प्रतिशत तक बढ़ोतरी गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के लिए सचमुच ÷दुबले पर दो आषाढ़÷ जैसी स्थिति पैदा करती है। जिन परिवारों के लिए रोजमर्रा का खर्च चलाना ही कठिन है उनके लिए इलाज का अतिरिक्त बोझ असहनीय बन सकता है।हालांकि सरकार और दवा मूल्य निर्धारण प्राधिकरण का तर्क है कि उत्पादन लागत बढ़ने और आपूर्ति बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक है लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं का सामाजिक पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि जीवनरक्षक दवाएं आम लोगों की पहुंच से बाहर हो जाएं तो उनका उपलब्ध होना भी निरर्थक साबित होगा। गरीब मरीजों को केवल दवाओं का ही नहीं बल्कि जांच, अस्पताल, यात्रा और रोजगार छूटने जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।भारत जैसे देश में स्वास्थ्य सेवा को बाजार की वस्तु नहीं की बजाय बुनियादी अधिकार के रूप में देखा जाना अधिक जरूरी है। सरकार को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त या रियायती दर पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का दायरा बढ़ाकर महंगी दवाओं को भी उसमें शामिल किया जाना चाहिए।दवाओं की उपलब्धता और उनकी किफायत दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। नीति का लक्ष्य ऐसा संतुलन बनाना होना चाहिए, जिससे कंपनियों का उत्पादन भी प्रभावित न हो और गरीब मरीजों का उपचार भी बाधित न हो। यही संवेदनशील और न्यायपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था की पहचान होगी।इससे कमज़ोर वर्गों को बड़ी मदद मिलेगी।

**अमृतलाल मारू रवि**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू में सफलता के लिए अपनाएं ये टिप्स



हमारे देश में कई ऐसी भर्तियां होती हैं जिनमें ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू राउंड का आयोजन किया जाता है। ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से स्किल्स का पता लगाते हैं और उनके अंदर के होना और टैलेंट की जांच परख करते हैं। अक्सर देखा जाता है कि अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/ रिटेन टेस्ट में तो आसानी से सफलता प्राप्त कर लेते हैं लेकिन वे ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू के समय अन्य उम्मीदवारों से पीछे रह जाते हैं और नौकरी हासिल करने में पीछे छूट जाते हैं। अगर आपके साथ ही ऐसा ही कुछ है तो हम यहां कुछ ऐसी जरूरी बातें बता रहे हैं जिनको फॉलो करके आप ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे और अवश्य ही नौकरी पाने का सपना आसानी से पूरा कर सकेंगे।

**ओवर कॉन्फिडेंस से बचें :** ऐसा देखने में आता है कि आपको जिस विषय पर चर्चा हो रही है और पता उसके बारे में पता नहीं है फिर भी ओवर कॉन्फिडेंस के चलते आप उसकी शुरुआत कर देते हैं। इसके बाद आपको आगे चलकर दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है जिससे अवश्य ही आपके अंकों में कटौती हो जाएगी। इसलिए अगर आपको किसी विषय के बारे में पूरी जानकारी न हो तो आप उस पर खुद पर कंट्रोल रखें।

**प्वॉइंट पर करें बात :** अगर आपका प्वाइंट अच्छा है और सबके सामने रख सकते हैं तो तुरंत ही उसे बोल दें, क्योंकि हो सकता है कि आपके दिमाग में जो अच्छा बिंदु आया है वही थोड़े समय बाद कोई और बोल दें। इसके साथ अपना प्वाइंट तभी रखें जब आपको उसके बारे में पूरी जानकारी हो और बातों को इधर-उधर न घूमाएं।

**दूसरों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनें : -**
अगर आप ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू में शामिल हो रहे हैं तो उस दौरान केवल खुद ही न बोलते रहें, हर किसी को बोलने का मौका दें। इसके साथ ही जब कोई दूसरा बोल रहा हो तो उसकी बात बिल्कुल नहीं काटें। जब बात पूरी हो जाए तभी उसका जवाब दें।

**तैयारी के लिए लगातार पढ़ते रहें :** इंटरव्यू की तैयारी के लिए आपको लगातार अध्ययन करना जारी रखना होगा। इसके माध्यम से आप हर समस्या या इश्यू से अवगत रहेंगे और अच्छे से इंटरव्यू की तैयारी कर सकेंगे। आपको अन्य चीजों साथ करेंट अफेयर्स पर लगातार नजर बनाये रखनी है। यह इंटरव्यू के समय बहुत उपयोगी साबित होगा, क्योंकि अक्सर देखा गया है कि सवाल का सिलसिला करेंट अफेयर्स से ही जुड़ा होता है।

# डिजिटल सेक्टर के क्षेत्र में ऐसे बनाएं अपना भविष्य



देश में सरकारी जॉब्स का कल्चर दशकों से लोगों के जेहन में बसा हुआ है। 10वीं-11वीं कक्षा से ही युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना शुरू कर देते हैं लेकिन सरकारी नौकरी मिलने का प्रतिशत बहुत कम होता जा रहा है क्योंकि देश की जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन आपको पता है कि सालों साल सरकारी नौकरी की तैयारी करने के बाद ओवरएज हो चुके लाखों उम्मीदवार आज के समय में प्राइवेट कंपनियों में नौकरी करने को मजबूर हैं। अगर उन्होंने ग्रेजुएशन के बाद से ही डिजिटल सेक्टर में करिअर बनाने की सोची होती तो आज के समय में 12-15 लाख रुपये सालाना हासिल कर रहे होते।

इसलिए आप भी ग्रेजुएट हैं और किसी शॉर्ट टर्म कोर्स के जरिए अपना कॅरिअर बनाने की सोच रहे हैं तो सफलता के एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग की मदद से आप कुछ ही महीनों में लाखों के पैकेज की नौकरी हासिल कर सकते हैं। 6 महीने का ये कोर्स आपके लिए डिजिटल मार्केटिंग इंडस्ट्री में नौकरियों के कई दरवाजे खोल देगा।

**एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग**
**डिजिटल मार्केटिंग ई बुक**
**डिजिटल मार्केटिंग मॉक टेस्ट**

**सोशल मीडिया मैनेजर :** हर कंपनी के लिए आज के समय में एक सोशल मीडिया मैनेजर रखना बहुत जरूरी हो गया है। सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया ट्रेंड्स, कंटेंट क्रिएशन, कंटेंट स्ट्रेटजी, कम्प्टीटर एनालिसिस और उपभोक्ताओं के बारे में रिसर्च जैसे काम करता है। एक सोशल मीडिया मैनेजर की शुरूआती औसत सैलरी 4 लाख रुपये सालाना होती है।

**एसईओ एग्जीक्यूटिव :**
किसी भी वेबसाइट के लिए आज के समय में जरूरी है कि वह गूगल पर उससे संबंधित सर्च करने पर दिखाए गए रिजल्ट्स में पहले पायदानों पर आए।
हर कंपनी के लिए एसईओ एग्जीक्यूटिव यह काम करता है। वेबसाइट के एसईओ पर काम करके वह वेबसाइट और उसके कंटेंट को टॉप सर्च में लेकर आता है।

**पीपीसी एक्सपर्ट्स :**
हरेक कंपनी के विभिन्न पैड कैंपेन्स को पे पर क्लिक एक्सपर्ट् प्रबंधित करते हैं। इनका काम कंपनी की केपीआईएस देखना और जरूरी रिपोर्ट्स तैयार करना है। ये एक्सपर्ट्स टारगेट ऑडियंस को लक्षित करके बेहतर पैड माध्यमों के इस्तेमाल से कंपनी की सेल बढ़ाने का काम करते हैं।

**कंटेंट मार्केटर:**
किसी भी ई-कॉमर्स कंपनी में कंटेंट मार्केटर का रोल बहुत अहम होता है। क्योंकि यही कंटेंट मार्केटर विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों में कंटेंट तैयार कर लोगों तक पहुंचाते हैं। जिससे ब्रांड की आइडेंटिटी तैयार होती है। इनके कामों में कंपनी नियमों के आधार पर आकर्षक डिस्कवरेवल कंटेंट को तैयार करना होता है।

ई कॉमर्स मैनेजरः एक ई कॉमर्स मैनेजर एक वेबसाइट के लुक और डिजाइन को तैयार कराता है। ये वेब डिजाइन एजेंसीज के साथ मिलकर काम करते हैं। इनका काम ग्राहकों के बेहतर अनुभव के लिए शानदार डिजाइन तैयार कराना होता है। ताकि संबंधित कंपनी का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आसानी से इस्तेमाल करने योग्य बनाया जा सके।

## कॅरियर अलर्ट

### एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट में 379 पदों पर भर्ती

इंडियन एयरफोर्स में ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (AFCAT) इसका बेहतरीन रास्ता है। अभी इसके फॉर्म भी निकले हुए हैं।स्नष्ट्ज्ञ 02/2026 के जरिए फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल, नॉन टेक्निकल) दोनों ब्रांचों में 379 पदों वैकेंसी निकाली गई हैं। ऐसे में जो भी कैंडिडेट्स वायुसेना में भर्ती होने के इच्छुक हैं, वो अप्लाई कर सकते हैं। एप्लिकेशन की विंडो 19 जून को बंद हो रही है। इस तारीख तक या इससे आप कभी भी आधिकारिक वेबसाइट afcat.edcil.co.in पर फॉर्म भर सकते हैं।

### बिहार पुलिस ASI भर्ती

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (BPSSC) द्वारा सहायक अवसर निरीक्षक (तकनीकी) के पदों पर आवेदन लिए जा रहे हैं। जो अभ्यर्थी पुलिस की सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए यह भर्ती महत्वपूर्ण हो सकती है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के 22 पदों पर वैकेंसी आई है। जिन अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलीटेक्निक संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स एंव कम्युनिकेशन या इलेक्ट्रॉनिक्स एंव टेली कम्युनिकेशन/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी/इलेक्ट्रीकल एंव इलेक्ट्रॉनिक्स में से किसी एक विषय में तीन सालों का डिप्लोमा कोर्स में कम से कम 50 प्रतिशत अंक हासिल हों। (एससी/एसटी सदस्यों के लिए 45 प्रतिशत अंक भी मान्य होंगे), वो अप्लाई कर सकते हैं।

### इंडियन नेवी बीटेक एंट्री

?इंडियन नेवी में जेईई मेन 2026 वालों के लिए स्पेशल एंट्री निकली है। नेवी ने 10+2 बीटेक कैडेट एंट्री स्कीम (परमानेंट कमीशन) कोर्स -जनवरी 2027 के लिए 60 रिक्तियां घोषित की हैं। जिन कैंडिडेट्स ने फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ (क्ष्टरू) स्ट्रीम में न्यूनतम 70 प्रतिशत कुल नंबर हासिल किए हैं। साथ में उनके 10वीं और 12वीं में 50 प्रतिशत अंक हों और जेईई मेन 2026 (बीई/बीटेक) एग्जाम क्वलिफाई किया हो, वो अप्लाई कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को बिना किसी लिखित परीक्षा के जेईई रैंक के आधार पर एसएसबी शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। नौसेना की इस एंट्री में अभ्यर्थी लास्ट डेट 18 जून 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं।

### एसएससी सीजीएल 2026

स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने एसएससी सीजीएल वैकेंसी की भी घोषणा कर दी है। इस साल 12256 पदों पर रिक्तियां निकली हैं। जिसके लिए ग्रेजुएट कैंडिडेट्स एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर लास्ट डेट 22 जून 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं। वहीं एप्लिकेशन फीस 23 जून 2026 तक भरी जा सकेगी। सीजीएल टियर I अगस्त/सितंबर 2026 में आयोजित किया जा सकता है। वहीं इस साल से सीजीएल के एग्जाम में सेक्शनल टाइमिंग लागू होगी। टियर में हर सेक्शन के लिए 15 मिनट का समय मिलेगा।

### यूपीएसएसएससी लोअर पीसीएस भर्ती

यूपी में सरकारी नौकरी पाने की बढ़िया अपॉर्चुनिटी है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लोअर पीसीएस के 2516 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा के जरिए निदेशालय कोषागार, सहकारी समितियां, कृषि उत्पादन मंडी, नगर निकाय निदेशालय,परिवार कल्याण महानिदेशालय समेत विभिन्न विभागों में भर्ती की जाएगी। जिन भी उम्मीदवारों के पास ग्रेजुएशन की डिग्री और पीईटी 2025 स्कोरकार्ड है, वो इस भर्ती में अप्लाई कर सकते हैं। हालांकि पदानुसार अलग-अलग योग्यता भी तय की गई है। इस वैकेंसी में आवेदन की प्रक्रिया 29 मई से 18 जून 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट upsssc.gov.in पर चलेगी।

# घर से काम करने का बेहतर विकल्प है, ये नौकरियां



लोग अब ऑफिस के बजाय ऐसी नौकरी की खोज में ज्यादा रहते हैं जिसमें वर्क फ्रॉम होम का कल्चर बरकरार हो। अगर आप भी वर्क फ्राम होम यानि के घर से काम करना चाहते हैं तो इस क्षेत्र में कुछ ऐसी फील्ड हैं जिनमें अभी भी लगातार वर्क फ्रॉम होम कल्चर चल रहा है और शायद ये आगे भी ऐसे ही लगातार चलता रहेगा। इन क्षेत्रों में आप काम करके घर से काम करने के साथ ही बेहतर सैलरी भी प्राप्त कर सकते हैं। **कंटेंट राइटर्स :** यह एक ऐसा पेशा है जिसकी जरूरत हर छोटी बड़ी कंपनी को पड़ती है। कंटेंट राइटर्स के लिए न्यूज वेबसाइट, यू-ट्यूब, एजुकेशन के क्षेत्र सहित मार्केटिंग, एडवरटाइजिंग सहित हर क्षेत्र में इनके लिए जॉब्स उपलब्ध हैं। कंटेंट क्रिएटर्स के लिए विभिन्न कंपनियां अपने लिए लिखने के लिए पार्ट टाइम और फुल टाइम हायर करती हैं। यह आपको बेहतर नौकरी के साथ ही अच्छा वेतन भी प्रदान करते हैं। कुछ क्षेत्रों की कंपनियां तो 5 डेज वर्किंग का भी ऑप्शन देती हैं। तो आपको अगर लिखना आता है फिर चाहे वो हिंदी हो या अंग्रेजी आप इस क्षेत्र में घर बैठे ही नौकरी कर सकते हैं।

**ऑनलाइन टीचिंग :** कोविड-19 के साथ ही एक और चीज आयी और वो है ऑनलाइन टीचिंग। अब आप ऑनलाइन माध्यम से टीचिंग के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। ट्यूशन देने के साथ ही आप वेबसाइट बनाकर या यूट्यूब पर चैनल बनाकर भी इस क्षेत्र में करियर बनाकर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

**सॉफ्टवेयर डेवलपर :** सॉफ्टवेयर डेवलपर का काम सॉफ्टवेयर को बनाने, उसकी छोटी से लेकर बड़ी गलतियों तक को सही करने का काम होता है। अगर आप इस क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं तो इसमें कंपनियां पार्ट टाइम और फुल टाइम दोनों ही प्रकार से वर्क फ्रॉम होम माध्यम यानि कि रिमोटली माध्यम में जॉब देती हैं। **डाटा एंट्री :** आज-कल विभिन्न कंपनियां डाटा एंट्री के लिए उम्मीदवारों को हायर करती हैं। वे उन्हें घर से काम करने का मौका देती हैं और साथ ही अपनी तरफ से कंप्यूटर, लैपटॉप भी काम करने के लिए प्रदान करती हैं। इसमें आप अपने हिसाब से काम को कर सकते हैं। इस क्षेत्र में जॉब पाने के लिए किसी खास तरह की एजुकेशन की भी जरूरत नहीं होती है बस आपको कंप्यूटर का ज्ञान और टाइपिंग का ज्ञान होना चाहिए। **फ्रीलांस राइटर :** अगर आप क्रिएटिव फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो ऐसे में बतौर फ्रीलांस राइटर लिख सकते हैं। एक फ्रीलांस राइटर के रूप में आप कहीं से भी ब्लॉग, आर्टिकल या किताबें लिख सकते हैं। अपनी राइटिंग स्किल्स के दम पर ना केवल आप अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं, बल्कि इसमें आपको किसी अन्य व्यक्ति की दखलअंदाजी की जरूत नहीं होती है। **वित्तीय सलाहकार-** आजकल, वित्तीय जानकारी लगभग पूरी तरह से ऑनलाइन उपलब्ध है - चाहे वह बैंक खाते हों, क्रेडिट कार्ड हों, चालान हों या ऑर्डर फॉर्म हों - जिसका अर्थ है कि वित्त क्षेत्र में काम करने वाला व्यक्ति ज्यादातर अपने कंप्यूटर का उपयोग करके संख्याओं का विश्लेषण करेगा।
खास तौर पर वित्तीय सलाहकारों के लिए दूर से काम करने की अच्छी संभावना होती है। आप कंप्यूटर तकनीक के माध्यम से अपने ग्राहकों का दायरा बढ़ा सकते हैं, या किसी कंपनी के लिए आंतरिक रूप से काम कर सकते हैं। दोनों ही तरीकों से, वित्तीय सलाहकारों को आमतौर पर काम पूरा करने के लिए कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होती है। यदि आप वित्तीय जगत के बारे में अधिक जानना चाहते हैं और इस क्षेत्र में एक अग्रणी बनना चाहते हैं, तो यूएससी मार्शल स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए करने या यूएससी विटरबी से वित्तीय इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ साइंस करने पर विचार करें। यह एक अंतःविषयक कार्यक्रम है जो छात्रों को गणित और इंजीनियरिंग कौशल का उपयोग करना और उन्हें वित्त में लागू करना सिखाने के लिए वित्त, अर्थशास्त्र और सांख्यिकी को जोड़ता है।

**भाषा शिक्षक-** पहली नजर में, शिक्षण एक ऐसा काम लगता है जिसके लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना आवश्यक होगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि बहुत से लोग छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाने के लिए तैयार हैं, खासकर जब बात अन्य भाषाओं को पढ़ाने की हो।

# पहली ही बार में जज बनने का सपना कैसे करें पूरा?

अगर आप जज बनना चाहते हैं और यह सपना पहले प्रयास में पूरा करना चाहते हैं, तो आपको एक सही रणनीति के साथ लगातार मेहनत करनी होगी। यहां दृष्टि आईएएस के चीफ एकेडमिक ऑफिसर रबमीत कौर ने बहुत ही आसान भाषा में कुछ ऐसे सुझाव दिए हैं, जो आपके सपने को साकार करने में बेहद मददगार हो सकते हैं।

**परीक्षा के तीन चरण**

**ज्यूडिशियरी की परीक्षा मुख्य रूप से तीन चरणों में होती है** - पहला है प्रिलिम्स, जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाते हैं। दूसरा चरण मेंस होता है, जो लिखित परीक्षा होती है और इसमें विषय की गहराई से समझ को परखा जाता है। तीसरा और अंतिम चरण इंटरव्यू का होता है, जहां आपके सोचने के तरीके, आत्मविश्वास और कानूनी जानकारी को जांचा जाता है।

**सिलेबस और किताबें - कम लेकिन प्रभावी**

हर राज्य का सिलेबस थोड़ा अलग हो सकता है, लेकिन अधिकांश परीक्षाओं में भारतीय दंड संहिता, सिविल प्रक्रिया संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, साक्ष्य अधिनियम और संविधान से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। बेहतर होगा कि आप ढेरों किताबें पढ़ने के बजाय, हर विषय का बेयर एक्ट पढ़ें। ये बेयर एक्ट न केवल आपके सभी कान्सेप्ट्स को स्पष्ट करेंगे, बल्कि आपके लिए बाइबिल और गीता की तरह उपयोगी सिद्ध होंगे। जब आपकी इन बेयर एक्ट्स पर बहुत अच्छी समझ और कमांड हो जाए, तब आप कोई भी रेफरेंस बुक पढ़ सकते हैं – लेकिन इसकी आवश्यकता शायद ही पड़े। बेयर एक्ट के अलावा, आप बाजार से कोई भी MCQ वाली किताब ले सकते हैं, किंतु यह ध्यान रखें कि उस किताब में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्न हों उनके विस्तार से व्याख्या हो नए कानूनों के सेक्शन सम्मिलित हों और प्रासंगिक केस लॉ भी दिए गए हों यह सब आपकी तैयारी को और मजबूती प्रदान करेंगे। मेंस के लिए आंसर राइटिंग की प्रैक्टिस करें। मेंस परीक्षा की तैयारी के लिए उत्तर लेखन का अभ्यास जरूरी है। रोज़ाना 1-2 उत्तर खुद से लिखने से आपकी स्पीड भी बढ़ेगी और जवाबों की गुणवत्ता भी।

**करेंट अफेयर्स और जनरल नॉलेज की भी होनी चाहिए गहरी समझ-** केवल विधिक विषयों का अध्ययन पर्याप्त नहीं होता, बल्कि एक न्यायिक अभ्यर्थी के लिए लीगल करेंट अफेयर्स और सामान्य ज्ञान की भी सम्यक जानकारी अत्यंत आवश्यक होती है। यह न केवल आपके दृष्टिकोण को व्यापक बनाता है, बल्कि इंटरव्यू जैसे चरण में आपके चिंतन और सामाजिक समझ को भी परखता है। इसके लिए आप प्रतिदिन कोई श्रेष्ठ समाचार-पत्र पढ़ें। इसके साथ-साथ, बाजार में उपलब्ध अच्छी मासिक पत्रिकाओं का भी मदद लें।

## अभ्यास

**1. निम्न में से किस दिन हर साल अंतर्राष्ट्रीय पारिवारिक धन प्रेषण दिवस मनाया जाता है?**
(क) 13 जून
(ख) 14 जून
(ग) 15 जून
(घ) 16 जून
**उत्तर- (घ)**

**2. निम्न में से किस भारतीय को जीव विज्ञान में असाधारण योगदान के लिए EMBO गोल्ड मैडल 2026 से सम्मानित किया गया?**
(क) नेहा सक्सेना
(ख) तरुण महेश्वरी
(ग) गौतम डे
(घ) अनुपम मिश्रा
**उत्तर- (ग)**

**3. निम्न में से किस स्थान पर ग्लोबल चेस लीग के चौथे संस्करण का आयोजन किया जाएगा?**
(क) पटना
(ख) बेंगलुरु
(ग) जैसलमेर
(घ) भोपाल
**उत्तर- (ख)**

**4. निम्न में से किसे श्रम आँकड़ों पर उच्च-स्तरीयत तकनीकी विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?**
(क) अलख एन. शर्मा
(ख) तनवी गुप्ता
(ग) अंकिता शर्मा
(घ) मनवीर सिंह
**उत्तर- (क)**

**5. निम्न में से किसे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के नए सैन्य सलाहकार नियुक्त किया गया है?**
(क) बलवीर सिंह
(ख) अनिकेत सिंह
(ग) एन एस राजा सुब्रमणि
(घ) राजीव घई
**उत्तर- (घ)**



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 17 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे तृतीया तिथौ बुध वासरे 21/40/ पुनर्वसु नक्षत्रे 13/38/ ध्रुव योग 20/51/ तैतिल करणे 11/13/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं.08मि.14पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** श्री महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती। हिजरी मोहर्रम 09वां माह शुरू। हिजरी सन् 1448 शुरू।

**मेष :** परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यों पर व्यय होगा।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे।

**कर्क :** परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**सिंह :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसयिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा।

**मकर :** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थति में सुधार होगा।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले

# यूपीएससी इंटरव्यू में होना है सफल, तो इन बातों का रखें ध्यान




यूपीएससी इंटरव्यू एक सिलेक्शन प्रोसेस है जो इंडियन सिविल सर्विसेज के लिए उम्मीदवारों का सिलेक्शन करता है। यह पूरी परीक्षा का सबसे आखिरी और बेहद अहम चरण होता है। ज्यादातर उम्मीदवार इसी चरण में असफल हो जाते हैं। लेकिन अगर इंटरव्यू की तैयारी बेहतर हो तो उम्मीदवार आसानी से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हम इस लेख में हम इंटरव्यू के लिए कुछ जरूरी टिप्स के विषय में बात कर रहे हैं जो इंटरव्यू में सफलता के लिए आपकी मदद कर सकते हैं। **पॉजिटिव रहें :** इंटरव्यू के समय पॉजिटिव रहना बहुत जरूरी है। सेल्फ कॉन्फिडेंस और खुशमिजाजी के साथ बात करें। यह आपके पर्सनलाइजेशन और डेडिकेशन के लिए महत्वपूर्ण होता है।

**स्पेशलाइजेशन :** अपने स्पेशलाइजेशन और उसकी नॉलेज को अच्छे ढंग से पैनल के सामने रखें और उसे अच्छे से समझाएं। **समाचार और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान दें :** आपको राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचार के बारे में पता होना चाहिए। सामाजिक मुद्दों को समझें और उन पर विचार करें। आपको हमेशा अप-टू-डेट रहने की जरूरत है।

**सेल्फ रिव्यू :** अपनी कमजोरियों और जनरल नॉलेज में सेल्फ रिव्यू करें और उन्हें सुधारने का प्रयास करें। मोरल और सोशल वैल्यू पर ध्यान दें - पीएससी उम्मीदवारों से मोरल और सोशल वैल्यू से संबंधित बातचीत की जाती है, इसलिए इसे समझें और सही तरीके से आंसर दें।

**प्रेजेंटेशन :** अच्छी प्रेजेंटेशन कैपेसिटी बहुत जरुरी होती है। आपके विचारों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना महत्वपूर्ण है। एक अच्छे प्रेजेंटेशन से आप अपने विचारों को स्पष्टता से प्रस्तुत कर सकते हैं और रिव्यूअर पर पॉजिटिव इमेज बना सकते हैं।

**स्वास्थ्य का ध्यान रखें :** इंटरव्यू से पहले स्वास्थ्य का ध्यान रखें, ताकि आप हाई स्पिरिट के साथ पहुंच सकें। अगर आप इन बेहद आसान टिप्स को ध्यान में रखते हैं तो आपको यूपीएससी के इंटरव्यू में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

# अपने-अपने उर्वरक प्रतिष्ठान पर बैनर लगाया जाए-डा. राजागणपति आर.

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. द्वारा महोली क्षेत्र के मै. आई.एफएफडी.सी. कृषक सेवा केन्द्र रिछाही विकास खण्ड महोली की निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पाश मशीन एवं भौतिक रूप से उपलब्ध स्टाक का मिलान किया गया, जिसके अनुसार एन.पी.के. २०:२०:०:१३ ६१ बोरी, यूरिया १३५१ बोरी पायी गयी, जिसका मिलान किया गया जो सही पाया गया। निरीक्षण के समय बिक्री रजिस्टर पर अंकित कृषक सतीश पुत्र लालजी निवासी ग्राम सेमरहन से जिलाधिकारी द्वारा मोबाईल नम्बर के माध्यम से बात कर यूरिया उर्वरक क्रय करने के सम्बन्ध में पूछा गया तो सतीश द्वारा निर्धारित दर पर यूरिया उर्वरक प्राप्त होना बताया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा टैगिंग के सम्बन्ध में पूछा गया तो कृषक द्वारा किसी प्रकार की टैगिंग से इनकार किया गया एवं जिलाधिकारी द्वारा किस फसल में प्रयोग हेतु यूरिया खरीदी गयी है, की जानकारी चाही तो कृषक द्वारा बताया गया कि मेरे पास ५ बीघा खेत है, जिसमे गन्ना लगा है, जिसके लिए ०२ बोरी यूरिया खरीदी गयी है। जिसके उपरान्त मै० एग्रीजंक्शन वन स्टाप शाप चमारबाग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पाश मशीन में प्रदर्शित हो रहे स्टाक एन०पी०के० १२:३२:१६ १६४ बोरी, एन०पी०के० २०:२०:०:१३ ६७ बोरी, डी०ए०पी० १७९ बोरी, यूरिया ३२० बोरी पायी गयी, जिसका भौतिक स्टाक से मिलान किया गया जो सही पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कृषकों को उनकी फसल की संस्तुत मात्रा के अनुसार फार्मर आई०डी० (किसान पहचान पत्र) का अवलोकन कर संरक्षित करते हुए उर्वरकों का वितरण किया जाये तथा कृषकों का विवरण बिक्री पंजिका पर अवश्य अंकित किया जाये तथा अपने-अपने उर्वरक प्रतिष्ठान पर बैनर लगाया जाए, जिस पर उर्वरकों की दर एवं अनुदान का अंकन किया जाये तथा डिस्प्ले बोर्ड पर स्टाक का अंकन अवश्य किया जाये तथा कृषकों को कैश रसीद उपलब्ध करायी जाये।





# चौदह किलो चार सौ ग्राम अवैध गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त हान्डा सिटी कार बरामद

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपराधियों एवं अवैध मादक पदार्थों के व्यापार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, थाना रामकोट पुलिस द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार के कुशल नेतृत्व में एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आशीष अकेला पुत्र स्व. ओमप्रकाश अकेला, उम्र करीब ३५ वर्ष, निवासी- शमशेर बाग, थाना कोतवाली नगर के कब्जे से कुल १४ किलो ४०० ग्राम (१४ किलो २०० ग्राम बोरी में तथा २०० ग्राम सैंपल हेतु अलग), ०१ अदद हान्डा सिटी कार (पंजीकरण संख्या यूपी ३४जे ६४०१) बीती रात्रि में थाना रामकोट पुलिस मिर्जापुर मोड़ पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग व क्षेत्र देखभाल में मामूर थे। इसी दौरान सीतापुर की तरफ से आ रही एक हान्डा सिटी कार के चालक ने पुलिस टीम को देखकर भागने के प्रयास में गाड़ी को मिर्जापुर मोड़ से सलेमपुर जाने वाली सड़क पर मोड़ दिया। हड़बड़ाहट में कार सड़क किनारे नाली/गड्ढे में रुक गई। पुलिस बल द्वारा तत्परता दिखाते हुए कार को चारों तरफ से घेरकर चालक सीट पर बैठे व्यक्ति (आशीष अकेला) को हिरासत में लिया गया। कार की पिछली सीट से एक सफेद प्लास्टिक की बोरी बरामद हुई, जिसमें अवैध गांजा भरा हुआ था। मामले की संवेदनशीलता और एनडीपीसी एक्ट की धारा ५० व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता २०२३ की धारा १०५ के नियमों के अनुपालन के तहत तत्काल क्षेत्राधिकारी नगर, को मौके पर सूचित कर बुलाया गया। राजपत्रित अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था कर, वीडियोग्राफी कराते हुए नियमानुसार वाहन व अभियुक्त की तलाशी संपन्न कराई गई। इलेक्ट्रानिक तराजू से तौलने पर गांजे का कुल वजन १४ किलो ४०० ग्राम पाया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह यह गांजा सीतापुर शहर, मैगलगंज और शाहजहाँपुर के क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेचने के लिए परिवहन कर रहा था। बरामद वाहन (कार) अभियुक्त की माता के नाम पर पंजीकृत है।



# पात्रो को प्राथमिकता के आधार पर मुआवजा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराया जाए-हरदीप सिंह गिल

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, नई दिल्ली हरदीप सिंह गिल की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सफाई कर्मचारियों के कल्याण, उनकी सुविधाओं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सफाई कार्य के दौरान दिवंगत हुए कर्मचारियों के आश्रितों को प्रदान किए जाने वाले मुआवजे की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ पात्र परिवारों को निर्धारित सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। इस पर उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जिन मामलों में मुआवजा वितरण की प्रक्रिया अभी लंबित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए ताकि प्रभावित परिवारों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध हो सके। उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं में सफाई कर्मचारियों को सम्मान, सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण प्रदान करना प्रमुख है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों के हितों से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक शत-प्रतिशत पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया तथा सफाई कर्मचारियों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। अंत में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर., पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर (अतिरिक्त प्रभार) सीमा सहित समस्त अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।



# सरकार की मंशा अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है-आशा मौर्या

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। विकासखंड महमूदाबाद परिसर में आयोजित जनकल्याण शिविर का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या रहीं। जनकल्याण शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, पंचायत समेत कई विभागों के स्टाल लगाए गए। शिविर समापन के अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद जरूरतमंदों को सम्बोधित करते हुये विधायक आशा मौर्य ने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में विकासखंड अधिकारी प्रतिभा जायसवाल, एडीओ पंचायत ज्ञानेंद्र सिंह, सीडीपीओ अरविंद यादव, मंडल अध्यक्ष महमूदाबाद देहात राजेश जायसवाल, नगर महामंत्री श्याम नारायण त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे। अधिकारियों ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों के आवेदन मौके पर ही भरवाकर आवश्यक कार्रवाई की। कार्यक्रम संयोजक भाजपा नगर अध्यक्ष कमलेश राजपूत ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार जताया।



# स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं-सर्वेश चतुर्वेदी

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। परिवहन विभाग द्वारा खैराबाद स्थित परिवहन कार्यालय परिसर में आटो एवं टेंपो वाहन स्वामियों तथा चालकों के साथ एक जागरूकता एवं संवाद बैठक आयोजित की गई। बैठक में वाहन चालकों और स्वामियों की समस्याओं का निस्तारण तथा परिवहन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने परिवहन विभाग की आनलाइन सेवाओं एवं डिजिटल सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वाहन संबंधी अनेक कार्य अब आनलाइन माध्यम से घर बैठे आसानी से किए जा सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं, ताकि पात्र परिवारों को योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष ५ लाख तक के स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल सके। बैठक में परिवहन विभाग के प्राविधिक निरीक्षक संजय कुमार ने वाहन फिटनेस, सड़क सुरक्षा तथा तकनीकी मानकों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आटो एवं टेंपो चालक तथा वाहन स्वामी उपस्थित रहे।



# गोमती नदी में डूबा लखनऊ का युवक, गोताखोरों की मदद से गहरे पानी में शव की तलाश जारी

(स्वतंत्र भारत)

अटरिया-सीतापुर। अटरिया क्षेत्र के बालेश्वर धाम स्थित गोमती नदी के तट पर रविवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां भंडारे में शामिल होने आया लखनऊ का एक युवक नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। युवक को डूबता देख मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंच गई है। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी के गहरे पानी में डूबे युवक की सरगर्मी से तलाश की जा रही है, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। मिली जानकारी के अनुसार, राजधानी लखनऊ के बक्शी का तालाब (बीकेटी) अंतर्गत ग्राम लोहंगपुर का रहने वाला मोहित यादव (३२ वर्ष) पुत्र कल्लू यादव रविवार को अपने दोस्त भूपेंद्र कुमार और चंद्रकुमार यादव के साथ अटरिया स्थित बालेश्वर धाम में आयोजित एक भंडारे में शामिल होने आया था। शाम को करीब ६ बजे भंडारा प्रसाद ग्रहण करने के बाद सभी दोस्त बालेश्वर धाम तट पर गोमती नदी में नहाने चले गए। नहाते समय मोहित अचानक पैर फिसलने या गहराई का अंदाजा न होने के कारण गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे डूबता देख किनारे खड़े उसके दोस्तों और अन्य श्रद्धालुओं ने शोर मचाना शुरू किया, लेकिन जब तक कोई कुछ समझ पाता, मोहित नदी की तेज धारा और गहराई में पूरी तरह समा गया। घटना की सूचना तुरंत अटरिया थाना पुलिस को दी गई। हादसे की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय प्रशासन ने बिना वक्त गंवाए स्थानीय गोताखोरों को नदी में उतारा। शाम ढलने और पानी गहरा होने के कारण रेस्क्यू आपरेशन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की भीड़ जमा है, और मोहित के परिजनों को भी हादसे की सूचना दे दी गई है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर डटे हुए हैं और युवक को तलाशने के प्रयास लगातार जारी हैं। गोताखोरों व मछुआरों की कडी मेहनत के बाद मोहित यादव का शव हाथ लगा करीब १५ घंटे का रेस्क्यू आपरेशन चला, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया है वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# खलिहान में लगे जामुन के पेड से लटका मिला युवक का शव

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। सदरपुर के मोगलापुर के राजकुमार वर्मा का शव सोमवार की रात गांव के खलिहान में लगे जामुन के पेड से लटका मिला। राजकुमार पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश वर्मा के भाई हैं। भाई अवधेश वर्मा ने बताया कि रात करीब १० बजे वे घर वापस आए थे और थोड़ी देर बाद बाहर गए थे। काफी समय तक वापस न आने पर परिजनों ने तलाश शुरू की तो गांव से बाहर पेड़ से शव लटकता मिला। थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# रूद्रायन एनर्जी सालूशन द्वारा शीतल पेय का किया वितरण

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। रूद्रायन एनर्जी सालूशन द्वारा अपने कार्यालय, तिवारी मार्केट (पतंजलि स्टोर के निकट) में शीतल पेय एवं आइसक्रीम भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक (एमडी) ''एकर्ष अवस्थी'' अपने पिता ''अतुल कृष्ण अवस्थी'', माता किरण अवस्थी' एवं कंपनी की पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर एकर्ष अवस्थी ने बताया कि शीतल पेय वितरण का विचार उन्हें अपनी भांजी 'विद्हि से प्रेरित होकर आया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शीतल पेय और आइसक्रीम अत्यंत पसंद होती है, इसलिए गर्मी के मौसम में लोगों, विशेषकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से इस भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और जनकल्याण के ऐसे कार्य आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।



# मझिगवां में निर्माणाधीन सम्राट अशोक स्मृतिद्वार के निर्माण पर प्रशासन ने रोक लगा दी

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। विकास खण्ड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत मझिगवां में निर्माणाधीन सम्राट अशोक स्मृतिद्वार के निर्माण पर प्रशासन ने रोक लगा दी। स्वागत द्वार का लोकार्पण भीम आर्मी चीफ और नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद को करना था। कार्यक्रम से पहले ही प्रशासन ने दलबल के साथ पहुँचकर निर्माण को अवैध बताते हुए रोकने के निर्देश दिए। मामले में लापरवाही बरतने पर लेखपाल को भी निलंबित किया गया है। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अब चन्द्रशेखर के प्रस्तावित कार्यक्रम पर ग्रहण माना जा रहा है। रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत मझिगवां में ग्राम पंचायत के मुख्य प्रवेश मार्ग पर एक स्वागत द्वार का निर्माण कार्य चल रहा है। स्वागत द्वार का नाम सम्राट अशोक महान स्मृति द्वार रखा गया है। पिछले कई वर्षों से उक्त स्वागत द्वार का निर्माण कार्य चल रहा है। स्वागत द्वार के ऊपरी हिस्से पर बकायदा सांसद चन्द्रशेखर आजाद का नाम भी लिखा गया है। इसी गांव में संविधान पार्क का भी निर्माण किया गया है। १८ जून को भीम आर्मी चीफ और नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद को दोनो कार्यों का लोकार्पण करने आना था। आयोजकों द्वारा इसके लिए रूपरेखा तैयारी की गई थी। प्रशासन को कार्यक्रम की भनक लग गई। एसडीएम डा. अंजली सिंह, तहसीलदार उमाशंकर, सीओ वेदप्रकाश, बीडीओ प्रतिभा जायसवाल दलबल के साथ मौके पर पहुंचीं। प्रशासन की जांच में स्वागत द्वार जिस जमीन पर बना वह गाटा ५८ है और ४० मीटर चकमार्ग का रास्ता है। निर्माण कार्य के लिए अनुमति भी नहीं ली गई थी। जिसके बाद प्रशासन ने निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए। मामले में लापरवाही बरतने पर स्थानीय लेखपाल सतीश कुमार भी को निलंबित कर दिया गया है। इस सम्बंध में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विश्वदीप चौधरी ने बताया कि २४ महापुरुषों के नाम पर बने स्वागत द्वार के निर्माण को रोका जाना प्रशासन का तानाशाही रवैया है। हमने कार्यक्रम को लेकर प्रशासन को सूचना दे दी है। चूंकि कोई जनसभा नहीं है इसीलिए अनुमति का प्रश्न नहीं उठता। राष्ट्रीय अध्यक्ष का आना तय है। प्रशासन विवाद की स्थिति उत्पन्न करेगा तो सड़कों पर उतरेंगे। निर्माण कार्य रोके जाने के बाद मंगलवार की शाम करीब चार बजे भीम आर्मी के राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य श्यानेंद्र वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ किशोर, प्रदेश संगठन मंत्री यशवंत मौर्य, प्रदेश सचिव इमरान खान, जिलाध्यक्ष विश्वदीप चौधरी सहित दर्जनों लोग तहसील पहुंचे।

एक घंटे से अधिक समय तक भीम आर्मी के लोग तहसील में बैठे रहे लेकिन कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। पदाधिकारियों ने एसडीएम, तहसीलदार को फोन किया। अधिकारी आने का आश्वासन देते रहे। नाराज कार्यकर्ता तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए। प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही एसडीएम तहसील पहुंची।

# शिक्षा की गुणवत्ता तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं में अविलम्ब सुधार लाया जाये-गोरखनाथ पटेल

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल द्वारा प्राथमिक विद्यालय वजीरनगर (कम्पोजिट ०१ से ०५), विकास खण्ड-पिसावां, जनपद-सीतापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्यालय में प्रार्थना सभा करायी गयी। अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि विद्यालय में कुल ०६ अध्यापक एवं ०५ शिक्षामित्र कार्यरत हैं। निरीक्षण के दौरान हिमांशु मिश्रा, स०अ०/प्रभारी प्र०अ० एवं अभिषेक यादव व अर्पण शुक्ला, स०अ० तथा रहीसा अंसारी एवं रिम्पी देवी, शिक्षामित्र बिना किसी पूर्व सूचना अथवा स्वीकृत अवकाश के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये, जिनकी अनुपस्थिति प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज की गयी। छात्र-छात्राओं की उपस्थित पंजिका के अवलोकन के दौरान विद्यालय में नामांकित १५० के सापेक्ष मात्र ४५ छात्र-छात्राएं उपस्थित पाये गये। इस सम्बन्ध में विद्यालय में उपस्थित अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि छात्र-छात्राओं के घर पर भ्रमण करते हुए उनके माता-पिता से वार्ता करके बच्चों को विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया जाये। विद्यालय एवं परिसर में स्वच्छता व्यवस्था, शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता एवं विद्यालय में अभिलेखों के रख-रखाव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गयी। शौचालय गन्दे पाये गये। इस सम्बन्ध में उपस्थित अध्यापकों को विद्यालय की छत सहित विद्यालय एवं परिसर तथा शौचालयों की नियमित साफ-सफाई कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय के कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गणित के पूछे गये प्रश्न का कक्षा-०५ की छात्रा अलकारिया द्वारा सही हल किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा छात्र-छात्राओं को पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त के अतिरिक्त सम्बन्धित अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में आवष्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित उपलब्धता तथा पेरेन्टस टीचर मीटिंग का व्यापक स्तर पर आयोजन सुनिष्चित किया जाये। साथ ही निर्धारित रोस्टर के अनुसार मानकों के अनुरूप मिड-डे-मील बच्चों को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। अन्ततः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा निर्देश दिये गये कि शिक्षा की गुणवत्ता तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं में अविलम्ब सुधार लाया जाये, साथ ही उपस्थित अध्यापकों को विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने हेतु तथा विद्यालय एवं परिसर तथा छत की साफ-सफाई पर विषेष ध्यान दिये जाने हेतु निर्देषित किया गया। इसके पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय गौरासी कला, विकास खण्ड-पिसावां, जनपद-सीतापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यापकों की उपस्थित पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि विद्यालय में कुल ०२ अध्यापक कार्यरत हैं। छात्र-छात्राओं की उपस्थित पंजिका के अवलोकन के दौरान विद्यालय में नामांकित ६५ के सापेक्ष मात्र ०५ छात्र-छात्राएं उपस्थित पाये गये। इस सम्बन्ध में विद्यालय में उपस्थित अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि छात्र-छात्राओं के घर पर भ्रमण करते हुए उनके माता-पिता से वार्ता करके बच्चों को विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया जाये। विद्यालय एवं परिसर में स्वच्छता व्यवस्था, शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता तथा विद्यालय में अभिलेखों के रख-रखाव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गयी। शौचालय गन्दे पाये गये। इस सम्बन्ध में उपस्थित अध्यापकों को विद्यालय की छत सहित विद्यालय एवं परिसर तथा शौचालयों की नियमित साफ-सफाई कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के जर्जर भवन की घेराबन्दी कराने हेतु निर्देषित किया गया, जिससे कि जर्जर भवन में किसी का भी आवागमन न हो। निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्यालय के कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी तथा छात्र-छात्राओं को पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त के अतिरिक्त सम्बन्धित अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में आवष्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित उपलब्धता तथा पेरेन्टस टीचर मीटिंग का व्यापक स्तर पर आयोजन सुनिष्चित किया जाये। साथ ही निर्धारित रोस्टर के अनुसार मानकों के अनुरूप मिड-डे-मील बच्चों को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। अन्ततः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि शिक्षा की गुणवत्ता तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं में अविलम्ब सुधार लाया जाये, साथ ही उपस्थित अध्यापकों को विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने हेतु तथा विद्यालय एवं परिसर तथा छत की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु निर्देषित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ब्लाक संसाधन केन्द्र पिसावां, विकास खण्ड-पिसावां, जनपद-सीतापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि कार्यालय में कुल ०९ कर्मचारी कार्यरत हैं। शौचालय गन्दे पाये गये। इस सम्बन्ध में उपस्थित कर्मचारियों को कार्यालय की छत सहित कार्यालय एवं परिसर तथा शौचालयों की नियमित साफ-सफाई कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। उक्त सहित कार्यालय भवन की रंगाई-पुताई कराने तथा कार्यालय परिसर में पेंड़-पौधों को लगवाकर अनुपालन आख्या साक्ष्यों एवं फोटोग्राफ के साथ १० दिवस में प्रेषित करने हेतु निर्देषित किया गया।








# मोहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क, हाई लेवल बैठक में शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, समिति सदस्यों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर पर्व से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में डीएम अविनाश सिंह, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी साउथ अंशिका वर्मा और एसपी नॉर्थ मुकेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आपसी समन्वय, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा, साफ-सफाई, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव भी प्राप्त किए गए। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मोहर्रम के जुलूसों एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान निर्धारित मार्गों, समय-सारिणी और शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री की सतत मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए गए। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने पर भी जोर दिया गया। डीएम ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे, जिससे मोहर्रम का पर्व पूर्ण श्रद्धा, गरिमा और शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हो सके।

# वनरक्षक भर्ती परीक्षा का डीएफओ ने किया निरीक्षण, अभ्यर्थियों को निष्पक्ष चयन का भरोसा

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित वनरक्षक एवं वन्यजीव रक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत शारीरिक दक्षता एवं चिकित्सकीय परीक्षण का मंगलवार से शुभारंभ हो गया। यह परीक्षा 16 जून से 18 जून तक जनपद बरेली में आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। परीक्षा के पहले दिन प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) श्रीमती दीक्षा भंडारी ने परीक्षा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अभ्यर्थियों के लिए की गई सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा परीक्षण की प्रक्रिया तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा के संचालन की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुचारु ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

डीएफओ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परीक्षा में तैनात कार्मिकों को समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित माहौल में संपन्न कराई जा रही है तथा आगामी दिनों में भी सभी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

# आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी सम्पन्न, 13 दुकानों के लिए 343 आवेदनों में हुई प्रतिस्पर्धा

## जनपद में 600 दुकानों के साथ अब प्रक्रिया पूरी



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** प्रमुख सचिव वीना कुमारी व आबकारी आयुक्त डॉ आदेश सिंह के निर्देशन में
जिले की शेष बची आबकारी दुकानों के आवंटन के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लॉटरी प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराई गई। आबकारी विभाग की ओर से आयोजित इस प्रक्रिया में 2 कंपोजिट शॉप्स तथा 11 देशी शराब की दुकानों के लिए आवेदकों की किस्मत का फैसला हुआ। ई-लॉटरी की निगरानी उप आबकारी आयुक्त राकेश कुमार अग्रवाल और जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह की मौजूदगी में की गई। अधिकारियों ने बताया कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन लॉटरी पोर्टल के माध्यम से आवेदकों के समक्ष कराई गई, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, 11 देशी शराब की दुकानों के लिए 230 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 2 कंपोजिट शॉप्स के लिए 113 आवेदकों ने दावेदारी पेश की। इस प्रकार कुल 13 दुकानों के लिए 343 आवेदन प्राप्त हुए, जिससे प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी ऊंचा रहा।लॉटरी के दौरान बड़ी संख्या में आवेदक कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद रहे और परिणामों पर उनकी निगाहें टिकी रहीं। जिन आवेदकों के नाम लॉटरी में चयनित हुए, उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी, आबकारी विभाग के अधिकारियों ने कहा कि आवंटन प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के अनुरूप और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराई गई।इस दौरान समस्त आबकारी अधिकारी व स्टाफ मौजूद रहा।

# डीजे संचालक की हत्या पर फूटा गुस्सा, पोस्टमार्टम हाउस के बाहर सड़क जाम

-स्वतंत्र भरारत-



**बरेली।** संजयनगर में डीजे संचालक अर्जुन मौर्य की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस के बाहर भारी हंगामा हो गया। मृतक के परिजनों, रिश्तेदारों और समर्थकों ने सड़क जाम कर हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई। काफी देर तक चले प्रदर्शन से यातायात प्रभावित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।सूचना पर एसपी सिटी मानुष पारीक भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थिति कुछ शांत हुई। गोसाईगोटिया निवासी अर्जुन मौर्य डेलापीर स्थित एक बरातघर में डीजे का काम करता था। सोमवार रात कार्यक्रम से लौटते समय हमलावरों ने उसे घेरकर सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक के पिता राकेश मौर्य की तहरीर पर कुश, अर्पित, कपिल समेत अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार घटना के पीछे कारोबारी रंजिश और प्रेम-प्रसंग समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही हैं और जल्द खुलासे का दावा किया गया है।

# मोहर्रम में 12 फीट से ऊंचा ताजिया नहीं, 1033 जुलूसों पर रहेगी पुलिस की नजर : एसएसपी

-स्वतंत्र भरारत-



**बरेली।** मोहर्रम को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले में इस बार 12 फीट से अधिक ऊंचाई का कोई भी ताजिया निकालने की अनुमति नहीं होगी। इसे सुनिश्चित करने के लिए पुलिस टीमें गांव-गांव पहुंचकर ताजियों की ऊंचाई का सत्यापन कर रही हैं और ताजियादारों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दे रही हैं। जिले में मोहर्रम के दौरान कुल 1033 ताजिए निकाले जाएंगे। सबसे अधिक 93 ताजिए नवाबगंज क्षेत्र में निकलेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रत्येक ताजिए की निगरानी के लिए एक-एक पुलिसकर्मी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर थाना प्रभारी जुलूस मार्गों का निरीक्षण, संवेदनशील स्थलों की पहचान और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा कर रहे हैं। साथ ही पीस कमेटी बैठकों, पुराने विवादों की समीक्षा और फोर्स तैनाती की तैयारियां भी पूरी की जा रही हैं। प्रशासन की सख्ती के पीछे पिछले वर्ष फरीदपुर के गौसगंज में हुआ हादसा भी है, जहां 23 फीट ऊंचा ताजिया हाईटेंशन लाइन से टकराने पर आग की चपेट में आ गया था। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि मोहर्रम के दौरान सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी आयोजकों के सहयोग से त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाएगा।

# राष्ट्रीय सम्मान से गौरवान्वित हुआ आरएसजी आईएमए ब्लड सेंटर

**सुरक्षित रक्तदान और जनजागरूकता के प्रयासों को मिली राष्ट्रीय पहचानः डॉ.अंजू**

-स्वतंत्र भरारत-



**बरेली।** शहर स्थित आरएसजी, आईएमए ब्लड सेंटर को रक्त संक्रमण सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और सुरक्षित रक्तदान को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान अहमदाबाद में आयोजित नेशनल लेवल एनजीओ कॉन्क्लेव ऑन ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज के दौरान प्रदान किया गया। ब्लड सेंटर की निदेशक डॉ. अंजू उप्पल और उनकी टीम को यह उपलब्धि सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने, स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियानों के सफल संचालन के लिए प्राप्त हुई। चिकित्सा समुदाय और सामाजिक संगठनों ने इस सम्मान को बरेली के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि रक्तदान के प्रति समाज में विश्वास बढ़ाने और जरूरतमंद मरीजों तक समय पर सुरक्षित रक्त पहुंचाने में ऐसे संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्थान के चिकित्सकों, तकनीकी कर्मचारियों, सहयोगी स्टाफ और रक्तदाताओं के सामूहिक प्रयासों को इस सफलता का आधार माना गया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. अंजू उप्पल ने इसे पूरी टीम और रक्तदाताओं को समर्पित करते हुए कहा कि मानव सेवा और सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने का उनका संकल्प आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# मूल्यांकन टीम ने स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फरीदपुर के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजऊ में बुधवार को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (हृक्र्रस्) का मूल्यांकन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मूल्यांकन टीम ने स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण व्यवस्था, रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं, स्वच्छता व्यवस्था, रिकॉर्ड प्रबंधन तथा सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का विस्तार से आकलन किया गया। टीम ने केंद्र की कार्यप्रणाली और सेवा गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की।

मूल्यांकन के दौरान सीएचसी फरीदपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने टीम को आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर सीएचओ नीरज, एएनएम शिवानी, एआरओ विनीत, बीपीएम अनुराग शर्मा, बीसीपीएम अनुपम कुमार सहित अन्य सीएचओ एवं एएनएम मौजूद रहे। वहीं डॉ. अजय ने भी निरीक्षण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. अनुराग गौतम ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सीएचसी फरीदपुर की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि निरंतर प्रयासों और बेहतर कार्यप्रणाली के चलते जनपद बरेली में सर्वाधिक सात एन क्यू ए एस प्रमाणित स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी फरीदपुर के अंतर्गत संचालित हैं, जो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की उत्कृष्टता को दर्शाता है। उन्होंने मूल्यांकन में सहयोग करने वाले सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि टीम भावना, समर्पण और निरंतर गुणवत्ता सुधार के प्रयासों के बल पर फरीदपुर ब्लॉक भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी बना रहेगा।

# ब्लॉक में लगा जन कल्याण शिविर, उमड़ी भीड़

-स्वतंत्र भारत-




**नवाबगंज।** केंद्र सरकार के 12 वर्षों के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में मंगलवार को ब्लॉक परिसर में एक जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे आम जनमानस तक पहुँचाना और उन्हें जागरूक करना था।

शिविर का उद्घाटन बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक डॉ. एम. पी. आर्य, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा द्वारा फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष गंगवार ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका लाभ उठाने की अपील की गई। इसमें एसडीएम उदित पवार, खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य के साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता अनुज गंगवार, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नितिश उपाध्याय एडवोकेट, जिला सोशल मीडिया प्रभारी गजेंद्र गंगवार, भाजपा नेता एड नंद किशोर, मंडल अध्यक्ष खेमकरण गंगवार, जयदीप ठाकुर एवं ओमप्रकाश गंगवार, हरपाल मौर्य सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर में 20 किसानों को उरद और मूंग के बीज की किटें सौंपी गई।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँची है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी लें और उनका लाभ उठाकर स्वयं को सशक्त बनाएं।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहाँ लोगों ने योजनाओं के बारे में जानकारी की और पंजीकरण प्रक्रिया पूरी की।

# डिजिटल शिक्षा में एमजेपीआरयू का डंका, देश के शीर्ष 6 संस्थानों में बनाई जगह

## कुलपति के प्रयासों से हो रहा शिक्षा का कायाकल्प

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपीआरयू) ने डिजिटल शिक्षा और छात्र सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश के शीर्ष छह उच्च शिक्षण संस्थानों में स्थान प्राप्त किया है। भारत सरकार के पोर्टल पर जारी नवीनतम संस्थागत प्रदर्शन सूची में विश्वविद्यालय को यह सम्मान मिला है। विश्वविद्यालय द्वारा डिजिलॉकर एनएडी पर 71 लाख से अधिक शैक्षणिक अभिलेख सफलतापूर्वक प्रकाशित किए जा चुके हैं। इससे विद्यार्थियों को डिग्री, अंकपत्र और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित, सत्यापित और डिजिटल स्वरूप में आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। साथ ही समर्थ ई-जीओवी सुइट के सफल एकीकरण के माध्यम से प्रवेश, परीक्षा, छात्र प्रबंधन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूरी तरह ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाया गया है। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की डिजिटल उत्कृष्टता और विद्यार्थी-केंद्रित सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वहीं छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं समर्थ पोर्टल समन्वयक प्रो. विनय ॠषिवाल ने बताया कि इस पहल से छात्रों को सुरक्षित डिजिटल डिग्री, त्वरित दस्तावेज सत्यापन और कागजरहित प्रशासन का लाभ मिल रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस सफलता को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुए सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

# प्रमुख सचिव सौरभ बाबू का दौरा डेयरी यूनिट का निरीक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया मंत्र

-स्वतंत्र भारत-



**फतेहगंज पूर्वी।** प्रदेश के प्रमुख सचिव सौरभ बाबू ने उचसिया आलू मिल स्थित डेयरी यूनिट एवं ग्राम बसावनपुर का निरीक्षण कर विकास कार्यों और महिला सशक्तिकरण योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी देवयानी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बसावनपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सचिव ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। महिलाओं ने डेयरी व्यवसाय के विस्तार के लिए ॠण सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस पर प्रमुख सचिव ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वरोजगार अपनाने की प्रेरणा दी। प्रमुख सचिव ने कहा कि महिलाएं अचार , सिलाई, कढ़ाई तथा अन्य घरेलू उद्योगों के माध्यम से अपनी आय बढ़ा सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को हर संभव सरकारी सहायता और सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम की व्यवस्था डेयरी संचालक विजय लक्ष्मी एवं सूरज भान सिंह द्वारा की गई। अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और डेयरी विकास को लेकर अगला विशेष कार्यक्रम दिसंबर माह में आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सुरक्षा से खिलवाड़ , पेट्रोल पंप पर बोतल में दिया जा रहा पेट्रोल, वीडियो वायरल

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** नगर क्षेत्र में स्थित एक पेट्रोल पंप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पेट्रोल पंप कर्मचारी एक युवक को बोतल में पेट्रोल देते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है और सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

बताया जा रहा है कि वीडियो हाल ही में किसी ग्राहक द्वारा बनाया गया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर दिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद कई लोगों ने पेट्रोल पंप पर सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की आशंका जताते हुए मामले की जांच कराने की मांग की है। जानकारों के अनुसार पेट्रोल जैसे ज्वलनशील पदार्थ को बोतल या असुरक्षित पात्र में देना दुर्घटना का कारण बन सकता है। ऐसे में पेट्रोल पंपों को निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करना आवश्यक होता है। हालांकि, वायरल वीडियो की सत्यता और यह घटना किस परिस्थिति में हुई, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। संबंधित विभाग या पेट्रोल पंप प्रबंधन की ओर से भी इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वीडियो सही पाया जाता है तो संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा मामले की जांच के बाद ही पूरे प्रकरण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।


# संक्षिप्त समाचार

## हिंदू जागरण मंच फरीदपुर कार्यकारिणी का विस्तार, अजय गुप्ता बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**फरीदपुर।** हिंदू जागरण मंच फरीदपुर की संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संगठन द्वारा आयोजित बैठक में नई जिम्मेदारियों की घोषणा करते हुए अजय गुप्ता को हिंदू जागरण मंच फरीदपुर का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि विपिन गुप्ता को हिंदू जागरण मंच युवा वाहिनी का अवैध गतिविधि प्रमुख बनाया गया। इस अवसर पर संगठन पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे संगठन की विचारधारा और सामाजिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, सामाजिक जागरूकता बढ़ाने तथा विभिन्न जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान जितेंद्र चौहान, अनूप गुप्ता, शिव कुमार भाटी, रघु प्रताप सिंह, गौरव श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन की मजबूती और समाज हित में निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

## राजकीय आयुर्वेद कॉलेज में योगाभ्यास एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**बरेली।** एस.आर.एम. राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, बरेली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस - 2026 - स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग के उपलक्ष्य में प्राचार्या प्रो. (डॉ.) प्रीती शर्मा के निर्देशन में प्रातः सामूहिक योगाभ्यास एवं ततपश्चात् निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। योगाभ्यास में सभी चिकित्सकों, शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र- छात्राओं नें योग प्रशिक्षका गरिमा जी के निर्देशन में योग आसान किए। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकाश यादव (बैच 2021), द्वितीय स्थान रवि अग्रहरि (बैच 2023) तथा तृतीय स्थान अभिषेक वर्मा (बैच 2023) ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. शीलेन्द्र एवं डॉ. साधना शाक्य, डॉ नेहा मिश्रा का योगदान रहा। वहीं, निर्णायक मंडल में डॉ. अरविंद यादव, डॉ. सुनीति चौधरी एवं डॉ. दीपशिखा जोशी का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया।

## दहेज के लिए विवाहिता को पीटा, घर से निकाला

**पीड़िता की शिकायत पर 7 ससुरालियों पर केस दर्ज**

**शीशगढ़द्ध।** दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को कथित तौर पर पीटकर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अभूपुरा उर्फ जोखनपुर निवासी रवीना ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनका विवाह 7 अप्रैल 2024 को रोहित पुत्र कैलाश, निवासी बंगाली कॉलोनी, अभूपुरा उर्फ जोखनपुर के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। रवीना के पिता ने अपनी क्षमतानुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग इससे खुश नहीं थे। उन्होंने कथित तौर पर 2 लाख रुपये नकद और एक सोने की चेन की मांग शुरू कर दी।मांग पूरी न होने पर रवीना को सामाजिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती थी और उसे भूखा-प्यासा रखा जाता था। शनिवार रात करीब 8 बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर रवीना को अपशब्द कहे और मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद रवीना ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़िता रवीना की शिकायत पर पुलिस ने रोहित, कैलाश, सीमा, बिजेंद्र, मिथिलेश, जालिम सिंह और लज्जावती (सभी निवासी अभूपुरा उर्फ जोखनपुर) के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण , गंव के युवक सहित तीन पर केस**

**शीशगढ़।** बंजरिया गांव में एक किशोरी से दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने की है।

पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के युवक राजा शिशुपाल ने उनकी लगभग 14 वर्षीय बेटी को प्रेमजाल में फंसाया। आरोप है कि शादी का झांसा देकर वह लंबे समय से किशोरी का यौन शोषण करता रहा। किशोरी ने 14 जून को अपनी मां को इस घटना के बारे में बताया। जब परिजन 16 जून को आरोपी शिशुपाल के घर शिकायत करने पहुंचे, तो शिशुपाल, उसके पिता धर्मवीर और मां सुशीला ने उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई।

पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपी शिशुपाल, धर्मवीर और सुशीला के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# प्रदेश सरकार की शव यात्रा निकाल कर अधिवक्ताओं ने जताया विरोध





● संबोधन के दौरान बार ऐसोसियेशन के अध्यक्ष की फिसली जुबान

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद-हरदोई।** प्रदेश सरकार की प्रस्तावित ई पंजीकरण प्रक्रिया के विरोध मे तहसील अधिवक्ताओ ने तीन दिवसीय कलम बंद हडताल के दूसरे दिन प्रदेश सरकार की शव यात्रा निकालकर अपना विरोध व्यक्त किया। इस दौरान बार ऐसोसियेशन के अध्यक्ष विमलेश लोधी की जुबान फिसल गयी और वह भावावेश मे आकर मुख्यमंत्री को फूंकने की बात बोल गये।

उल्लेखनीय है कि महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश की ओर से गत 4 जून 2026 को जारी पत्र संख्या 2523 जिसमे ई रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल प्रदेश मे लागू करने तथा निबंधन विभाग को निजी संस्थानो मे दिये जाने की बात सामने आते ही अधिवक्ताओ, दस्तावेज लेखको, स्टांप बेन्डरो आदि मे आक्रोश उत्पन्न हो गया है। इस नयी प्रस्तावित प्रक्रिया के विरोध मे अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक तथा स्टांप बेन्डर संयुक्त मोर्चा ने 15 जून से 17 जून तक तीन दिवसीय कलम बंद हडताल की घोषणा की थी।

हडताल के पहले दिन तहसील वार ऐसोसियेशन के अध्यक्ष विमलेश लोधी के नेतृत्व मे मुख्यमंत्री को संबोधित एक सात सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया था जिसमे ई पंजीकरण प्रक्रिया को अहितकर बताते हुये इसे तत्काल वापस लेने की मांग की गयी थी। हडताल के दूसरे दिन अधिवक्ताओ ने उत्तर प्रदेश सरकार की शव यात्रा सडको पर निकालकर अपना विरोध व्यक्त किया। इस संबंध मे बार ऐसोसियेशन तहसील शाहाबाद के अध्यक्ष विमलेश लोधी ने कहा कि ई पंजीकरण व्यवस्था लाकर मुख्यमंत्री योगी ने बकीलो, दस्तावेज लेखको, स्टांप बेन्डरो की शव यात्रा निकाल दी है इससे अधिवक्ताओ, दस्तावेज लेखको, स्टांप बेन्डरो की भूमिका नगण्य हो गयी है जिसके बाद अधिवक्ताओ ने भी शव यात्रा निकालने का निर्णय लिया और प्रदेश सरकार की शव यात्रा निकाल दी है। बार ऐसोसियेशन के अध्यक्ष अपने संबोधन के दौरान इतने भावावेश मे आ गये कि उनकी जुबान फिसल गयी और उन्होने चेतावनी भरे लहजे मे कहा कि यदि प्रदेश सरकार इस स्टांप प्रणाली को वापस नही लेती तो निश्चय ही अधिवक्ता समाज योगी को फूंकने का काम करेगा।

## हनुमान भक्तो ने श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रसाद वितरित किया



**माधोगंज।** मंगलवार को हनुमान भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ विधि-विधान से भगवान हनुमान का पूजन-अर्चन कर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह प्रसाद का वितरण किया। श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार हुए। कस्बे स्थित भाजपा कार्यालय में विधायक आशीष कुमार सिंह की माता विमला देवी ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा के साथ हनुमान प्रतिमा का पूजन कर श्रद्धालुओं को बूंदी तथा छोला-चावल का प्रसाद वितरित किया। इसके अलावा कस्बे के चौराहे से रुदामऊ तिराहे तक आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर के प्रमुख मार्गों पर सदर बाजार एवं सर्वेश्वरानंद आश्रम में भी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटा गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के दौलतयारपुर, बरबटापुर, सहिजना और कुरसठ सहित अन्य गांवों में भी भक्तों ने पूजन-अर्चन के उपरांत प्रसाद वितरण कर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। पूरे दिन क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पिहानी में लगा जन कल्याण शिविर

**पिहानी।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को पिहानी सीएचसी में जन कल्याण शिविर मेले का आयोजन किया गया। मेले में टीबी मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया और पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग बच्चे का अन्न प्रशासन भी कराया गया। टीबी की जांच व मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया। साथ ही केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।

## खबर छापने पर पत्रकार से अभद्रता और मारपीट का प्रयास

● पचदेवरा में तीन के खिलाफ बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज, सुरक्षा की मांग

स्वतंत्र भारत

**भरखनी पचदेवरा।** जनहित से जुड़ा मुद्दा उठाना पत्रकार सरोज कुमार सिंह को भारी पड़ गया। नाली पाटने और जल निकासी बाधित होने की खबर प्रकाशित करने के बाद गांव के दबंगों ने पत्रकार को रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और मारपीट का प्रयास किया। जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता देखते हुए पचदेवरा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना पचदेवरा क्षेत्र के ग्राम उबरीखेड़ा निवासी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार सरोज कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 31 मई को गांव में नाली पाटने और जल निकासी बाधित होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी के संबंध में समाचार प्रकाशित किया था। इस खबर के प्रकाशन के बाद गांव के कुछ लोग उनसे रंजिश मानने लगे।

पीड़ित के अनुसार 5 जून की शाम वह अपने खेत की ओर जा रहे थे। तभी गांव के ही वेदपाल सिंह, विजयपाल और सत्यवीर ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पत्रकार के भाई मनोज कुमार सिंह ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। सरोज कुमार सिंह ने बताया कि समाचार प्रकाशन के बाद से उन्हें और उनके परिवार को लगातार खतरा महसूस हो रहा है। उन्होंने पुलिस से अपनी और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। संबंधित प्रकरण में पचदेवरा थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर वेदपाल सिंह, विजयपाल और सत्यवीर के खिलाफ ब्‍न्‍हस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक पप्पू राम को सौंपी गई है। जांच के आधार पर आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बेनीगंज क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसा, ग्रामीणों में आक्रोश

**हरदोई।** कोतवाली बेनीगंज क्षेत्र के बसेन गांव निवासी लगभग 55 वर्षीय राम भजन पुत्र पोहकर की सड़क पार करते समय तेज रफ्तार लोडर डीसीएम की टक्कर से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मृतक का शव क्षण भर में क्षत-विक्षत हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने बरौली बाजार में प्रताप नगर-माधवगंज मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभालते हुए लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक बरौली बाजार मुख्य सड़क मार्ग पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा रही और क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल



बना हुआ था। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले विद्यालय



**माधोगंज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सदरियापुर में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पुनः विद्यालय खुलने पर प्रातः कालीन गतिविधियां के साथ मां सरस्वती व के पूजन के उपरांत बच्चों को तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश की गतिविधियां साझा की गई। छूटे हुए बच्चों को आई कार्ड वितरण किया गया। आज बच्चों को इंडोर गेम्स खिलवाया गया। दिये गये होमवर्क भी चेक किया गया, अच्छे कार्य करने वाले बच्चों को मीना मंच दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा।प्रभारी प्रधानाध्यापक नीरज गुप्ता, सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक गौरव कुमार सिंह उपस्थिति रहे।

## चेन्नई में हरदोई के हार्दिक का सम्मान, पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ की मौजूदगी में मिली फेलोशिप डिग्री

**हरदोई।** जनपद के लिए गौरव का क्षण तब आया जब हरदोई निवासी हार्दिक गुप्ता को प्रतिष्ठित आईएफएमआर क्रेआ यूनिवर्सिटी, चेन्नई द्वारा फाइनेंशियल मैनेजमेंट रिसर्च में फेलोशिप डिग्री प्रदान की गई। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले में खुशी का माहौल है।




13 जून को चेन्नई स्थित म्यूजिक एकेडमी, टीटीके रोड में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में हार्दिक को यह सम्मान मिला। समारोह में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु, एयरोस्पेस विशेषज्ञ सत्यनारायण आर. चक्रवर्ती, यूनिवर्सिटी के चांसलर लक्ष्मी नारायण तथा वाइस चांसलर डॉ. निर्मला राव सहित कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं। वाइस चांसलर डॉ. निर्मला राव ने हार्दिक गुप्ता को फेलोशिप डिग्री प्रदान की।

हार्दिक, हरदोई के लखनऊ रोड निवासी वरिष्ठ पत्रकार पी.के. गुप्ता 'बबलू' के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और भाई-बहनों को दिया। गौरतलब है कि कैट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद हार्दिक को वर्ष 1971 में स्थापित प्रतिष्ठित आईएफएमआर संस्थान में प्रवेश मिला था। उनकी इस उपलब्धि को जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## कल संडीला पहुंचेंगी राज्य महिला आयोग सदस्य

**हरदोई।** महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती एकता सिंह 17 जून को हरदोई और संडीला के दौरे पर रहेंगी। एकता सिंह जनपद मुख्यालय स्थित निरीक्षण भवन पहुंचकर महिलाओं से जुड़ी समस्याओं की जनसुनवाई करेंगी तथा विभिन्न मामलों का निरीक्षण करेंगी शाम 4 बजे विकास खंड तहसील संडीला में महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर जागरूकता चौपाल का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी व समस्याएं सुनी जाएंगी।

## सातवें बड़े मंगलवार पर श्रद्धा और सेवा का अनूठा उदाहरण



**हरदोई।** बेनीगंज दुर्घटिया मोड़ पर सातवें बड़े मंगलवार के अवसर पर समाजसेवी श्रीकांत शुक्ला द्वारा विशाल शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच हजारों श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को मीठा एवं शीतल शरबत पिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, युवा एवं भक्तजन उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी के जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।

## चोरी की बैटरी और सोलर पैनल सहित तीन गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** कछौना थाना के अंतर्गत हाइवे के बस शेल्टर से बैटरी और सोलर पैनल चोरी के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर चोरी की बैटरी और सोलर पैनल बरामद किये हैं।

प्राप्त विवरण में 14 जून को अवनीश कुमार राय निवासी हाईवेज प्रा0 लि0 हरदोई द्वारा थाना कछौना पर तहरीर दी गयी कि राष्टीय राजमार्ग सं0 731 ग्राम तेवरी स्थित बस शेल्टरों पर स्थापित सोलर लाइटों को क्षतिग्रस्त कर बैटरी एवं अन्य उपकरण चोरी किए गए। इस सम्बन्ध में थाना कछौना पर आरोपियों के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 पंजीकृत किया गया है।



थाना कछौना पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित प्रकाश में आये रौनक तिवारी पुत्र सुमन कुमार तिवारी निवासी ग्राम जासू थाना बघौली, सूरज तिवारी पुत्र मुकेश तिवारी निवासी आमताली थाना बघौली और सुमित कश्यप पुत्र राम निवासी ग्राम सुन्नी थाना बघौली को चोरी किए गए 10 अदद बैट्री, 04 अदद सोलर पैनल व घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि उनके द्वारा 8 जून को थाना संडीला क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731 पर ग्राम नारायनपुर बस शेल्टर से सोलर लाइट व बैटरी चोरी की गई थी।29 मई को थाना सुरसा क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731 पर ग्राम सिंधुआ मऊ बस शेल्टर से सोलर लाइट व बैटरी चोरी की गई थी। 24 अप्रैल को थाना बघौली क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731 पर ग्राम लोधी बस शेल्टर से सोलर लाइट व बैटरी चोरी की गई थी। उक्त तीनों मामलों में संबंधित थाने पर अभियोग पंजीकृत किये गए थे।

## सातवें बड़े मंगलवार पर श्रद्धा और सेवा का अनूठा उदाहरण

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** बघौली के गोपार में स्थित नयारा पेट्रोल पंप पर सातवें बड़े मंगलवार के अवसर पर पेट्रोल पंप मैनेजर तुषार शर्मा के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सब्जी पूडी का वितरण किया गया। भीषण गर्मी के बीच हजारों श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को पूरी सब्जी वितरण कर सेवा भाव का परिचय दिया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, युवा एवं भक्तजन उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी के जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। इस पुनीत अवसर पर श्री रमाकांत मिश्रा ने कहा कि बड़े मंगलवार पर सेवा करना सौभाग्य की बात है और आगे भी जनसेवा के ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे इस कार्यक्रम में समस्त बघौली के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## सण्डीला में आउटर रिंग रोड परियोजना का हुआ भूमि पूजन

**सण्डीला।** नगर की वर्षों पुरानी यातायात समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्थानीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने नई तहसील के पास आउटर रिंग रोड परियोजना का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजित भंडारे में भाग लिया और क्षेत्रवासियों से संवाद कर विकास कार्यो की जानकारी साझा की पहले चरण में बनेंगे तीन प्रमुख मार्ग परियोजना के प्रथम चरण में तीन महत्वपूर्ण संपर्क मार्गो का निर्माण कराया जाएगा हरदोई नेशनल हाईवे से सेंथरेसा बाईपास तक सण्डीला तहसील के पास से बेगमगंज तक सांक रोड से इमलियाबाग बाईपास तक कैसी होगी सड़क मिली जानकारी के अनुसार निर्माणाधीन सड़कों की चौड़ाई 3.75 मीटर होगी, जबकि दोनों ओर लगभग डेढ़-डेढ़ मीटर कच्ची पटरी बनाई जाएगी। इससे छोटे लोडर, ई-रिक्शा, ट्रैक्टर ट्रॉली और अन्य हल्के वाहन आसानी से आवागमन कर सकेंगे नगर के भीतर घटेगा यातायात दबाव

आउटर रिंग रोड बनने के बाद भारी और स्थानीय यातायात का बेहतर विभाजन होगा, जिससे नगर के मुख्य बाजारों और व्यस्त मार्गो पर लगने वाले जाम में कमी आने की उम्मीद है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यह परियोजना सण्डीला की यातायात व्यवस्था को नई दिशा देगी विधायक ने क्या कहा विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए यह परियोजना एक मील का पत्थर साबित होगी आने वाले समय में इससे व्यापार, आवागमन और स्थानीय विकास को भी गति मिलेगी सण्डीला के विकास की राह में यह परियोजना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, जिससे नगर को जाम की समस्या से काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

## वादी ने पप्पू दीक्षित का नाम लिखाने से किया इंकार

**शाहाबाद (हरदोई)।** परियल प्रकरण से अलग जुड़े एक अन्य विवाद को लेकर दर्ज कराए गए मुकदमे में पत्रकार पप्पू दीक्षित का नाम बढ़ाए जाने के परिणामस्वरूप वादी द्वारा लिखे गए शपथपत्र प्रस्तुत कर यह दावा किए जाने की चर्चा है कि उसने अपनी मूल तहरीर अथवा शिकायत में पत्रकार पप्पू दीक्षित का नाम नहीं लिखवाया था। शपथपत्र में यह भी कहा गया कि घटना तथा कथित अवैध गतिविधियों से पप्पू दीक्षित का कोई संबंध नहीं था। इस शपथपत्र के सामने आने के बाद मामले में नया कानूनी और तथ्यात्मक विवाद खड़ा हो गया है। सवाल उठ रहे हैं कि यदि वादी के अनुसार मूल शिकायत में नाम नहीं था, तो फिर उनका नाम मुकदमे में किस आधार पर शामिल किया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस एवं विवेचना से जुड़े अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई विस्तृत सार्वजनिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। मामले को लेकर विभिन्न सामाजिक और पत्रकार संगठनों के बीच भी चर्चा है। कई लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा मुकदमे में नाम शामिल किए जाने की परिस्थितियों को स्पष्ट किए जाने की मांग की है और आईपीएस एएसपी सहित कोतवाली पुलिस और हरदोई पुलिस पर कार्यवाही की मांग की है, इस मामले में लोग उच्च शिक्षा राज्य मन्त्री की भूमिका पर भी सवाल उठा रहे हैं।

# परियल प्रकरण में नया विवाद : पत्रकार पर मुकदमे को लेकर उठे सवाल, प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के आरोप

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद (हरदोई)।** परियल गांव में एसडीएम प्रकरण और आठ वर्षीय रूबी की मौत को लेकर शुरू हुआ विवाद अब एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। मामले में पहले प्रकाशित समाचारों के बाद संबंधित पत्रकार पर मुकदमा दर्ज होने से क्षेत्र में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पत्रकार और उसके समर्थकों का आरोप है कि यह कार्रवाई प्रतिशोध की भावना से की गई है, जबकि पुलिस प्रशासन इस आरोप को पूरी तरह निराधार बता रहा है।

ज्ञात हो कि परियल गांव में एसडीएम शाहाबाद पर हुए कथित पथराव और मारपीट की घटना के बाद पुलिस की व्यापक कार्रवाई चर्चा का विषय बनी थी। इसी दौरान गांव निवासी राममोहन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने अपनी आठ वर्षीय पुत्री रूबी की मौत को पुलिस कार्रवाई से जोड़ते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। वीडियो वायरल होने के बाद पूरे प्रकरण ने व्यापक जनचर्चा का रूप ले लिया था।

इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से सफाई देते हुए कहा था कि बच्ची पहले से बीमार थी तथा उसकी मौत का पुलिस कार्रवाई से कोई संबंध नहीं है। प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद समेत अन्य अधिकारियों ने भी आरोपों का खंडन किया था। वहीं कुछ ग्रामीणों और चिकित्सकों के वीडियो भी सामने आए, जिनमें पुलिस के पक्ष में बातें कही गईं। अब मामले में नया विवाद तब खड़ा हुआ जब संबंधित पत्रकार ने आरोप लगाया कि बच्ची की मौत को लेकर उठे सवालों के बाद पुलिस ने अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए दबावपूर्वक बयान और वीडियो जारी करवाए। पत्रकार का दावा है कि उसके बाद पूर्व में प्रकाशित समाचारों का खंडन कराने का प्रयास किया गया और अंततः उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया।

पत्रकार समर्थकों और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि किसी समाचार से असहमति थी तो उसका वैधानिक खंडन या कानूनी उत्तर दिया जा सकता था, लेकिन पत्रकार पर मुकदमा दर्ज होना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और निष्पक्ष पत्रकारिता से जुड़ा प्रश्न खड़ा करता है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की है। दूसरी ओर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून के अनुसार जो भी कार्रवाई की गई है, वह उपलब्ध तथ्यों और शिकायतों के आधार पर की गई है। अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के आरोपों को अस्वीकार किया है। परियल प्रकरण अब केवल एसडीएम पर हमले या रूबी की मौत तक सीमित नहीं रह गया है। यह मामला प्रशासनिक कार्रवाई, पुलिस कार्यप्रणाली, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा पत्रकारों की सुरक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण सवालों को जन्म दे रहा है। क्षेत्र के लोगों की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होती है या नहीं और उठ रहे सवालों के जवाब किस प्रकार सामने आते हैं। फिलहाल मामले को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है तथा विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक वर्गों द्वारा पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

## दो निरीक्षक व सात उपनिरीक्षकों के तबादले

**हरदोई।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने जिले की पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल किया है। प्रशासनिक आधार पर साण्डी थानाध्यक्ष बसन्त राम कुशवाहा को हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उनके स्थान पर पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक समर बहादुर सिंह को साण्डी थाने का नया कार्यवाहक थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उपनिरीक्षक नीरज कुमार को थाना साण्डी से पुलिस लाइन भेजा गया है, जबकि विनय कुमार को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर थाना सण्डीला की कताई मिल चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा अमरेश कुमार को पुलिस लाइन से थाना शाहाबाद, प्रदीप कुमार सिंह को थाना टड़ियावां, प्रेमचन्द्र को थाना साण्डी, सुरेन्द्र कुमार यादव को थाना कछौना तथा त्रियुगी नारायण को थाना हरियावां में नई तैनाती दी गई है। पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन तैनाती स्थलों पर कार्यभार ग्रहण करने तथा आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिस बल के साथ कोतवाल ने किया फ्लैग मार्च

स्वतंत्र भारत

**पिहानी।** मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुलिस अधीक्षक का कस्बा निरीक्षण प्रस्तावित था, लेकिन कार्यक्रम निरस्त होने के बाद पिहानी कोतवाली प्रभारी ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने प्रमुख मार्गों, इमामबाड़ों, मस्जिदों तथा जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया और लोगों से शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से होकर निकले फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी से आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा। प्रशासन द्वारा मोहर्रम के सभी कार्यक्रमों पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## जहानीखेड़ा मोड़ पर हादसे में मां-बाप बेटी की मृत्यु

**हरदोई।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर जहानीखेड़ा मोड़ के पास हुए भीषण सड़क हादसे में सुल्तानपुर का एक परिवार बिखर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस दर्दनाक हादसे में विमल सिंह (40 वर्ष), उनकी पत्नी वंदना सिंह पटेल (30 वर्ष) और उनकी 22 वर्षीय बेटी आलीख्या वर्मा की सांसें हमेशा के लिए थम गईं। हादसे में घायल वीर पटेल, रुबी और उनके मामा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। दोनों भाई-बहन दर्द से कराहते रहे, उनके टूटे हुए पैर और अपनों को खोने का गम देखकर मौजूद लोगों की आंखें भर आईं। वहीं मामा के सिर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए सभी को शाहजहांपुर रेफर कर दिया।

## होर्मुज से जल्द निकलेंगे 34 भारतीय जहाज



**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है। समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित होगी। इसका असर भी दिखना शुरू हो गया है। दरअसल तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ला रहे भारतीय टैंकर दिशा ने सुरक्षित होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर लिया है। भारत आ रहे 34 अन्य जहाजों के भी जल्द होर्मुज पार करने की उम्मीद है। ये जहाज पश्चिम एशिया संकट के चलते होर्मुज में फंसे हैं। होर्मुज में फंसे 34 जहाजों में से 16 जहाज ऐसे हैं, जो फर्टिलाइजर लेकर भारत आ रहे हैं। इन 16 जहाजों में से 8 पर यूरिया, चार पर डाइ-अमोनियम फॉस्फेट और तीन पर सल्फर और एक पर अमोनिया लदा है। अगर समझौते के तहत सबकुछ सही रहता है और होर्मुज खुलता है तो जल्द ही भारत के करोड़ों किसानों को खेती के लिए फर्टिलाइजर मिल सकते हैं। हालांकि अभी हालात सामान्य होने में वक्त लग सकता है। पश्चिम एशिया में युद्ध के दौरान ऊर्जा केंद्रों को निशाना बनाया गया। पश्चिम एशिया की कई अहम रिफाइनरियां और गैस प्लांट हमलों में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिससे युद्ध समाप्त होने के बाद भी आपूर्ति सामान्य होने में कई महीनों का वक्त लग सकता है। कतर का रास लफ्फान प्लांट हमले में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है और वहां से ईंधन आपूर्ति सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। भारत के इस गैस प्लांट से एलपीजी आपूर्ति का कॉन्ट्रैक्ट है, ऐसे में हालात सामान्य होने में अभी वक्त लगेगा। भारत अपनी जरूरत का 88 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। इसमें से करीब आधा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आपूर्ति होता है। साथ ही भारत के कुल आयात की 60 प्रतिशत से ज्यादा एलएनजी भी होर्मुज से गुजरकर भारत आती है। यही वजह है कि पश्चिम एशिया संकट के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से भारत को होने वाली तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई। होर्मुज से पार हुआ दिशा टैंकर 18 जून तक भारत आ सकता है और इस पर 62,370 टन एलएनजी है।

## अमेरिका-ईरान में पीस डील पर डिजिटल साइन हुए

**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका-ईरान समझौता पूरा हो चुका है और इस पर शुक्रवार को

- 19 जून को औपचारिक डील
- ईरान को 28 लाख करोड़ हर्जाना दे सकता है अमेरिका

स्विट्जरलैंड के जेनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होंगे। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प, जेडी वेंस और ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ डिजिटल रूप से समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। हालांकि, समझौते का पूरा मसौदा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। ट्रम्प ने कहा कि दस्तावेज शुक्रवार के बाद जारी किया जाएगा।




मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि दोनों देशों के बीच 14 पॉइंट वाला एक शुरुआती मसौदा तैयार हुआ है, जिस पर आगे तकनीकी स्तर की बातचीत होगी। वहीं कुछ रिपोर्टों के मुताबिक ईरान को आर्थिक सहायता के लिए करीब 28 लाख करोड़ रुपए का पैकेज मिल सकता है, हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ किया कि ईरान को प्रतिबंधों से राहत तभी मिलेगी, जब वह समझौते की सभी शर्तों का पालन करेगा। अमेरिका ने फिलहाल किसी भी तत्काल आर्थिक राहत से इनकार किया है।

## 'अफगानिस्तान में रोकें महिलाओं पर कार्रवाई'

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर अफगानिस्तान के तालिबान शासकों से महिलाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों को शीघ्र वापस

- संयुक्त राष्ट्र का तालिबान से आग्रह

लेने और देश में सक्रिय उन उग्रवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का आह्वान किया है। इस प्रस्ताव को प्रायोजित करने वाले चीन के संयुक्त राष्ट्र राजदूत फू कोंग ने कहा कि उम्मीद है कि अफगान सरकार मानवाधिकारों, विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अधिक सक्रिय कदम उठाएगी और खुलेपन, समावेशिता तथा जिम्मेदारी की छवि पेश करेगी।

प्रस्ताव के तहत अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक मिशन की अवधि 17 जून 2027 तक बढ़ा दी गई है। साथ ही मिशन को बिना किसी भेदभाव के मानवीय सहायता पहुंचाने तथा राष्ट्रीय और स्थानीय प्रशासन को बढ़ावा देने का अधिकार दिया गया है, जिसमें लिंग, धर्म या जातीयता के आधार पर कोई भेदभाव न हो और महिलाओं, अल्पसंख्यकों, युवाओं तथा दिव्यांग व्यक्तियों की पूर्ण, समान, सार्थक और सुरक्षित भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह प्रस्ताव ऐसे समय पारित किया गया है जब इस महीने पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात शहर में तालिबान के सख्त ड्रेस कोड के कथित उल्लंघन के आरोप में कम से कम 30 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया था। संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) के अनुसार, इन गिरफ्तारियों के विरोध में हुए एक दुर्लभ प्रदर्शन को तालिबान पुलिस ने बलपूर्वक तितर-बितर कर दिया था। इस दौरान गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

## ईरान से समझौते के बाद भी अमेरिका के हाथ खाली

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इस समझौते के बाद भी अमेरिका के हाथ खाली हैं और अमेरिका अपने कोई भी लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि दोनों देशों के बीच शांति

- विशेषज्ञ बोले- उल्टा यूएस को नुकसान ही उठाना पड़ा

समझौता केवल युद्ध की पूर्व यथास्थिति की बहाली है। अगले 60 दिनों में होने वाली बातचीत तय करेगी कि अमेरिका को इस युद्ध और तबाही से कुछ हासिल होगा भी या नहीं। यह बात सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के पश्चिम एशिया प्रोग्राम के वरिष्ठ फेलो विल टॉडमैन ने कही।

**युद्ध के पूर्व स्थिति ही बहाल हो पाई**

टॉडमैन के अनुसार, इस समझौते का मुख्य उद्देश्य युद्धविराम और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना है, जिससे स्थिति अमेरिका और



इस्राइल द्वारा ईरान पर हमले से पहले जैसी ही होगी। उन्होंने कहा, इस समय तक अमेरिका, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्ध शुरू करते समय तय किए गए किसी भी प्रमुख लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाया है। अमेरिका और ईरान रविवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने पर सहमत हुए। इस कदम से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक के जरिए तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति फिर शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि समझौते का पूरा विवरण अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। ईरान ने संकेत दिया है कि औपचारिक हस्ताक्षर समारोह के बाद ही समझौते को लागू किया जाएगा। औपचारिक समारोह शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में आयोजित होगा। समझौते में ईरान के उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम भंडार और उसके परमाणु कार्यक्रम से जुड़े लंबित मुद्दों पर बातचीत के लिए 60 दिनों की समय-सीमा भी तय की गई है। अमेरिका और इस्राइल ने 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। उन्होंने कहा कि अगले 60 दिनों की बातचीत यह तय करेगी कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम के संबंध में अमेरिका अपने लक्ष्यों को हासिल कर पाता है या नहीं। विशेषज्ञ के अनुसार तीन महीने से अधिक चले युद्ध ने अमेरिका के अपने प्रमुख क्षेत्रीय साझेदारों और सहयोगियों के साथ संबंधों को भी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि अरब खाड़ी देशों को महसूस हुआ कि अमेरिका ने युद्ध से पहले और उसके दौरान उनकी चिंताओं और हितों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया। इसी कारण ये देश अपनी सुरक्षा साझेदारियों में विविधता लाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं ताकि अमेरिका पर निर्भरता कम की जा सके।

### अमेरिका-इस्राइल के संबंधों में भी उभरे मतभेद

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और इस्राइल के हितों के बीच अभूतपूर्व मतभेद उभरते दिखाई दे रहे हैं। इस्राइली सरकार को आशंका है कि यह समझौता उसकी सुरक्षा के लिए ईरान से उत्पन्न खतरे को पूरी तरह खत्म नहीं करता और भविष्य में उस खतरे के खिलाफ कार्रवाई की उसकी क्षमता को भी सीमित कर सकता है।

## 'अधूरे सुधार से नहीं बदलेगी सुरक्षा परिषद की तस्वीर'

### अस्थायी सीट विस्तार पर भारत की चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि केवल दो साल के कार्यकाल वाली अस्थायी सदस्यता श्रेणी के विस्तार को ही सहमति का संकेत मानना पूरी तस्वीर का केवल एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि देश और समूह इस विस्तार के साथ कई शर्तें और जुड़े हुए मुद्दे भी जोड़ते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार केवल अस्थायी सदस्य देशों की संख्या बढ़ाने तक सीमित रह गया, तो यह सुधार अधूरा और लगभग असफल माना जाएगा, क्योंकि इससे यूएनएसी की असली निर्णय लेने वाली शक्ति संरचना (यानी स्थायी पांच देशों का नियंत्रण) नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि देश और समूह बहुत लंबे समय से वास्तविक और सार्थक सुधारों का इंतजार कर रहे हैं।

राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि अंतर सरकारी वार्ता प्रक्रिया को संयुक्त राष्ट्र की अन्य प्रक्रियाओं से अलग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी वार्ताओं का आधार एक लिखित प्रस्ताव होना चाहिए, जिस पर सभी समूह और सदस्य देश अपनी राय देते हैं। हरीश ने आगे कहा, इसलिए सह-अध्यक्षों को चाहिए कि वे एक स्पष्ट लिखित प्रस्ताव तैयार करने में नेतृत्व करें। इस प्रस्ताव में स्पष्ट लक्ष्य, चरण और समय सीमा तय होनी चाहिए, ताकि सभी देश और समूह व्यवस्थित और परिणाम देने वाली बातचीत कर सकें। इसके बाद जरूरत पड़ने पर कोई बीच का रास्ता भी निकाला जा सकता है।

## परमाणु मुद्दे से बड़ी है जंग रोकने की अग्निपरीक्षा

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते का जो ढांचा तय हुआ है, उसको पश्चिम एशिया में स्थायी शांति बहाली की

- निर्णायक होगी 60 दिन की अवधि

कसौटी पर परखने के लिए 60 दिन की अवधि तय की गई है। यहां तक पहुंचने के लिए अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर अपने रुख को काफी नरम किया है। ईरान पर समझौते के लिए सबसे पहले परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह बंद करने की शर्त नहीं थोपी गई है। बल्कि बातचीत के लिए उसे पूरा समय दिया। जाहिर तौर पर पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट बीच ईरान का परमाणु कार्यक्रम एक बड़ा मुद्दा रहा है। लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि समझौते से पुख्ता समाधान तक पहुंचने के लिए तय की गई 60 दिन की अवधि परमाणु मुद्दे से कहीं ज्यादा जंग को स्थायी रूप से रोकने की अग्निपरीक्षा है। अगले दो महीनों में तय होगा कि अमेरिका और ईरान के बीच परस्पर भरोसा कितना मजबूत होता है। समझौता मानने से इन्कार कर चुका इस्राइल आगे क्या रुख अपनाता है। बम, ड्रोन और मिसाइलों के इस्तेमाल में कितना संयम बरता जाता है, और समझौते की शर्तों का कितनी शिद्दत से पालन किया जाता है, क्योंकि यही पश्चिम एशिया में शांति की राह तय करने में निर्णायक साबित होगा। परमाणु मुद्दे पर ईरान का पलड़ा भारी : यह बात काफी हद तक साफ हो चुकी है कि अमेरिका-इस्राइल युद्ध अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहा। इसके विपरीत, ईरान अभूतपूर्व भू-राजनीतिक फायदा उठाने में सफल रहा। परमाणु वार्ता पर उसकी स्थिति मजबूत हुई है। यह समझौता परमाणु मुद्दे को युद्ध से पहले (27 फरवरी की स्थिति) की स्थिति पर छोड़ देता है। युद्ध से पहले अमेरिका के पास ईरान पर दबाव बनाने के दो मुख्य साधन थे। कड़े आर्थिक प्रतिबंध, जिन्होंने ईरान को वैश्विक अर्थव्यवस्था से अलग-थलग कर दिया था और परमाणु ठिकानों को नेस्तनाबूद करना। जून 2025 में ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के दौरान नातंज, इस्फहान और फोर्डो में ईरान के परमाणु केंद्रों को भारी नुकसान पहुंचाना इसका प्रमाण है। ईरान ने इस पूरी जंग के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपने नियंत्रण के जरिये अमेरिका के दबाव को काफी कम कर दिया। उसने अमेरिकी सहयोगियों के सैन्य और ऊर्जा ठिकानों को जमकर नुकसान पहुंचाया। ईरान ने अमेरिका-इस्राइल के मुकाबले दोगुने ठिकानों को तबाह करके अपनी ताकत साबित की है।

### चार बातों पर टिका समाधान

इस्राइल की आक्रामक कार्रवाइयों पर अमेरिका किस हद तक नियंत्रण रख पाता है।
अमेरिकी नौसेना ईरानी समुद्री क्षेत्र के पास अपनी नाकेबंदी कितनी तेजी से हटाती है।
अमेरिका और उसके अरब सहयोगी ईरान के फंड को कितनी जल्दी जारी करते हैं।
क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य वापसी का दायरा कितना बड़ा और वास्तविक होता है।

## ईरान को किसी भी हाल में परमाणु हथियार नहीं रखने देंगे : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को किसी भी हाल में परमाणु हथियार नहीं रखने दिए जाएंगे, चाहे शांति समझौता हो या नहीं। उनका यह बयान तब आया है, जब पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच एक समझौते पर सहमति बनी है। नेतन्याहू ने कहा कि उनका पूरा राजनीतिक जीवन ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लक्ष्य पर केंद्रित रहा है। उन्होंने इसे अपने जीवनभर की जिम्मेदारी बताया। उन्होंने साफ कहा कि जब तक वह प्रधानमंत्री हैं, ईरान को परमाणु हथियार नहीं हासिल करने देंगे। उधर, अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें भविष्य की बातचीत और सहयोग का ढांचा तय किया गया है। इस ढांचे में ईरान के सहयोग के आधार पर उस पर लगे प्रतिबंधों में राहत और आर्थिक संबंध बढ़ाने की संभावना है, खासकर अगर वह परमाणु शर्तों और क्षेत्रीय सुरक्षा नियमों का पालन करेगा।

## आतंकवाद के खिलाफ साथ आए भारत-स्लोवाकिया

**ब्रातिस्लावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्लोवाकिया की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान भारत और स्लोवाकिया ने अपने रिश्तों

- शिक्षा-रोजगार समेत 11 क्षेत्रों में हुए बड़े करार

को एक नई ऊंचाई दी है। दोनों देशों ने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी में बदल दिया है। विदेश मंत्रालय के सचिव सिबी जॉर्ज ने एक मीडिया वार्ता में इस यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग को एक नई गति देगी।

इस यात्रा का सबसे बड़ा फैसला आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ना है। भारत और स्लोवाकिया ने आतंकवाद विरोधी सहयोग के लिए एक संयुक्त कार्य समूह बनाने पर सहमति जताई है। साथ ही दोनों देशों ने सीमा पर आतंकवाद सहित इसके सभी रूपों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने पहलागम में हुए आतंकी हमले की भी निंदा की।



इसके अलावा, दोनों देशों के बीच कांसुलर संवाद तंत्र भी शुरू किया जाएगा। स्लोवाकिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का भी समर्थन किया है। स्लोवाकिया का मानना है कि सुरक्षा परिषद का विस्तार होना चाहिए और इसमें भारत जैसे देशों को जगह मिलनी चाहिए। साथ ही स्लोवाकिया के पीएम फिको ने भारतीय कारोबारियों को स्लोवाकिया में निवेश करने का खुला न्योता दिया।

साल 1993 में स्लोवाकिया की आजादी के बाद यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ विस्तार से बातचीत की। उन्होंने राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी से भी मुलाकात की। इन नेताओं ने आपसी हितों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। इसमें यूक्रेन संघर्ष, पश्चिम एशिया के हालात और भारत-यूरोपीय संघ (E) के रिश्तों जैसे अहम विषय शामिल थे।

### पीएम मोदी को मिला स्लोवाकिया का सर्वोच्च सम्मान

**अब तक 33 देशों ने किया सम्मानित**

स्लोवाकिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से सम्मानित किया है। स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को किसी देश द्वारा प्रदान किया गया यह 33वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान बन गया है। द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास) स्लोवाक गणराज्य का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है। यह सम्मान स्लोवाकिया के राष्ट्रपति द्वारा विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है। यह सम्मान उन विदेशी नेताओं और हस्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने स्लोवाकिया के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत बनाने में असाधारण योगदान दिया हो। साथ ही, देश के विदेश नीति संबंधी हितों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय समर्थन दिया हो। पीएम नरेंद्र मोदी ने स्लोवाकिया द्वारा सर्वोच्च सम्मान दिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ब्रातिस्लावा में द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास) का सम्मान प्राप्त करके मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत की 140 करोड़ जनता के इस सम्मान के लिए मैं स्लोवाकिया की जनता और सरकार का आभारी हूं। मैं यह पुरस्कार भारत और स्लोवाकिया के बीच अटूट मित्रता को समर्पित करता हूं।

**विश्लेषण** | अमेरिकी विशेषज्ञ ने फासीवादी इटली से की तुलना

## 'पाकिस्तान भरोसे लायक नहीं, तीन बार यूएस को दे चुका धोखा'

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विश्लेषक माइकल रुबिन ने ईरान और अमेरिका के बीच जारी कूटनीतिक प्रयासों में पाकिस्तान की भूमिका पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा है कि ईरान संकट के समाधान के लिए पाकिस्तान पर भरोसा करना, ऐसा ही है जैसे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी की समस्या सुलझाने के लिए फासीवादी इटली पर निर्भर रहना।

अमेरिका के मिडिल ईस्ट फोरम में नीति विश्लेषण निदेशक माइकल रुबिन ने एजेंसी के साथ बातचीत में कहा कि पाकिस्तान को भरोसेमंद मध्यस्थ नहीं माना जा सकता, क्योंकि उसने अतीत में कई बार अमेरिका के हितों को नुकसान पहुंचाया है। रुबिन ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप न केवल बातचीत की मेज पर ईरान के सामने कमजोर साबित



हुए, बल्कि उन्होंने मध्यस्थों के चयन में भी गलती की है। कतर और खासकर पाकिस्तान को मध्यस्थ बनाना गंभीर भूल है। ईरान समस्या के समाधान के लिए पाकिस्तान पर निर्भर रहना वैसा ही है जैसे फ्रैंकलिन रूजवेल्ट द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी से निपटने के लिए फासीवादी इटली पर भरोसा करते थे।

रुबिन ने कहा कि किसी भी विवाद में ऐसा मध्यस्थ नहीं चुना जाना चाहिए जो आपकी हार चाहता हो, लेकिन अमेरिका बार-बार वही गलती दोहरा रहा है।

पाकिस्तान ने तालिबान को समर्थन देकर और अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को अपने क्षेत्र में शरण देकर अमेरिका के भरोसे को कई बार तोड़ा है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने तालिबान के मामले में अमेरिका को धोखा दिया। ओसामा बिन लादेन को पनाह देकर भी उसने अमेरिका के साथ विश्वासघात किया। अब वह फिर वही कर रहा है। यह विडंबना है कि पाकिस्तान इस पूरी स्थिति में फायदे में है। पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक ए.क्यू. खान ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को शुरुआती आधार देने में भूमिका निभाई थी। रुबिन ने दावा किया कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए भी पर्दे के पीछे ऐसा माहौल बनाए रखेगा, जिससे कोई स्थायी समझौता न हो सके और क्षेत्र में अस्थिरता बनी रहे। उन्होंने कहा, यह समझना जरूरी है कि पाकिस्तान भले ही मध्यस्थ के रूप में सामने हो, लेकिन वह यह सुनिश्चित करेगा कि अंतिम समझौता कभी न हो। वह ऐसे हालात बनाए रखना चाहेगा, जहां लगातार तनाव और अराजकता बनी रहे। वह एक साथ आग लगाने वाले और आग बुझाने वाले दोनों की भूमिका निभाकर दोनों तरफ से फायदा उठाना चाहता है। रुबिन की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते पर इस सप्ताह जिनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होने की संभावना जताई जा रही है।


### बाजार दर्पण

